मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.7 | 26.1 |
| जमशेदपुर | 34.4 | 25.6 |
| डालटनगंज | 33.2 | 26.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार



पेज 09

www.lagatar.in रांची, मंगलवार 10 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 153 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,400 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

## ब्रीफ खबरें

### वेलकम गेट गिरा बाल-बाल बचे नीतीश

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार एक हादसे में बाल-बाल बच गए. सोमवार को नीतीश बाढ़ और मोकामा पहुंचे थे. बाढ़ के बेलछी प्रखंड में कई प्रोजेक्टस का सीएम उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसके बाद जैसे ही उनका काफिला ब्लॉक ऑफिस से निकलने वाला था कि वहां बना वेलकम गेट गिर गया. इसके बाद थोड़ी देर तक काफिला रुका रहा. सुरक्षा में तैनात अधिकारियों और कुछ लोगों ने आनन-फानन में दौड़ कर गेट को उठाया. हादसे के वक्त नीतीश की गाड़ी पीछे थी.

### महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है. अस्पताल ने बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है. मेदांता के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि महंत को पेशाब और खाने में दिक्कत हो रही है और फिलहाल डॉक्टरों की टीम उनकी देखरेख कर रह है. उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

### दिल्ली में इस साल भी पटाखों पर बैन

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में इस साल भी पटाखों पर बैन लगा दिया गया है. यह आदेश सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने जारी करते हुए कहा, हम दिल्लीवासियों से यही कहना चाहते हैं कि दीए जला कर और मिठाई बांट कर त्योहार मनाएं. हमें त्योहार को धूमधाम से मनाना है. लेकिन, उतनी ही जिम्मेदारी से प्रदूषण पर भी लगाम लगानी है.

### देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि

**नयी दिल्ली।** भारत में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि हो गई है. केंद्र सरकार ने एमपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि कर दी है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एमपॉक्स को लेकर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एडवायजरी भी जारी की है. एमपॉक्स वायरस से जूझ रहे विदेश से लौटे एक शख्स को अस्पताल में अलग रखा गया है. संक्रमण की पुष्टि उसके नमूनों की जांच से हुई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि चिंता की कोई बात नहीं है.

### वियतनाम में यागी तूफान, 59 लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में तूफान यागी और इसके कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है. आपदा की चपेट में आने से देश के उत्तरी क्षेत्र में 59 लोगों की मौत हो गई और कई लोग लापता हैं. प्राकृतिक आपदाओं के कारण 247 लोग घायल हुए हैं. इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22,000 हेक्टेयर से अधिक अन्य फसलों के खेतों को नुकसान पहुंचा है.

## असम और एमपी के राजनीतिक गिद्ध झारखंड में मंडरा रहे

# सावधान रहिएगा : हेमंत



**प्रमुख संवाददाता। रांची/ गिरिडीह**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव की घंटी बजने वाली है. उससे पहले ही राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं. कोई असम से आ रहा है, तो कोई मध्य प्रदेश से आ रहा है. अभी छोटा-छोटा गिद्ध आ रहा है, लेकिन कुछ दिन बाद से बड़ा-बड़ा गिद्ध झारखंड में नजर आएगा. ये लोग आपके बीच में जूठा खाना परोसेगा, झूठ का आश्वासन देगा और आपको दिग्भ्रमित करेगा. कोई जात के नाम पर, कोई धर्म के नाम पर, कोई अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर बरगला कर आपसे वोट मांगेगा. इसलिए आपलोग सावधान रहिएगा. गिरिडीह के गांडेय में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बातें कहीं. उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके निशाने पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा थे.

हेमंत ने कहा कि पूर्व की सरकार ने यहां के अधिकतर पात्र लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा. पहले गांव के कुछ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिल पाती थी, लेकिन अब आपकी सरकार ने ऐसा कानून बना दिया कि अब गांव में जितने भी वृद्धजन हैं सभी को पेंशन प्राप्त हो रहा है. आज हरेक दिव्यांगजन एवं विधवा माता-बहनों सहित पात्र सभी लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि निर्धारित समय पर मिल रही है. अब सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उनकी सरकार किसानों के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है, गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है, बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है. बच्चों के पढ़ने के लिए निजी स्कूल के तर्ज पर स्कूलों का निर्माण किया गया. राज्य में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. आज उनकी सरकार गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. महिलाओं का सशक्तीकरण सुनिश्चित हुआ है. आज राज्य सरकार गांव-देहात से चल रही है. इस अवसर पर मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री इरफ़ान अंसारी, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज़ अहमद, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी तथा गिरिडीह एवं धनबाद जिले के उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

- शेष पेज 07 पर

### बोले सीएम

- ढिबरी लेकर भी खोजेंगे तो बिना पेंशन वाला बुजुर्ग नहीं मिलेगा
- **राज्यहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए**
- हर वर्ग को मिला लाभ, महिलाओं के चेहरे पर दिखी मुस्कान
- **अब झारखंड के कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे हैं**

### मिली सौगात

सीएम ने गिरिडीह और धनबाद जिले को 465.14 करोड़ की दी सौगात, 310 योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास एवं दोनों जिलों के 13.06 लाख लाभुकों के बीच 639.16 करोड़ रुपए की बांटी परिसंपत्तियां.

### हम कानून बताते हैं, पर भाजपा के लोग असंवैधानिक बता कर लटका देते हैं

सीएम ने कहा कि हम कानून बनाते हैं, पर भाजपा के लोग इसे असंवैधानिक बता देते हैं. खतियानी कानून बनाते हैं तो भाजपा के लोग कोर्ट में चले जाते हैं. मईयां योजना को लेकर भी कोर्ट चले गए. महिलाओं को सम्मान देने से रोकने के लिए कानून का सहारा ले रहे हैं. इनके पास बड़े-बड़े वकील और जज हैं जो इस्तीफा देकर भाजपा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं.

### आदिवासी को सरना धर्म कोर्ड क्यों नहीं दिया

सीएम ने कहा, यहां घुसपैठिए की बात होती है. कहा जा रहा है कि आदिवासियों की संख्या घट रही है. हम बोलते हैं कि आदिवासी को सरना धर्म कोर्ड क्यों नहीं दिया. विधानसभा से सरना धर्म कोर्ट पास करा कर केंद्र को भेजा. वहां कुंडली मार कर लोग बैठ गए. देश में लैटरल इंट्री के नाम से आदिवासी दलित की जगह पर बैकडोर से लोगों घुसाने की तैयारी हो रही है. झारखंड के पिछड़ों के अधिकार की बात करें तो हमारे पूर्व सीएम ने जो ओबीसी को 27 प्रतिशत का आरक्षण मिलता था, उसको काट कर 14 प्रतिशत कर दिया.

## नहीं हो सका बीमा प्रीमियम जीएसटी घटाने का फैसला, नवंबर में अगली बैठक में निर्णय संभावित, वित्त मंत्री ने बताया ऑनलाइन गेमिंग पर राजस्व 412% तक बढ़ा



नयी दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री के साथ फोटो सेशन कराते परिषद के सदस्य.

# बड़ी राहत: कैंसर की दवाओं व नमकीन पर घटाया जीएसटी

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया. वित्त मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए. उन्होंने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है. वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई.

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा. कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है. जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18% से घटाकर 12% करने का फैसला किया है. सीतारमण के मुताबिक, छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412% बढ़कर 6,909 करोड़ रुपए हो गया है. वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी. दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी. वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद की बैठक के दौरान पेश की गई. उन्होंने कहा कि कैसीनो राजस्व में 30% की वृद्धि हुई है.

### बीमा प्रीमियम पर छूट के लिए करना होगा इंतजार

**बैठक में** हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम भुगतान पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी के घटने पर फैसला नहीं हो पाया है. बैठक में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस के प्रीमियम भुगतान पर लगने वाले जीएसटी को घटाने पर चर्चा हुई, लेकिन इस मुद्दे पर ज्यादा अध्ययन करने के लिए इस मामले को जीओएम के पास भेज दिया गया है. बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी रेट में कटौती पर स्टडी करने के लिए ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाया गया है. इस जीओएम को अक्टूबर 2024 के आखिर तक रिपोर्ट तैयार करना होगा. और नवंबर में जीएसटी काउंसिल की बैठक में इस पर जीएसटी कांउसिल की बैठक में चर्चा होगी. सूत्रों के मुताबिक अधिकतर राज्य बीमा प्रीमियम की दरों में कटौती के पक्ष में हैं. अगर जीएसटी दरें कम की जाती हैं, तो यह लाखों पॉलिसीधारकों के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि प्रीमियम राशि घट जाएगी.



जीएसटी आने से पहले बीमा प्रीमियम पर सेवा कर लगता था. बता दें, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी वित्त मंत्री को पत्र लिख कर इस टैक्स से राहत देने की अपील की थी, तब से ही विपक्ष इस मुद्दे को राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाए हुए हैं. वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी संसद में बजट पर चर्चा के बाद अपने जवाब में इस मुद्दे को जीएसटी काउंसिल में उठाने की बात कही थी.

## झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# कब होगी जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति?

**संवाददाता। रांची**

याचिकाकर्ता श्वेता त्रिपाठी द्वारा सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति को लेकर दाखिल मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को हाईकोर्ट ने जेपीएससी का अध्यक्ष पद खाली रहने पर नाराजगी जताई. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि जेपीएससी अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कब तक की जाएगी. जेपीएससी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि अध्यक्ष का पद 22 अगस्त से रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है. बता दें कि 21 अगस्त 2024 को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा अपने पद से रिटायर हो गईं. नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी की कमान सौंपी गई थी. 22 अगस्त से जेपीएससी के अध्यक्ष का पद ख़ाली है. हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है.

**आज फिर होगी मामले की सुनवाई, 22 अगस्त से रिक्त है अध्यक्ष का पद**

### क्या है मामला

दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी. जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अब तक क्यों नहीं हुआ है. इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है, इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है. कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है. न ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.

## पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साध रहा है. इसी बीच, बिहार की राजधानी पटना में सोमवार की सुबह अपराधियों ने चौक थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि मृतक भाजपा के नेता भी थे. पुलिस के मुताबिक, घटना पटना सिटी के एक रेस्टोरेंट के पास की है. बताया जाता है कि पटना सिटी निवासी श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा अपने कुछ रिश्तेदारों को ऑटो में बिठाने गए थे. इसी क्रम में बाइक सवार बदमाशों ने उनसे सोने की चेन लूटने की कोशिश की. जब इसका उसने विरोध किया तो गोली चला दी गई, जिससे उनकी मौत हो गई. घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी बाइक पर बैठकर मौके से फरार हो गए. फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच की जा रही है. एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज द्वारा अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. पेज 11 भी देखें

- पटना में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

## बड़ी विडंबना: 20 लाख केस में से सिर्फ 9.6 लाख केस का ही निष्पादन

# राज्य भर में 10.21 लाख म्यूटेशन के केस रिजेक्ट

**रवि भारती। रांची**

झारखंड में 10 लाख 21 हजार 506 म्यूटेशन के केस रिजेक्ट कर दिए गए हैं. म्यूटेशन के लिए सोमवार नौ सितंबर तक कुल 19 लाख 99 हजार 476 केस आए. इसमें सिर्फ नौ लाख छह हजार 236 केस का ही निष्पादन हो पाया है. 71,734 केस पेंडिंग हैं. आंकड़े के मुताबिक रांची में रिकॉर्ड दो लाख 61 हजार 621 म्यूटेशन के केस रिजेक्ट कर दिए गए.

वहीं धनबाद और हजारीबाग में भी म्यूटेशन के एक लाख से अधिक केस रिजेक्ट किए गए हैं. धनबाद में एक लाख 31 हजार 418 केस रिजेक्ट किए गए हैं, जबकि हजारीबाग में एक लाख छह हजार 329 केस रिजेक्ट कर दिए गए हैं. गिरिडीह में 69,124, पूर्वी सिंहभूम में 47,088, पलामू में 64,384 और बोकारो में 63,432 केस रिजेक्ट हुए हैं. वहीं नौ सितंबर को म्यूटेशन के 775 केस आए, जिसमें 599 केस रिजेक्ट किए गए।417 केस का निष्पादन हुआ - शेष पेज 07 पर

**2.61 लाख केस रिजेक्ट राजधानी रांची में सबसे अधिक**

### किस जिले में कितने म्यूटेशन के केस रिजेक्ट हुए



- धनबाद और हजारीबाग में एक लाख से अधिक केस रिजेक्ट

### जमीन विवाद बन गया जी का जंजाल

जमीन विवाद के कारण झारखंड में जमीन रक्तरंजित होती जा रही है. जमीन विवाद सुलझाने के लिए बिहार से 82,129 नक्शे तीन ट्रकों में भर कर झारखंड मंगाये गये. इस पर 52 करोड़ रुपए खर्च किए गए. इन नक्शों को बिहार के गुलजारबाग प्रेस से फोटी कॉपी कर मंगाया गया था. इसके बाद इन नक्शों की डिजिटल कॉपी तैयार करनी थी, लेकिन हुई नहीं.

| जिला | रिजेक्ट केस |
|---|---|
| कोडरमा | 40,662 |
| खूंटी | 13,733 |
| गढ़वा | 30,101 |
| गुमला | 13,957 |
| गिरिडीह | 69,124 |
| गोड्डा | 972 |
| चतरा | 28,425 |
| जामताड़ा | 850 |
| दुमका | 5,431 |
| देवघर | 13,120 |
| धनबाद | 1,31,418 |
| पूर्वी सिंहभूम | 47,088 |
| पलामू | 64,384 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 9,695 |
| पाकुड़ | 8,441 |
| बोकारो | 63,432 |
| रांची | 2,61,621 |
| रामगढ़ | 14,510 |
| लातेहार | 12,535 |
| लोहरदगा | 9,880 |
| सरायकेला-खरसांवा | 28,265 |
| साहिबगंज | 18,856 |
| सिमडेगा | 4,805 |
| हजारीबाग | 1,06,329 |

### रैयती जमीन की नहीं हो पाई मैपिंग

झारखंड सरकार का नक्शा मंगाने का मुख्य उद्देश्य था कि राज्य के हर गांव की मैपिंग का सही अंदाजा लगाया जा सके. इससे बिहार-झारखंड की लंबित परिसंपत्तियों का बंटवारा सही तरीके से हो पाता. नक्शे की एक कॉपी रैयत के पास होती और दूसरी कॉपी प्रिंटिंग प्रेस में होती. लेकिन इस पर काम शुरू नहीं हो पाया. रैयती जमीन की मैपिंग नहीं होने के कारण भूमि विवाद बढ़ता जा रहा है. अवैध कब्जा के मामले बढ़ते जा रहे हैं.

# नुकसान से नुकसान को संभालने की 'सूझ'

**अंशुमान तिवारी**

बादबां से उलझ गया लंगर...



लंबे पसोपेश के बाद एनडीए सरकार ने दूसरे कार्यकाल में जब मुक्त व्यापार के सफीने उतारने की हिम्मत दिखाई तो पहला ही समझौता भंवर में फंस गया. बढ़ना था निर्यात और आफत बन गया बढता आयात यानी इंपोर्ट. वह भी कीमती सोना-चांदी का. दुबई से. यह मुक्त व्यापार समझौता है अमीरात (यूएई) वाला.

खुले दरवाजे तो...

इस बार बजट में वित्त मंत्री ने अचानक सोने यानी गोल्ड पर इंपोर्ट ड्यूटी घटा (15 प्रतिशत से 6 प्रतिशत) दी. बढ़ते गोल्ड इंपोर्ट पर लानतें भेजते-भेजते और विदेशी मुद्रा भंडार की फिक्र करते हुए सरकार गोल्ड का आयात सस्ता कर बैठी. अचानक !

हुआ यूं कि अमीरात वाले एफटीए से हो रहे नुकसान कम करने के लिए सरकार को गोल्ड इंपोर्ट की नीति ही बदलनी पड गई.

### *सोना-चांदी के सस्ते या मुफ्त आयात से 2024 में सरकार को 63,000 करोड़ के राजस्व की चपत लगी*

मई 2022 में सरकार ने यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौता (सीईपीए) किया था. पहले कार्यकाल में तो मुक्त व्यापार की बातचीत भी वर्जित थी, मगर अगले कार्यकाल में 'स्वदेशी' दिल बदले और यूएआई वाले समझौते की बातचीत सिर्फ 88 दिनों में पूरी हो गई. यह पहला बहुआयामी विशाल मुक्त व्यापार समझौता है, जिसमें सभी उत्पाद और सेवाएं शामिल थीं. दोनों देशों ने एक-दूसरे को 90 प्रतिशत निर्यातों पर रियायत दी .

समझौते में एक निर्धारित सीमा तक सोना एक प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी पर और इसके बाद कितना भी सोना सात प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी पर आयात की छूट है. अगर प्लेटिनम मिला गोल्ड आयात होता है, तो कोई शुल्क नहीं. चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी अन्य देशों से आयात की तुलना में करीब आधी है.

गोल्ड का महंगा आयात कम होना था, मगर इंपोर्ट करने वालों ने अमीराती सोना चांदी से बाजार भर दिया.

एफटीए के दरवाजे अमीरात से, वित्त वर्ष 2024 में गोल्ड का इंपोर्ट 148 प्रतिशत बढ़कर 7.6 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया. जीटीआरआइ के अनुसार यूएई से चांदी का इंपोर्ट लगभग 60 गुना बढ़ गया.

जीटीआरआइ बता रहा है यूएई सीईपीए में सोना-चांदी के सस्ते या मुफ्त आयात से 2024 में सरकार को 63,000 करोड़ के राजस्व की चपत लगी सो अलग इस समझौते के तहत 2026 से सोने और 2030 से चांदी का इंपोर्ट डयूटी फ्री हुआ, तो फिर क्या होगा?

अमीराती सोना चांदी कुछ इतना भारी पड़ा कि जुलाई में आए बजट में समग्र गोल्ड इंपोर्ट को ही सस्ता कर दिया गया, ताकि दुबई वाले चैनल की चमक कुछ फीकी पडे.

अलबत्ता नुकसान से नुकसान को संभालने की 'सूझ' कारगर हुई नहीं दीखे है. शायद अमीरात वाला समझौता बदलेगा.

हैरत से देखता है समुंदर मिरी तरफ़
कश्ती में कोई बात है या बादबां में है - परवीन शाकिर

**नोटः लेखक आर्थिक मामलों पर करीब से नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार हैं. यह टिप्पणी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है. वहीं से सभार लिया गया है.**

# मणिपुर: पीएम मोदी की विफलता माफी योग्य नहीं: मल्लिकार्जुन खरगे

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मणिपुर में हिंसा की नई लहर के बीच कांग्रेस ने सोमवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की. विपक्षी पार्टी ने केंद्र सरकार से संवेदनशील सुरक्षा स्थिति की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया. पार्टी ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए आयोग को अपनी जांच तेज करनी चाहिए.



कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर में घोर विफलता माफी के लायक नहीं है. उन्होंने कहा कि पूर्व राज्यपाल अनसुइया उइके ने भी मणिपुर की जनता की आवाज उठाई है. उन्होंने कहा कि मणिपुर के लोग परेशान और दुखी हैं और वे चाहते हैं कि पीएम मोदी उनके बीच आएं.

विपक्षी पार्टी की ओर से यह बयान तब आया है, जब शनिवार को राज्य के जिरिबाम जिले में ताजा हिंसा में छह लोग मारे गए. पुलिस के मुताबिक, जिरिबाम जिले में उग्रवादी सोते समय एक व्यक्ति के घर में घुसे और उसे गोली मार दी. हत्या के बाद समुदायों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें पांच हथियारबंद लोग मारे गए. राज्य में जातीय संघर्ष के शुरुआत में जिरिबाम हिंसक घटनाओं से दूर था. लेकिन जून में समुदाय के एक व्यक्ति की हत्या के बाद यहां भी हिंसा शुरू हुई. इस हत्या के लोगों ने एक-दूसरे समुदायों के उग्रवादियों को जिम्मेदार ठहराया.

### पीएम ने मणिपुर में छोड़ दी संवैधानिक जिम्मेदारी

खरगे ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर में पिछले 16 महीनों में एक पल भी नहीं बिताया. जबकि वहां लगातार हिंसा हो रही है. उन्होंने मणिपुर के सीएम पर भी आरोप लगाया कि वह विफलता छिपाने की कोशिश कर रहे हैं. खरगे ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने भी पीएम मोदी की तरह मणिपुर में सुरक्षा की संवैधानिक जिम्मेदारी छोड़ दी है और चुनावी राज्यों में रैलियों में व्यस्त हैं. खरगे ने केंद्र से मांग की है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए और सभी उग्रवादी समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाए. विपक्षी पार्टी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित मणिपुर आयोग को अपनी जांच तेजी से पूरी करनी चाहिए.

## दर्जनों युवा संगठन आदिवासी आंदोलनों में सक्रिय रहे, अब बन गए हैं राजनीतिक पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता

# जनआंदोलनों के साथी रहे आदिवासी चेहरों ने थामा पार्टियों का दामन

**बसंत मुंडा । रांची**

इस विधानसभा चुनाव में बहुत कुछ नया दिखने वाला है. जन आंदोलनों के साथी रहे आदिवासी संगठनों के लोल राजनीतिक पार्टियों का दामन थामने लगे हैं. कभी आदिवासी मुद्दों पर आवाज बुलंद करने वाले अब राजनीतिक कार्यकर्ता, नेता के रुप में मुखर होते दिखेंगे. पहले वह सरना धर्म कोड, कुरमी बनाम एसटी आंदोलन, सीएनटी-एसपीटी एक्ट, स्थानीय नियोजन नीति जैसे मुद्दों को लेकर सड़क पर आंदोलन खड़ा करते रहे हैं.

आदिवासी सेना और जेसीवाईए

आदिवासी सेना और जेसीवाईए के कार्यकारी अध्यक्ष रहे अलबिन लकड़ा व विकास तिर्की झामुमो का दामन थाम चुके हैं. उनके साथ अमरनाथ लकड़ा व सुजीत कुजूर भी झामुमो में शामिल हुए हैं. ये चारो नेता दारोगा रुपा तिर्की की मौत के मामले में जोरदार आंदोलन किया था. रुपा तिर्की के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे थे.

**अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद :** शिडयूल ट्राईब (एसटी) में शामिल करने के लिए कुरमी जाति ने झारखंड में जबरदस्त आंदोलन किया था. इस आंदोलन के खिलाफ आदिवासियों समूहों ने भी आंदोलन किया था. आदिवासियों के आंदोलन को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने एक मुकाम दिया था. अब इसके महिला मोर्चा अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा, आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप, आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, लोहरा समाज के अभय भुटकुंवर भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हो गए हैं.

**आदिवासी युवकों को संगठित करने वाले भी दल से जुड़े :** पिछले करीब सात-आठ सालों से शहरी इलाकों में आदिवासी युवाओं को संगठित करने के काम में लगे शशि पन्ना ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं. इस तरह के काम में लगे अजीत लकड़ा झामुमो युवा मोर्चा से जुड़ गए हैं. दूसरी ओर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, महासचिव संतोष तिर्की, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, केंद्रीय सरना समिति के बबलू मुंडा अलग-अलग पार्टियों-खेमे में अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं. ऐसे में रांची में आदिवासी मुद्दों पर आंदोलन करने वाले युवाओं की धार कम होती दिखाई दे रही है.

### राजनीतिक दल से अब भी अलग

वर्तमान में कई धार्मिक–सामाजिक जन संगठन ऐसे भी हैं, जो सीधे तौर पर या प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से राजनीति दलों से दूर हैं. विशेषकर आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के फूलचंद तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की, ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के महासचिव प्रवीण कच्छप, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की निरंजना हेरेंज, आदिवासी युवा मोर्चा के अजय टोप्पो, कांके सरना समिति के डब्लू मुंडा, जेसीवाईए के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, केंद्रीय सरना समिति भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव ऐसे ही संगठनों में शामिल है.

## ई हैं फाटक बाबा, बड़का कुरसी हथियाए, अभियो चैन नहीं, अब टिकट ला लार टपकाइले हैं

**संजय सिंह**

ई लो बिन झारखंड में पसीना बहाइले झरखंडी कहावे वाला नेताजी लोग ईहां टपके लगे. टपके ही न लगे हैं, कुछ तो बेसिए टरटराए भी लगे हैं. इनमें ज्यादा पंजा लड़ावे लगी ईहां टपके हैं. खुद को महान ग्रेसी कांग बताइले हैं. अईसन नेताजी लोग झकाझक उजरका कुर्ता-पजामा धारण कर पंजा लडावे लगी बेकरार हैं. पंजियारे नेताजी लोगन के पांच बरिस बाद अपन पैदाईशी जगह के इयाद सताइले है. देखिए ई लोग ढेरे चकल्लस बाज है. ई नेताजी लोग दिल्ली में गेटिंग-सेटिंग कईले रहता है. झारखंड से ई लोग के कोनो मतलब न रहता है, लेकिन जब लाभवाला पद या चुनाव में टिकट की चाहत होती है, तो पद व टिकटवा हथियावे लगी, ई नॉन रेसीडेंट झारखंडी तो ईहां टपक कर लोर चुआवे लगते है. भाई जी लोग अईसन-अईसन गीता गावे लगेंगे कि पूछिए मत. ईहां जिंदगी भर पार्टी के दरी बिछावे से लेकर धरना-प्रदर्शन करेवाला नेताजी लोग हाथ-पैर मारले रहते हैं, लेकिन कोई सुनवईया रहे तब न. सब तो ऊपरे ऊपरे दिल्लीए लेबल पर होता रहता है. पार्टी संगठन ला खून-पसीना बहावेवाला नेता-कार्यकर्ता लोग ताकईत रह जाता है और ई एनआरजे लोग उ लोगन के मुंह चिढाईले रहता है. कोनो उपायो तो न है. देखिए ने एगो नेताजी के बाबूजी हजारबाग वाली जगह से राजनीति चमकाइले थे, लेकिन उनके बेटाजी लोग ईहां पैदा तो जरूर हुए, लेकिन पढ़े-लिखे ला दिल्ली सेट कर गए. बचपन से जवानी वहीं गुजार दिए, झारखंड में दर्शन बहुत कमे दिए या यों कहिए कि दिए ही नहीं. हजारबाग वाले इलाके के ई फाटक बाबा हैं. बोले-बतियावे में में तो अईसन महारत हासिल है कि पूछिए मत. खूबे मीठी-मीठी बोलते हैं. राजनीतिक गेटिंग-सेटिंग में माहिर. महोदय गजबे कईले रहते हैं, दिल्लीए अगोरले रहते हैं. लेकिन जब-जब कोनो लाभ का पद हथियावे ला रहता है, उपरे से सेटिंग कर पद लेले झ्रारखंड में अ्रवतरित हो जाते हैं. पहिले युवा थे तो जवानी वाला राज रजे, फिर देखाईए न दिए. अईसन लापता हुए, जइसे गदहा के सिर से सिंग. दिल्ली अगोरले रहे, फिर अचानके झारखंड में बोर्ड-निगम के अध्यक्ष पद बंटे लगा, तो फाटक बाबा पद लेले टपक गिए. हो गए धार्मिक...मंदिर के पॉलिटिक्स करे लगे. ईहां के कुछ चकमगलू लोगन के साथे रख लिए. आजू-बाजूवाला बना लिए. अब राज भोगले हैं. और ईहां जो लोग था हाथ मलित रह गया. बेचारा लोग करियो का सकता है. सिर्फ गाल सा देवाल बजाइत रहता है, कहता है- जब ऊपरेवाला (भगवान जी नहीं, पंजा छाप बड़का नेताजी) मेहरबान, तो गदहवा पहलवान होबे करेगा. ई फाटक बाबा ईहां के जमीनी नेता-कार्यकर्ता लोगन के मुंह चिढ़ाईले एगो बड़का कुरसिया पर राज रजले हैं. लेकिन बाबा के तइयो मन ना भरा है. बाबा लकलकाईल है चुनाव लड़े लागी. लार टपकाईले दिल्ली वाला नेताजी लोगन के आगे-पीछे कईले हैं. बाबा को विधानभा का टिकटवा चाहिए. यानि बोर्ड-निगम के भी राज रजेंगे, विधानसभा भी ऊहे बाबा जाएंगे. सभ कुछ बाबा को ही चाहिए. बाबा हजारबाग वाला सीटवा पर नजर गड़ाईले हैं. झारकंड से दिल्ली तक तक एक कईले हैं. हारे चाहे जीतें, बाबा के ख्वाहिश है कि हजारबाग वाला सीटवा से किस्मत आजमाए. विशेष लगाव है फाटक बाबा के ऊ सीटवा से. काहे कि बाबूजी भी ऊ सीटवा से विधायक रहे हैं, तो फाटक बाबा चाहते हैं कि उनकी विरासत पर एक फिर से राजनीति चमका लें. फाटक बाबा हइयो हैं बहुते चतुर चालाक. केकरा केने से लंघी मारेंगे बुझाईबो न करेगा. सब लोग बाबा के मीठी-मीठी बोलिया में ही उलझल रह जाता है और बाबा ऊपरे से गेटिंग-सेटिंग कर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं. बाकी गीत गाइले रहते हैं, जलनेवाले जला करें, जल-जल कर मरा करें... भाई लोग से हमरा का लेना-देना है.

**चुनावी चकल्लस**



## ▼ ब्रीफ खबरें

### जल संसाधन विभाग के जू. इं. को दें प्रोन्नति

**रांची ।** जल संसाधन विभाग के जूनियर इंजीनियर को असिस्टेंड इंजीनियर रैंक में प्रोन्नति पाने वाले अभियंताओं के लिए अच्छी खबर है. हाई कोर्ट में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान कहा है कि याचिका दाखिल करने वाले अभियंताओं को उसी तारीख से प्रोन्नति दी जाये, जिस तारीख से उनके कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति दी गई है. उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के अभियंता अनिल कुमार, जयराम एव विद्या भार्गव की तरफ से अलग-अलग याचिका दाखिल किया था. जिसमें कहा गया है कि विभाग ने 22 मई 2013 को उनसे जूनियर अभियंताओं को प्रोन्नति दी, लेकिन उन्हें प्रोन्नति नहीं दी गई.

### जेएसएलपीएस के रिक्त पद भरे जाएंगे: मंत्री

**रांची ।** ग्रामीण विकास मंत्री ने जेएसएलपीएस के रिक्त पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरु करने का आदेश दिया है. जेएसएलपीएस में 500 नए पदों का सृजन किया जाये. इन पदों पर एससी, एसटी व पिछड़ा वर्ग के युवाओं को तरजीह दी जाये. इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिया है कि एनआरईपी, एमकेएसपी और जोहार परियोजना के 363 कांट्रेक्ट कर्मियों को उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर डीएवाई एनएलआरएम परियोजना में समायोजित किया जाये. ताकि सभी को रोजगार मिले.

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व ऑब्जर्वर भी बैठक में होंगे शामिल

**रांची ।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को दिल्ली बुलाया गया है. वह 10 सितंबर को दिल्ली में होने वाली ऑब्जर्बर भी बैठक में शामिल होंगे. यह बैठक दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में दिन के तीन बजे से होगी. इसमें प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव भी शामिल होंगे.

# बीटेक छात्रा की दुष्कर्म व हत्या के दोषी राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

- बूटी बस्ती में राहुल राज ने छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद जलाकर हत्या कर दी थी
- हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा

**विधि संवाददाता । रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने और बाद में जिंदा जलाकर हत्या करने के जुर्म में जेल में बंद राहुल राज को बेल देने से इनकार कर दिया है. साथ ही निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें उसे फांसी की सजा दी गई है.

सोमवार को हाईकोर्ट ने राहुल राज की अपील याचिका अर्जी खारिज कर दी है. उल्लेखनीय है कि राहुल राज को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी. इस फैसले के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की.

जानकारी के मुताबिक राहुल राज ने रांची के बूटी मोड़ इलाके में भाड़े के घर में रह रही बीटेक की एक छात्रा के साथ पहले दुष्कर्म किया था. फिर बाद में साक्ष्य मिटाने के लिए उसे जिन्दा जला दिया था. यह घटना वर्ष 2016 में हुई थी. स्थानीय पुलिस की जांच में इस मामले के आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका था. पुलिस हत्या का खुलासा नहीं कर पायी थी. जिसके बाद सीबीआई ने मामले की जांच की. सीबीआई ने उत्तर प्रदेश में छिप कर रह रहे राहुल राज को गिरफ्तार किया था. सीबीआई की विशेष अदालत में उसके खिलाफ ट्रायल चला. ट्रायल के बाद सीबीआई रांची की विशेष अदालत ने 20 दिसंबर 2019 को राहुल राज को दोषी करार देते हुए, उसे फांसी की सजा सुनाई थी.

## आपराधिक मामले में बरी व्यक्ति रिहा होने के आधार पर हिरासत के लिए मुआवजे का हकदार नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता । रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि आपराधिक मामले में बरी किया गया व्यक्ति मुआवजे का दावा नहीं कर सकता है. क्योंकि ट्रायल के दौरान या उससे पहले पुलिस या किसी अन्य एजेंसी द्वारा आरोपों के आधार पर किसी को जेल भेजना मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं है. दरअसल, रांची के रहने वाले बंशीधर शुक्ला ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दायर की थी. अपनी याचिका में उन्होंने कहा था कि रांची सीबीआई के विशेष कोर्ट ने उन्हें जालसाजी के मामले में वर्ष 2004 में दोषी करार दिया था. जिसके बाद उन्होंने सीबीआई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, लेकिन अपील कोर्ट ने भी उनकी सजा को बरकरार रखा. इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में सीबीआई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी. हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए उन्हें निर्दोष करार दिया. हाईकोर्ट से निर्दोष करार दिये जाने के बाद बंशीधर शुक्ला ने ट्रायल के दौरान उन्हें न्यायिक हिरासत में रखे जाने को मानवाधिकार का उल्लंघन बताते हुए हाईकोर्ट में मुआवजे की मांग को लेकर याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया गया. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई.

## सुनील तिवारी की याचिका पर चार सप्ताह में लें निर्णय

**सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट को निर्देश**

**विधि संवाददाता । रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के प्रेस सलाहकार रहे सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न केस में ट्रायल कोर्ट को चार्ज फ्रेम पर रोक लगाने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश कुमार की बेंच ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट को यह निर्देश दिया है कि सुनील तिवारी की याचिका पर चार सप्ताह में निर्णय लिया जाए. दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को सुनील तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ चार्ज फ्रेम किए जाने पर रोक लगा दी थी. जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी.

बता दें कि खूंटी की एक युवती ने सुनील तिवारी पर दुष्कर्म करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली देने का आरोप लगाया है. युवती ने 16 अगस्त 2021 को रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. इस मामले में पुलिस ने सुनील तिवारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था.

### चार्जफ्रेम पर रोक जारी

**रांची ।** सुनील तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के केस में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा चार्ज फ्रेम किए जाने के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. सुनील तिवारी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई.

## लोगों की समस्याएं सुन कर समाधान करेगी झारखंड पुलिस

# पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**वरीय संवाददाता । रांची**

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरुआत मगंलवार 10 सितंबर से होगी. डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है. इसे लेकर राज्य के सभी जिलों की पुलिस अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी. 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्याएं सुनकर उसका समाधान करेगी. कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए राज्य के 21 जिलों में 21 आईजी और डीआईजी रैंक को जिम्मेदारी सौंपी गयी है. इस दौरान डीएसपी या उसके ऊपर के स्तर के अधिकारी उन शिकायतों पर ध्यान देंगे, जिनमें अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो. ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके.

### 11 मुद्दों पर होगी सुनवाई

- गुमशुदा बच्चों की जानकारी लेना व मामला दर्ज करना.
- इलाके की संस्थाओं में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा.
- लोगों को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना.
- नए आपराधिक कानून व जीरो एफआईआर के बारे में बताना.
- डायल 112 के बारे में बताना,
- साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराना.
- अपराध, अपराधियों, साइबर अपराध, चीट-फंड के बारे में सूचना.
- थाना के कर्मी, होमगार्ड व चौकीदार का व्यवहार.
- मानव तस्करी करने वालों की पहचान करना.
- डायन प्रताड़ना के मामलों की जानकारी जुटा कर कार्रवाई करना.
- नशे के कारोबार व उसमें शामिल अपराधियों की जानकारी जुटाना.
- ऐसे चौक-चौराहे जहां अड्डाबाजी होता है, उसके बारे में पता करना.

## काउंसिल सदस्य मनोज कुमार व राम सुभग ने महाधिवक्ता को दिया धन्यवाद

**संवाददाता । रांची**

झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार और रामसुभग सिंह ने सोमवार को हाईकोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन से मिले और राज्य सरकार द्वारा वकीलों के कल्याण के लिए गए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया. इस दौरान बार काउंसिल के सदस्यों ने वकीलों के हित में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में श्री रंजन की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की. काउंसिल सदस्य मनोज सिंह और रामसुभग सिंह ने महाधिवक्ता से आग्रह किया कि मेडिकल योजना में सेवानिवृत्त वकीलों को शामिल करने की दिशा में कदम उठाया जाए. ताकि इस योजना का लाभ सेवानिवृत्त वकीलों को भी मिले. महाधिवक्ता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बार काउंसिल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके अनुरोधों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा. इसके साथ ही महाधिवक्ता ने सुझाव दिया कि एक सदस्यता अभियान चलाया जाए, ताकि राज्यभर के सभी वकीलों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यक्रम की पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि हर वकील लाभान्वित हो.



## आरसेटी में उम्मीदवारों के डीएसटी-सीपी-टीओटी के लिए आवेदन आमंत्रित

**रांची ।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय अकादमी रुडसेटी को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के लिए राष्ट्रीय संसाधन संगठन के रूप में मान्यता दी है. जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग के तहत प्रशिक्षित ग्रामीण गरीबों एनसीवीईटी प्रमाण देने वाली संस्था और मूल्यांकन एजेंसी के रूप में भी काम करती है. योग्य उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाता है, जिनके पास डोमेन ज्ञान, शैक्षिक योग्यता और कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, सौंदर्य व कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, हथकरघा व हस्तशिल्प, बीएफएसआई, आईटी-आईटी-ईएस, मीडिया और मनोरंजन आदि सेक्टर में न्यूनतम पांच वर्ष का उद्योग अनुभव है. टीओटी जिलों में आरसेटी से संपर्क कर सकते हैं. टीओटी और डीएसटी सीपी में सफल उम्मीदवार आरसेटी द्वारा वार्षिक कार्य योजना के अनुसार बैचवार नियुक्त किया जाता है. इस संबंध में एक टीओटी और डीएसटी-सीपी कार्यक्रम कृषि क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक- आरसेटी, रांची में आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य के 60 प्रतिभागी 19 से 20 तक सितंबर 2024 भाग लेंगे.

## 10 से 12 दिन में हो जाएगा सीट शेयरिंग पर फैसला: मीर

**रांची ।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लगातार दो दिनों तक कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया. मीर ने रविवार की देर शाम नेताओं-कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. फिर सोमवार की सुबह भी नेता-कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया. लगभग दो घंटे तक चली बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया. इसके बाद वे जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गए. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीट शेयरिंग पर फैसला अगले 10 से 12 दिनों के अंदर हो जाएगा. वे लगातार झामुमो नेता सहित सीएम हेमंत सोरेन के संपर्क में भी हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना टारगेट नहीं है, अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना मकसद है.

**कांग्रेस नेताओं को दिए टॉस्क :** प्रदेश प्रभारी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेताओं को टॉस्क भी दिया. जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव की रणनीति के तहत कुछ कमेटी का भी गठन किया जाएगा. इसका खाका तैयार करने का निर्देश दिया गया. साथ ही घोषणा पत्र तैयार करने के लिए जनता से रायशुमारी का भी निर्देश दिया गया.

## पिछले साढ़े चार साल में एक ढेला का भी नहीं हुआ काम : बाबूलाल

**रांची ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साढ़े चार साल में एक ढेला भी काम नहीं हुआ. सीएम हेमंत सोरेन द्वारा भाजपा पर लेबल लगाने का आरोप हास्यास्पद है. बाबूलाल ने ट्वीट में आगे लिखा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाएं झारखंड को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जा रही हैं. सीएम हेमंत सोरेन से कहा है अपने अधिकारियों से कोर्ट-कचहरी और वकील के खर्चे का हिसाब मांगने की बजाय, केंद्र सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मांगिए. आगामी चुनाव में जनता-जनार्दन आपको सत्ता से हटा कर राजनीतिक बेरोजगार का भी लेबल लगाने जा रही है.



## 16 नीतियों के तहत निवेशकों के 3231 आवेदन आए, सिर्फ 59 को मिली स्वीकृति

# राज्य की औद्योगिक नीति की ओर निवेशकों की रुझान कम

**प्रमुख संवाददाता । रांची**

झारखंड में उद्योगों के लिए बनी नीतियों की ओर निवेशकों का रुझान कम होता नजर आ रहा है. उद्योग विभाग के आंकड़ों के अनुसार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बनी 16 नीतियों के तहत निवेशकों की ओर से 3,231 आवेदन आए, जिसमें से सिर्फ 59 आवेदनों को ही स्वीकृति किया गया है. वहीं छोड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग ने 13,489 ईकाई को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट दिया है. जबकि उद्योग विभाग ने पहले से चल रहे 120 उद्योगों को ऑफरेशनल सर्टिफिकेट दिया है. वन विभाग ने जिन उद्योगों को क्लीयरेंस दिया है, उनमें अधिकांश में पेड़ काटने और उसे दूसरी जगह पर शिफ्ट करने की स्वीकृति दी है.

**10 औद्योगिक नीतियों के लिए एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं :** 10 औद्योगिक नीतियों के लिए एक भी आवेदन की स्वीकृति नहीं दी गई हैं. इन औद्योगिक नीतियों में निजी मेडिकल कॉलेज की स्थापना, झारखंड बीपीओ-बीपीएम पॉलिसी, झारखंड ऑटोमोबाइल पॉलिसी, झारखंड ईएसडीएम पॉलिसी, झारखंड फीड प्रोसेसिंग, झारखंड फिल्म पॉलिसी, झारखंड इंडस्ट्रियल पार्क पॉलिसी, झारखंड आइटी पॉलिसी, झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी और झारखंड टूरिज्म पॉलिसी शामिल हैं.

**किस नीति के तहत कितने आवेदन और कितने स्वीकृत**

| औद्योगिक नीति का नाम | आवेदन | स्वीकृति |
|---|---|---|
| निजी मेडिकल कॉलेज की स्थापना | 11 | 00 |
| इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2001 | 51 | 03 |
| झारखंड बीपीओ-बीपीएम पॉलिसी | 26 | 00 |
| झारखं ऑटोमोबाइल पॉलिसी | 51 | 00 |
| झारखंड ईएसडीएम पॉलिसी | 11 | 00 |
| झारखंड एक्सपोर्ट पॉलिसी | 89 | 02 |
| झारखंड फीड प्रोसेसिंग | 36 | 00 |
| झारखंड फिल्म पॉलिसी | 14 | 00 |
| झारखंड फूड प्रोसेसिंग | 298 | 01 |
| झारखंड इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट पॉलिसी | 1561 | 23 |
| झारखंड इंडस्ट्रियल पार्क पॉलिसी | 05 | 00 |
| झारखंड इंडस्ट्रियल पॉलिसी | 138 | 09 |
| झारखंड आइटी पॉलिसी | 38 | 00 |
| झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी | 212 | 00 |
| झारखंड टेक्सटाइल फूटवेयर | 655 | 10 |
| झारखंड टूरिज्म पॉलिसी | 38 | 00 |


## क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 10 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 153 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**बरवाअड्डा:** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बडा पिछरी के गठन को लेकर रविवार को ग्रामीणों की बैठक ईश्वर लाल साव की अध्यक्षता में हुयी. सर्वसम्मति से ललन प्रसाद पांडेय संरक्षक, आशुतोष रजक अध्यक्ष, शिवपूजन गोप व मुरारी चौधरी उपाध्यक्ष, रवि पांडेय सचिव, एसी दास व ईश्वर लाल महतो, जीतेंद्र कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष बनाएं गये। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

### गोविंदपुर में तीन घंटे रहेगी बिजली गुल

**गोविंदपुर।** खरकाबाद बिजली सब स्टेशन से मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी. कनीय अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि इस दौरान इस फीडर से संबंधित मेंटेनेंस कार्य का कार्य किया जाएगा. इस कारण गोविंदपुर के मुर्गाबानी, जंगलपुर, बागसुमा, भेलाटांड़, अंबोना मोड़, मोरंगा आदि क्षेत्रो मे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी.

### जनवितरण दुकान में लाभुकों ने किया हंगामा

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद् क्षेत्र में जनवितरण प्रणाली के डीलरों की मनमानी से लाभुक परेशान हैं. वार्ड संख्या 10 स्थित नेहरू रोड में एक जनवितरण प्रणाली दुकान के डीलर पुत्र ने लाभुक महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की. इस वजह से वहां हंगामा खड़ा हो गया. साथ ही उसने राशन वितरित नहीं करने की भी धमकी दी. हंगामा होने की सूचना पाकर एमओ अर्चना कुमारी घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित महिलाओं को शांत कराया. इसके बाद राशन वितरित किया गया. महिलाओं ने एमओ से डीलर समेत उसके पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस संबंध में पूछे जाने पर एमओ अर्चना कुमारी ने बताया कि फिलहाल राशन बांटा गया है. किसी तरह की कार्रवाई बाद में होगी.

### अस्त्र शस्त्र के साथ झारखंड बंद कराने उतरेंगे:पुष्कर महतो

गोमो। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा 11 सितम्बर को झारखंड बन्द कराने के लिए सड़क पर उतरेंगे.इसके पूर्व रांची में 10 सितंबर को मशाल जुलूस शहीद स्थल जिला स्कूल प्रांगण से शाम 6:00 बजे निकाला जाएगा. यह मशाल जुलूस परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास 6:30 पर समाप्त हो जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि झारखंड आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, हमारे बेटे बेटियों को रोजगार एवं नियोजन के सौ फीसद अधिकार की गारंटी करने एवं स्वाभिमान से जीने के अधिकार के तहत सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. सरकार से देने की मांग को लेकर 11 सितंबर को आहुत झारखंड बंद करने के लिए किया जाएगा.

# गिरिडीह-धनबाद को 465 करोड़ की सौगात

## 13.06 लाख लाभुकों के बीच लगभग 639.16 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण






- गाण्डेय के कैलुडीह में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने किया योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

**संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के गांडेय प्रखंड के कैलूडीह में सीएम हेमंत सोरेन ने गिरिडीह और धनबाद जिले को 465.14 करोड़ रूपए की सौगात दी है.उन्होंने 310 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. दोनों जिलों के 13.06 लाख लाभुकों के बीच लगभग 639.16 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया है. इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार ने यहां के अधिकतर लोगों को पेंशन योजना से वंचित रखा है. पहले गांव के कुछ चुनिंदा बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं विधवा माता-बहनों को ही पेंशन की राशि मिल पाती थी, लेकिन अब आपकी सरकार ने ऐसा कानून बना दिया कि गांव में जितने भी वृद्धजन हैं सभी को पेंशन मिल रहा है. आज हरेक दिव्यांग एवं विधवा माता-बहनों सहित सभी लोगों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन की राशि निर्धारित समय पर मिल रही है. परिणाम यह है कि अब सभी लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में उनकी सरकार किसानों के कृषि ऋण को माफ करने का काम किया है, गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ हो रहा है, बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिल रही है. बच्चों के पढ़ने के लिए निजी स्कूल के तर्ज पर स्कूलों का निर्माण किया गया. राज्य में बच्चों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं. आज उनकी सरकार गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के बच्चे-बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. गरीब के होनहार बच्चे विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं. महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है. आज राज्य सरकार गांव से चल रही है. सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका, रसोईया, पुलिसकर्मी, सहायक पुलिसकर्मी, पारा शिक्षक, जलसहिया सहित कई विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों के समस्याओं को सुलझाते हुए कुछ न कुछ लाभ देने का प्रयास किया है. झारखण्ड में किए गए कार्यों का अनुकरण दूसरे राज्य कर रहे हैं . महिलाओं को उनकी सरकार सम्मान दे रही है . पूर्व की सरकारों ने राज्य की महिलाओं के साथ न्याय करने का काम नहीं किया था . हमारी सरकार ने यहां की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर दिखाया है . बढ़ती महंगाई के बावजूद उनकी सरकार ने राज्य के गरीब परिवारों को राहत देने का काम किया है. सरकार की भावी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाया गया है ताकि खुशहाल झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सके .

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है . अब बेटियां बोझ नहीं है बल्कि सभी से निवेदन है कि आप अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दिलाएं . गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के जरिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बैंक द्वारा दिया जाएगा . आपको इसके बदले बैंक के पास कोई गारंटी रखने की जरूरत नहीं है. राज्य सरकार आपका गारंटर बन रही है . उन्होंने कहा कि राज्य के सभी आदिवासी एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों के छात्रावासों में मुफ्त भोजन की व्यवस्था राज्य सरकार कर रही है ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे सकें. पहले ग्रामीणों के बीच कृषि कार्य के लिए सिर्फ ट्रैक्टर और हल प्रदान की जाती थी लेकिन हमारी सरकार ने ट्रैक्टर के साथ-साथ स्कॉर्पियो, बोलेरो, बस ऑटो सहित कई गाड़ियां ग्रामीण बेरोजगार लोगों को उपलब्ध क र ा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग अपना स्वरोजगार से जुड़ सकें.

# मासस का भाकपा माले में विलय

## धनबाद में एकता रैली, हजारों की भीड़ बनी ऐतिहासिक क्षण की गवाह

- गोल्फ ग्राउंड में जनसभा, बोले दीपांकर - विलय से मिलेगी मजबूती

**संवाददाता। धनबाद**

पांच दशकों से कोल राजधानी में मजदूरों के बीच मजबूत आवाज बने मासस का सोमवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित एकता रैली के दौरान माले में विलय हो गया. विलय की आधिकारिक घोषणा मासस के कार्यकारी अध्यक्ष और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने की. अरूप चटर्जी ने इस विलय को वामदल की मजबूती से जोड़ा है. माले के केंद्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य भी इस एतिहासिक निर्णय में शामिल होने को पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि मासस (एमसीसी) और माले की विचारधारा एक ही है. देश में परिवर्तन की चाह तैर रही है. यह विलय से नयी ताकत मिलेगी. लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की तरह बिहार और झारखंड में परिणाम नहीं आया, लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता में आने नहीं देंगे.

भट्टाचार्य ने कहा कि इंडी गठबंधन के मजबूत होने से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की मनमानी में कमी आयी है. यूट्यूबर्स पर नकेल कसने से सरकार को पीछे हटना पड़ा. बीजेपी झारखंड में सिर्फ तोड़फोड़ की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके सहयोगी संगठन सिर्फ झारखंड सरकार को अस्थिर करने का काम कर रहे हैं. केंद्र सरकार सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर विरोधियों को परेशान कर रही है. लेकिन अब इंडी गठबंधन ने मजबूती से उसका सामना किया और मुंहतोड़ जवाब दिया. विधानसभा चुनाव में हम भाजपा को हराने का काम करेंगे. मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो ने सभा की अध्यक्षता की. हालांकि उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें बीच सभा से ही जाना पड़ा. सभा का संचालन माले के जनार्दन सिंह और हलधर महतो ने किया. इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वाम समर्थक मौजूद थे. बगोदर के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी कम्युनिस्ट धाराओं के रूप में मासस व भाकपा माले एक ही दौर में उभरे थे. एके राय के नेतृत्व में मासस ने कोलियरियों के राष्ट्रीयकरण के लिए मजदूरों का नेतृत्व किया और मजदूर आंदोलन औस झारखंड आंदोलन को एक मंच पर लाया. दोनों ही दलों ने क्रांतिकारी संघर्षों को आगे ले जाने के लिए अपने नेता गुरुदास चटर्जी व महेंद्र सिंह को खोया भी है.

### बलिदानों से आगे बढ़ी है पार्टी : विनोद

बगोदर के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी कम्युनिस्ट धाराओं के रूप में मासस व भाकपा माले एक ही दौर में उभरे थे . एके राय के नेतृत्व में मासस ने कोलियरियों के राष्ट्रीयकरण के लिए मजदूरों का नेतृत्व किया और मजदूर आंदोलन और झारखंड आंदोलन को एक मंच पर लाया . दोनों ही दलों ने क्रांतिकारी संघर्षों को आगे ले जाने के लिए अपने नेता गुरुदास चटर्जी व महेंद्र सिंह को खोया भी है .

### एके राय ने की थी पार्टी की स्थापना

मार्क्सवादी समन्वय समिति ( मासस) का स्वतंत्र अस्तित्व अब समाप्त हो गया . 29 अप्रैल 1972 को वरिष्ठ वाम नेता एके राय ने इस पार्टी की स्थापना की थी . एक वक्त था, जब झारखंड के धनबाद में मासस की तूती बोलती थी . एके राय स्वयं तीन बार धनबाद के सांसद रहे . निरसा और सिंदरी विधानसभा की सीट से मासस के प्रत्याशी कई बार विजयी हुए . पार्टी अब धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही थी . एके राय के बाद उनके जैसा नेतृत्व पार्टी को दुबारा नहीं मिल पाया .






### तिलैया पंचायत में बैठक

**बरवाअड्डा :** तिलैया पंचायत अंतर्गत गोरगा में डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस काउंसिल की एक बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष भूषण कुमार रजक की अध्यक्षता में हुई.बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में देव कुमार पासवान (अध्यक्ष) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ओबीसी धनबाद राजकुमार साव, महबूब आलम उपस्थित थे. बैठक को संबोधित करते उपाध्यक्ष भूषण कुमार रजक ने कहा किआदिवासी समाज के गरीब वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात की.रजक ने कहा कि डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल ह्यूमन राइटस काउंसिल की ओर से आदिवासी समाज के गरीब वंचितों को हर हाल में गरीबी रेखा से उपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है. बैठक में गोरगा आदिवासी समाज के दर्जनों स्त्री एवं पुरुष शामिल थे. मौके पर संतोष रजक, गिरधारी महतो, जमुना राजक, चरण मरांडी, शंकर मंराडी, मालती देवी, अनिता, सरीता, गोबिन्द मुर्मू, पूरनी देवी, सुनिया देवी वैधनाथ रजक, रसो मूनी देवी, संयोति देवी आदि उपस्थित थे.

# धनबाद के अधिवक्ताओं ने दी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई




**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनबाद के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी. ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि झारखंड हिंदुस्तान का पहला राज्य है जिसने अधिवक्ता संघ की ओर से वर्षों से अधिवक्ताओं के पेंशन राशि में वृद्धि, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, अधिवक्ता के निधन के बाद उनके आश्रितों को सहायता राशि प्रदान करने तथा नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि में बढ़ोतरी समेत अधिवक्ता कल्याण के लिए कई मांगों के लिए लगातार आवाज उठाई जा रही थी. जिसको हेमंत सरकार ने पूरा किया है. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के इस निर्णय का धनबाद के अधिवक्तागण हृदय तल से स्वागत करते हैं. अधिवक्ता कल्याण को देखते हुए सरकार के इस फैसले से अधिवक्ताओं में खुशी है. खुशी एवं हर्ष व्यक्त कर बधाई देने वालों में अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, उदय प्रकाश सिन्हा, जयदयाल केसरी, श्रीकांत वर्मा, मो. सौलत दाऊद, अनवर समीम, मनोज यादव, रमेश राय, समर महतो, पथनाथ कुमार, इंद्रदेव मंडल, आदित्य मिश्रा, लाजवंती कुमारी, बंटी सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, ऋषभ कुमार, कालाचंद कुम्हार, सीजा कुमारी, सुमित अरोड़ा, आमिर सुजा सहित सैकड़ों अधिवक्ता शामिल हैं.

# पति से विवाद के बाद पत्नी चार बच्चों के साथ कुएं में कूदी, तीन की मौत

**संवाददाता। बोकारो**

गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बड़की सिधावारा पंचायत के मूरपा गांव में एक महिला अपने पति के साथ विवाद के बाद शनिवार की रात अपने चार बच्चों के साथ कुएं में कूद गयी. घटना में दो बेटी व एक बेटे की मौत हो गयी. महिला और उसकी बड़ी बेटी को बचा लिया गया. घटना गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत बड़की सिधावारा पंचायत के मूरपा गांव की है.



जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को रंजीत गंझू के साथ उसकी पत्नी कौशल्या देवी का विवाद हुआ था. इसके बाद महिला तीन बेटियों और एक बेटे के साथ कुआं में कूद गयी. हल्ला होने के बाद लोग जुटे और महिला और उसकी 14 साल की एक बेटी को बचा लिया गया. वहीं डूबने से दो बेटियों और एक बेटे की मौत हो गयी.

# शिवराज सिंह पहुंचे धनबाद भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड भाजपा प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को धनबाद के बरवाअड्डा हवाईअड्डा पहुंचे. राज्यसभा सांसद आदित्य साहू भी उनके साथ थे. केंद्रीय मंत्री के धनबाद पहुंचने की जानकारी पाकर सांसद ढुल्लू महतो, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, जिला अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा नेता हवाईअड्डा पहुंचे. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर धनबाद सांसद व सभी भाजपा नेताओं से झारखंड में राजनीति और संगठन को मजबूत करने का दिशा निर्देश दिया. बरवाअड्डा हवाईअड्डा पर थोड़ी देर रुकने के बाद केंद्रीय मंत्री हेलीकॉप्टर से अपने गंतव्य के लिये रवाना हो गए. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान




के धनबाद आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने कहा कि वे बरवाअड्डा हवाईअड्डा पहुंचे थे. यहां एक बैठक थी, जिसमें वे शामिल होने के लिए पहुंचे थे. मीटिंग के बाद मंत्री शिवराज सिंह चौहान वापस लौट गए हैं. फिलहाल शिवराज सिंह चौहान के धनबाद पहुंचने पर कई मायने निकाले जा रहे हैं. खास कर तब जब झारखंड में कभी भी चुनावी बिगुल बज सकता है. ऐसे में झारखंड बीजेपी चुनाव प्रभारी का इस प्रकार से अचानक धनबाद आना कोताहुल का विषय बना हुआ है.

# शिविरों में 1295 आवेदनों का निष्पादन

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में 15,350 आवेदन प्राप्त

**संवाददाता। धनबाद**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सोमवार को 1295 आवेदनों का निष्पादन किया गया. वहीं शिविरों में 15350 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें फोकस स्कीम के 8574 आवेदनों में 163 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 4675 में 290 आवेदन निष्पादित किए गए. वहीं 596 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शिविरों में विभिन्न प्रकार की 246 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया. राज्य सरकार की फोकस स्कीम में अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 319, अबुआ आवास के 6885, सर्वजन पेंशन 688, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 229, जाति प्रमाण पत्र के 192, आवासीय 138 व आय प्रमाण पत्र के 123 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 27, सर्वजन पेंशन के 22, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 10, जाति प्रमाण पत्र के 39, आवासीय प्रमाण पत्र के 31 तथा आय प्रमाण पत्र के 34 आवेदनों को निष्पादित किया गया. वहीं बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम* में वृद्धा पेंशन के 466, विधवा पेंशन 63, दिव्यांगजन पेंशन 24, आयुष्यमान कार्ड वितरण के 189, व्यक्तिगत वन पट्टा के 1 तथा 3932 अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें वृद्धा पेंशन के 130, विधवा पेंशन 1, दिव्यांगजन पेंशन 2, आयुष्यमान कार्ड वितरण के 65 तथा 92 अन्य आवेदन निष्पादित किए गए.





शिकायत निवारण में जन्म प्रमाण पत्र में सुधार 17, मृत्यु प्रमाण पत्र 3, आधार कार्ड में संशोधन 226, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 1145 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 59 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आधार कार्ड में संशोधन के 109, राशन कार्ड में संशोधन के 137 आवेदन निष्पादित किए गए. शिविरों के दौरान ऑन द स्पॉट 596 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

# कांको मोड़ के मोबाइल दुकान में चोरों की सेंधमारी

- डेढ़ लाख के समान उड़ाए

**संवाददाता। कतरास**

कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत कांको मोड के समीप संचालित अंशिका मोबाइल नामक दुकान में रविवार की देर रात सेंधमारी कर चोर करीब डेढ़ लाख का मोबाइल सामान सहित नगद उठा ले गए, सुबह दुकान मालिक को चोरी की जानकारी हुई तो उसने इसकी सूचना कतरास पुलिस को दी. खबर पाकर इसके पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की.भुक्तभोगी जमुआटांड़ पंचायत अंतर्गत श्रीधरपुर निवासी गौतम कुमार गोपी ने बताया कि हर रोज की तरह रविवार की रात करीब दस बजे दुकान बंद कर घर चला गया था. सुबह दुकान पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई. दुकान में लगे सीसीटीवी



फुटेज के अनुसार करीब 12 बजे चोर दुकान के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर दुकान के अंदर घुस गए. इस दौरान दुकान में रखा लगभग डेढ़ लाख के मोबाइल और एक्सेसरीज के सामान ले गए. दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चोर सर पर बोरा ढक कर आया था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पा रही है. दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा से चोर पूरी तरह वाकिफ था.

## ब्रीफ खबरें

### मायुमो जिला अध्यक्ष के पद से पवन महतो ने दिया इस्तीफा



**धनबाद ।** मायुमो जिला अध्यक्ष पद एवं मासस के सभी सक्रिय पद से पवन महतो ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया. मासस एवं भाकपा माले की एकता रैली कार्यक्रम में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी एंव महासचिव हलधर महतो को इस्तीफा पत्र सौंपा. पवन महतो मार्क्सवादी युवा मोर्चा धनबाद जिला अध्यक्ष के पद पर एवं केंद्रीय स्तर पर मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य कर चुके हैं. लगभग एक दशक से तीन टर्म के रूप में मायुमो जिला अध्यक्ष के पद पर रहकर मासस को मजबूत करने का प्रयास किया था.

### सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद :** जज हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे आरोपी राहुल वर्मा व लखन वर्मा के विरुद्ध दर्ज मोबाइल चोरी के मामले की सुनवाई सोमवार को अदालत में हुई. धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे की अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध हत्या के अलावे ऑटो चोरी एवं मोबाइल चोरी अलग एफआईआर 7 सितंबर 21 को दर्ज की थी. सीबीआई ने दोनों के विरुद्ध 27 अक्टूबर 21 आरोप पत्र दायर किया था. 24 नवंबर 21 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी.

### महेंद्र हत्याकांड में कुलदीप का बयान दर्ज

**धनबाद :** माले विधायक महेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोप में जेल में बंद हार्डकोर नक्सली रमेश दा ऊर्फ साकिम दा को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में पेश किया गया. सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कुलदीप सिंह को बतौर गवाह पेश किया. जिसे अदालत को दिए बयान में घटना का समर्थन किया हालांकि उसने किसी को पहचानने से इनकार किया.अदालत ने सीबीआई को गवाह पेश करने का आदेश दिया है.उल्लेखनीय है कि 6 फरवरी 05 को माले विधायक महेन्द्र सिंह कि हत्या बगोदर से सभा कर लौटते समय दुर्गीधवैया गांव के समीप मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने स्वचालित हथियार से गोली चलाकर कर दी थी. हत्या की गुत्थी सुलझाने का जिम्मा सीबीआई के स्पेशल क्राईम ब्रांच लखनऊ को सौंपी गई थी. जिसमें प्राथमिकी आरसी केस नंबर 07(एस)/05(एल) दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था.

### निषेधाज्ञा के बाद आउटसोर्सिंग शुरू

**तेतुलमारी ।** तेतुलमारी कोलियरी के बेलदरिया पैच में निषेधाज्ञा लगने के बाद सोमवार से एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी का परियोजना विस्तार कार्य शुरू हो गया. कंपनी कर्मी शेड निर्माण करने के लिए जमीन की खुदाई कर खंभा लगाते देखे गये. उक्त स्थान पर काफी कम संख्या में लोग जमा थे, जो कार्य करवाने मे लगे हुए थे, वहीं पुलिस लगातार गश्त कर रही थी, जिसे देख ग्रामीण आने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे, लेकिन ग्रामीण अपनी जमीन के बदले मे नियोजन की मांग को लेकर आन्दोलन करने की रणनीति तैयार कर रहे हैं. लोगो का कहना था कि कंपनी पहले हमलोगों को नियोजित कर सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करे.

**आंदोलन : बीसीसीएल कर्मियों के साथ ग्रामीण व कालोनी के लोगों ने भी लिया फैसला**

# निजी कंपनी को खदेड़ने को कस चुके हैं कमर:शेख रहीम

**खास बातें**

- खरखरी कोलियरी मजदूरों का धरना छठे दिन भी जारी
- तबादले और निजीकरण के विरोध में एकजुटता

संवाददाता । मधुबन



बीसीसीएल गोविन्दपुर एरिया तीन के खरखरी कोलियरी के मजदूरों को महेशपुर व अन्य कोलियरियों में तबादला करने व एमडीओ तहत निजी कम्पनी को देने के विरोध में संयुक्तमोर्चा का सोमवार को छठे दिन भी खरखरी कोलियरी पीट पर धरना जारी रहा. इस दरमियान आंदोलनकारियों ने धरनास्थल से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए खरखरी कोलियरी कार्यालय पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया. इस मौके पर बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि मजदूरों के हक की लड़ाई को संयुक्त मोर्चा अंतिम दम तक लड़ने के लिये तैयार है. प्रबंधन की मजदूरों के साथ दमनात्मक नीति के दमन के लिये खरखरी कोलियरी में विशाल आमसभा आयोजन को लेकर विभिन्न दल के नेताओं से संपर्क साधा जा रहा है.

मामले में कुछ बड़े नेताओं की सहमति भी मिल चुकी है. शेख ने कहा कि किसी कीमत पर एमडीओ को खरखरी कोलियरी में घुसने नहीं दिया जाएगा.इसके लिये मजदूरों के साथ ग्रामीणों और कॉलोनी के लोगों ने भी एमडीओ की निजी कंपनी को खदेड़ने के लिये कमर कस लिया है. मौके पर कैलाश हाड़ी, विभाष कुमार, विशुन देशवाली, बड़ावावु तिवारी, भागीरथ मंडल, मो ताजमुल, मुकेश साव, शेख सिद्दीकी, मो कलाम ,आदि लोग शामिल थे.

## अंतर विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी विजेता



**तेतुलमारी।** सरस्वती विद्या मंदिर तेतुलमारी में सोमवार को क्रीड़ा भारती द्वारा अंतर विद्यालय खेल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी और नेहरू बालिका उच्च विद्यालय तेतुलमारी के बीच खेला गया. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी की टीम 48 प्वाइंट्स लाकर विजेता बनी. वहीं 27 प्वाइंट्स लाकर नेहरू बालिका उच्च विद्यालय तेतुलमारी की टीम उप विजेता घोषित हुई. प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया. मौके पर विद्यालय के उपाध्यक्ष नकुल चन्द्र दास , राज शेखर सिंह, सुनील सिंह, सुरेश, रितेश, रेफरी अखिलेश सिंह समेत शिक्षक और शिक्षिका मौजूद थे.

# अल इकरा कॉलेज का बोकारो डीआईजी ने किया निरीक्षण

## जन समस्या समाधान शिविर में लोगों को मिलेगा लाभ : सुरेंद्र कुमार झा

- गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, पूर्वी टुंडी एवं मनियाडीह थाना क्षेत्र की समस्याओं का यहां होगा निष्पादन

संवाददाता । गोविंदपुर

बोकारो क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेंद्र कुमार झा ने सोमवार को अल इकरा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थित जन समस्या समाधान कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि जन समस्या समाधान इस शिविर में गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, पूर्वी टुंडी एवं मनियाडीह थाना क्षेत्र की समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसमें केवल पुलिस विभाग की ही नहीं बल्कि अन्य विभागों की समस्याओं को लेकर भी लोग आवेदन देंगे. अनेक समस्याओं का समाधान तत्काल कर दिया जाएगा और अन्य विभागों की समस्याओं का समाधान 15 दिनों में कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि झारखंड के पुलिस महानिदेशक कि यह अनूठी पहल है और इसका लाभ लोगों को मिलेगा. उन्होंने कहा कि उक्त सभी थाना क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों, थाना स्तर के शांति समिति सदस्यों, पुलिस जन सहयोग समिति सदस्यों एवं आम जनता को आमंत्रित किया गया है. पंचायत प्रतिनिधियों से समस्या ग्रस्त लोगों को लेकर आने की अपील की गई है. उन्होंने धनबाद के सिटी एसपी अजीत कुमार एवं ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को कार्यक्रम के संबंध में कई निर्देश दिए. मौके पर डीएसपी मुख्यालय वन शंकर कामती, मुख्यालय टू संदीप गुप्ता, गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद, बरवाअड्डा थानेदार सुनील कुमार रवि, अल इकरा बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ शमीम अहमद, सचिव डॉ एस खालिद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक ईशा शमीम आदि मौजूद थे.

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम : जागरूकता रथ को सिंदरी डीएसपी ने दिखाई हरी झंडी

धनबाद । पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को सफल बनाना और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से झरिया थाना परिसर से सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राऊत ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना किया. सिंदरी डीएसपी ने बताया कि जागरूकता रथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में घूमेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर उक्त शिविर में पहुंचे. जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को कहा कि 10 सितंबर को जन शिकायत समाधान को लेकर जोरापोखर थाना क्षेत्र के टाटा ऑडिटोरियम में कैम्प लगाया जाएगा. कैम्प के माध्यम से लोग अपनी-अपनी



शिकायत दर्ज कर सकते हैं. शिकायत के बाद प्रशासन की ओर से समास्या का समाधान किया जाएगा. डीएसपी ने बताया कि लोगों को जागरूकता रथ के माध्यम से 10 सितंबर को टाटा ऑडिटोरियम जोरापोखर में आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर जागरूक किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करना और पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को बढ़ाना है.

### कोयला मंत्री के धनबाद दौरे पर यूनियन नेताओं की नाराजगी

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे का रविवार को धनबाद दौरा पर यूनियन नेताओं ने बिना एजेंडे का दौरा बताया. महज तीन महीने के अंतराल में एक बार केंद्रीय कोयला मंत्री और दूसरी बार कोयला राज्य मंत्री धनबाद आए. लेकिन बीसीसीएल के ज्वलंत समस्या ,पुनर्वास के अलावा महत्वपूर्ण मुद्दा झरिया मास्टर प्लान पर दो लफ्ज तक नहीं था. इतना ही नहीं रविवार को केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री के धनबाद बीसीसीएल दौरे पर कोई बड़ा निर्णय नहीं हो सका. ऐसे में बीसीसीएल को अब कोयला मंत्रालय से धनबाद के इंफ्रास्ट्रक्चर और श्रमिकों की विकास पर को लेकर एक पहल की बड़ी जरूरत है. उक्त बातें जनता मजदूर संघ के नेता भुनेश्वर सिंह ने कही है. भुनेश्वर सिंह ने कहा मंत्री अपने गुप्त एजेंडे के जरिए अधिकारियों से बात कर निकल जाते हैं. कोयला मंत्री दो बार आए लेकिन कोयला राजधानी धनबाद के लिए एक भी घोषणा नहीं की. ये सोचनीय है, आखिर मंत्री क्यों आए थे. जनता श्रमिक संघ के कोयलाभवन शाखा सचिव संतोष सिंह ने कहा कि त्रुटि तो बहुत कुछ है.उन्होंने कहा कि मंत्री मीडिया को पास बुलाकर अपना बयान देते मजदूर हितों में बात करते तब कुछ त्रुटि नहीं होती. कई यूनियन अपना-अपना डिमांड देते हैं,यूनियन नेता ने कहा कि आज बीसीसीएल में कई नियोजन का फाइल कई वर्ष से लंबित है,मजदूरों का पानी बिजली का संकट बढ़ा हुआ है. कोलानियों में समस्याओं का अंबार लगा है. खदानें भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रही हैं.

## टुंडी प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी



- ढुलाई के लिए ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों का किया जाता है इस्तेमाल

**टुंडी।** टुंडी प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू का करोबार धड़ल्ले से चल रहा है. बालू का उठाव बराकर नदी से किया जाता है. टुंडी के पाण्डेडीह, धधकीटांड़, सिंदवारीटांड़, बहादुरपुर समेत अन्य जगहों पर सुबह से शाम तक अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों को गुजरते देखा जा सकता है. इस बालू को टुंडी, गोविन्दपुर, ओझाडीह कटनियां के रास्ते बरवाअड्डा के विभिन्न क्षेत्रों में खपाया जाता है. एक सौ सीएफटी बालू करीब पैंतीस सौ रुपए की दर से बेचा जाता है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार टुंडी के रास्ते प्रतिदिन बालू लदे एक सौ से अधिक वाहनों को गुजरते देखा जा सकता है. ग्रामीणों का आरोप है कि बालू के अवैध कारोबार रोकने में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है. पुलिस चाह ले तो तुरंत बालू का कारोबार बंद हो जाएगा, लेकिन पुलिस सबकुछ जानने के बाद भी मूकदर्शक बनी बैठी है.

## करम महोत्सव में गीत और नृत्य से बांधा समां



**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के नेरो पंचायत में आयोजित करम महोत्सव में जावा गीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिया में 35 टीमों ने भाग लिया. महिलाओं और युवतियों ने जावा गीत और नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया. मौके पर विनोद बिहारी महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के निदेशक परितोष महतो, तोपचांची प्रखंड प्रमुख आनंद महतो, हुबलाल महतो, राहुल कुमार, मुकेश कुमार, बहादुर राय, माथुर प्रसाद, दिलीप कुमार, नारायण महतो, भीमलाल महतो समेत अन्य उपस्थित थे.

## दोषी सुपरवाइजर को तत्काल कार्य से हटाने की मांग



संवाददाता । निरसा बाजार

निरसा अंचल के ऊर्जा मित्रों की समस्या को लेकर सोमवार को ऊर्जा मित्रों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता मन्नू तिवारी के नेतृत्व में कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार निराला से मुलाकात की. इस दौरान बिलिंग कंपनी एक्सप्लोर प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर द्वारा ऊर्जा मित्रों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरुद्ध शिकायत की कार्यपालक अभियंता ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि सुबोध पाल एवं राजीव कुमार एवं ऊर्जा मित्रों तथा भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर दोषी सुपरवाइजर को तत्काल कार्य से हटाने पर सहमति बनी. मौके पर मधुरेंद्र गोस्वामी, उज्जवल तिवारी, योगेंद्र यादव, मल्लेश्वरी यादव, बंपी चक्रवर्ती, नदीम, विकास रवानी, गुलाब मंडल, राजीव सिंह, मनीष, शंकर, सोनू कुमार साव, शेख राजा, रवि कुमार, विशाल कुमार,राजेश बाउरी, मुकेश सिंह, शफीउल काजी, यादव राय सहित बड़ी संख्या में ऊर्जा मित्र उपस्थित थे.

# शिविर में अधिकारी-जनप्रतिनिधि नदारद, हांफते रहे फरियादी

## आपकी सरकार, आपके द्वार योजना का महुदा में बुरा हाल

संवाददाता । महुदा

बाघमारा प्रखंड के पाथरगड़िया पंचायत सचिवालय में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, शिविर में सरकारी पदाधिकारी से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि नदारद रहे, मनरेगा योजना के दो चार कर्मी पहुंचे थे, जो महिलाओं से अबुआ आवास का फार्म जमा ले रहे थे, इसके अलावे कुछ आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.



शिविर में स्वास्थ्य का जांच के अलावा कुछ नहीं हो रहा था, पंचायत भवन में सिर्फ अबुआ आवास व मैइया सम्मान योजना का फार्म भरा जा रहा था,अपनी समस्याओं व योजनाओं को लेकर पहुंचे लोग दिन भर हांफते रहे. लोगों ने कहा कि स्थानीय पदाधिकारी सरकार की योजनाओं को लोगों तक नहीं पहुंचने देना चाहते हैं. इसलिए अधिकारी महज खानापूर्ति कर शिविर को कागजों में चला रहे हैं. सरकार को चाहिए कि इस तरह सरकार को बदनाम करने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें, तभी अधिकारी अपने हरकतों से बाज आएंगे.

### बीसीसीएल : प्रतिदिन उत्पादन रिपोर्ट

| एरिया | | कोल | ट्रांसपोर्ट |
|---|---|---|---|
| बरोरा | - | 17,515 टन | 17,768 टन |
| ब्लॉक-2 | - | 16,020 ” | 14,139 ” |
| गोविंदपुर | - | 1,700 ” | 4,240 ” |
| कतरास | - | 6,445 ” | 4,623 ” |
| सिजुआ | - | 7,200 ” | 4,569 ” |
| कुसुंडा | - | 14,200 ” | 9,005 ” |
| पंजाब | - | 612 ” | 0 ” |
| बस्ताकोला | - | 10,228 ” | 10,805 ” |
| लोदना | - | 15,700 ” | 16,960 ” |
| ईजे | - | 10,010 ” | 3,340 ” |
| सीवी | - | 1,520 ” | 0 ” |
| डब्ल्यू जे | - | 0 ” | 0 ” |
| कुल | | 101,150 | 85,449 |

**भागवत कथा** भगवान की बाल लीलाओं का रहस्य गहरा है

# अनंत है भागवत कथा की महिमा : ब्रजेश

**खास बातें**

- मन्नत पूरी करने के लिए भगवान से चतुराई मत करो
- मित्तल परिवार के सदस्यों ने आगंतुकों का किया स्वागत

संवाददाता । गोविंदपुर

भागवत मर्मज्ञ ब्रजेश जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा की महिमा अनंत है. भागवत कथा श्रवण करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति जीव को होती है. उन्होंने कहा कि भगवान की बाल लीलाओं का रहस्य गहरा है. माखन चोरी कोई साधारण घटना नहीं है.भगवान ने केवल माखन की चोरी नहीं की थी, बल्कि अपने भक्तों के मन को चुराया था. उनके पापों को चुराकर निष्कलंक



बनाया था. भागवत जीवन का विज्ञान है. यह जीव को पूर्णता की यात्रा कराता है. जीव कैसे अपने धर्म को निष्ठापूर्वक निभाये, जीवन का ध्येय क्या है, यह भागवत सिखाता है. भागवत भय, काम, क्रोध व लोभ से मुक्ति दिलाता है. मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाता है. मानव को सत्कर्म की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है. महाराज ने कहा कि सत्संग से सुख की प्राप्ति होती है. सत्संग का एक ही साधन है भगवान का स्मरण. कुसंग के अनेक साधन हैं. कुसंग में फिसल जाने का डर रहता है, यह हानिकारक है. सत्संग से अच्छाई को प्राप्त करने मं समय लगता है, लेकिन कुसंग से बुराईयों को प्रवेश करने में जरा भी विलंब नहीं होता है. सावधानी रखकर कुसंग से बचा जा सकता है. उन्होंने कहा कि जब हम भगवान के समक्ष किसी कार्य को पूरा करने के लिए मन्नत मांगते हैं तो कार्य पूरे होने पर मन्नत पूरी करनी चाहिए. भगवान से कोई चतुराई मत करो. अपनी इच्छा पूरी करने के लिए मन, वाणी से जो संकल्प लिया है उसे पूरा करो1 हमारे विचार, वाणी और व्यवहार सत्य स्वरूप है. हमारा शरीर आध्यात्मिक रूप से भगवान का स्वरूप है. कथा आयोजन मित्तल परिवार के सदस्यों ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया.

## श्रीमद्भागवत कथा में भगवान शिव और ऋषभदेव प्रसंग सुनाया

- भक्ति गीतों पर भाव विभोर हुए श्रोता

संवाददाता । झरिया

श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन झरिया अग्रवाल धर्मशाला नया भवन में कथा का रसपान श्रोताओं ने किया. वृंदावन से आए कथा व्यास जय कृष्ण दास महाराज जी ने भगवान शिव, ऋषभदेव एवं कर्दम ऋषि के प्रसंगों को सुनाया. कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी हैं. संसार के कल्याण के लिए वे अपने कंठ में विष धारण किए. इस वजह से वे महादेव हैं.



कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव और ऋषभदेव की वेशभूषा और चरित्र में लगभग समानता है. दोनों आदिदेव कहे गए हैं. दोनों नाथों के नाथ आदिनाथ कहे जाते हैं. दोनों ही जटाधारी और दिगंबर हैं. दोनों के लिए हर शब्द का प्रयोग किया जाता है. दोनों ही कैलाशवासी हैं. ऋषभदेव ने कैलाश पर्वत पर तपस्या कर कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया. दोनों का संबंध नंदी बैल से है. ऋषभदेव का चरण चिह्न बैल है. दोनों की मान्यताओं में फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी और चतुर्दशी का महत्व है. शिव चंद्रांकित है तो ऋषभ भी चंद्र जैसे मुखमंडल से सुशोभित हैं.उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के 24 अवतारों का उल्लेख पुराण में है. भगवान विष्णु ने ऋषभदेव के रूप में 8 वां अवतार लिया था. कथा के दौरान सुमधुर भक्ति गीतों से श्रोता भाव विभोर होते रहे.




MAYA ACADEMY

Classes (BOARDS - CBSE, ICSE, JAC)

VI-X - (English, Social Science, Computer)

XI-XII (ARTS) - (English, History, Geography, Pol.Sc, Computers)

U.G. & P.G Courses

Honour Subjects - English, History

M.A. Subjects - English, History

IGNOU, BBMKU, VINOBA BHAVE (VBU)

By :- SONA BISWAS

M.A (ENGLISH), M.A (HISTORY),M.C.A

DOEACC('A' Level qualified) - New Delhi

## ब्रीफ खबरें

### सात वाहनों को बीएच सीरीज नंबर आवंटित

**बोकारो।** बोकारो सहित पूरे राज्य में भारत सीरीज (बीएच) नंबर के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अगस्त माह से शुरू हो गई है, जिससे लंबे वक्त से इसका इंतजार कर रहे वाहन मालिकों के लिए यह बड़ी खुशखबरी है. बोकारो जिले में अब तक सात वाहनों को बीएच सीरीज नंबर आवंटित किया जा चुका है. जिला परिवहन अधिकारी वंदना शेजलवालकर ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके सॉफ्टवेयर पर कई दिनों से काम चल रहा था, जो अब पूरा हो चुका है. इसके साथ ही पूरे राज्य में बीएच सीरीज नंबर के लिए रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू कर दी गई है.

### अनिश्चितकालीन धरना 20 वें दिन भी जारी

**डुमरी (गिरिडीह)।** अभिभावक एकता मंच डुमरी के तत्वावधान में बीते 21 अगस्त से डुमरी अनुमंडल कार्यालय प्रांगण में 3 सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 20 वें दिन भी जारी रहा. अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर महतो एवं संचालन करमचन्द महतो ने किया. धरना में चिन्हित आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सदस्यगण एवं यूएमएस पारगो तिलैया में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित होकर अपना समर्थन देकर सरकार से मांगों पर सार्थक पहल करने की अपील की, अन्यथा विधानसभा चुनाव में इसका मुद्दा बनाकर क्षेत्र के लोगों को जगाने का निर्णय लिया गया.

### गणेश प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बाजार व आसपास के क्षेत्रों में स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा का सोमवार को धूमधाम से विसर्जन करने के साथ गणेश महोत्सव संपन्न हो गया. शाम से ही तालाब व नदी किनारे प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचने लगे. गणपति बप्पा मोरया और अगले बरस तुम जल्दी आना... के जयकारे लगते रहे. ढोल नगाड़े के साथ श्रद्धालुओं ने काफी श्रद्धा और उत्साह से प्रतिमा को जलधारा में प्रवाहित किया.

### राष्ट्रीय एकता विकास मंच की बैठक

**देवघर।** स्थानीय कुंडा मोड़ के एक निजी सभागार में राष्ट्रीय एकता विकास मंच की एक अहम बैठक हुई. जिसमें मुख्य रूप से मंच के प्रदेश प्रभारी दीपू झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई. जिसमे केंद्रीय अध्यक्ष सत्य कुमार मुख्य अतिथि के तौर पे उपस्थित थे. सत्य कुमार ने बताया कि उनकी संस्था राजनीतिक नहीं है और झारखंड में अपना विस्तार के लिए बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर से शुरूआत की है. बैठक में सुनील कुमार झा को जिला अध्यक्ष और शंभु गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया. इन दोनों को जल्द ही जिला में संगठन को विस्तार करने को कहा गया है.

### केबी कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह

**कथारा।** बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह स्थित केबी कॉलेज में सोमवार 09 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में शिक्षक सम्मान समारोह मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुरु की महिमा और योगदानों पर चर्चा करते हुए किया गया. प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा कि देश में गुरू को भगवान व माता पिता से भी ऊपर का स्थान दिया गया है. मानव के जीवन निर्माण के सभी स्तंभों में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है.

### एनसी कैंप में दर्जनों महिलाओं ने कराई जांच

**तिसरी (गिरिडीह)।** स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना (पीएमएसएमए) के तहत गर्भवती महिला का एनसी जांच कैंप का आयोजन किया गया. इस कैंप में प्रखंड से दर्जनों महिलाओं ने टेस्ट करवाया. इस बाबत तिसरी स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी चिकित्सक डॉ देवरथ ने बताया कि यह कैम्प प्रतिमाह लगाया जाता है और इस कैंप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का एनसी जांच सहित सभी प्रकार का जांच किया जाता है. यह प्रत्येक महीना के अंतिम बुधवार को कैंप लगाकर एनसी जांच किया जाएगा. इस मौके पर यूनिसेफ से मिथिलेश कुमार, बीपीओ किरण, बीटीटी नीलमणि गुप्ता, एएनएम चंद्रानी बेसरा, बासोनी मरांडी, हेलेन शिला, शुबिना,एलटी प्रशांत गुप्ता, सबीना निर्मला आदि मौजूद थे.

# प्राचार्य डॉ गंगवार को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड

## नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति रहे न्यायमूर्ति परमानंद झा ने किया सम्मानित



**संवाददाता।बोकारो**

डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक और ख्याति मिली है. नई दिल्ली के द इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉ के सभागार में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में नेपाल के प्रथम उपराष्ट्रपति रहे न्यायमूर्ति परमानंद झा ने उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया. अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच व राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन में डॉ गंगवार को यह सम्मान मिला. नेपाल सरकार की उपसभा प्रमुख (प्रतिनिधि सभा) इंदिरा राणा मगर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, मध्य प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री रविकरण साहू, राजस्थान के विधायक गोपाल शर्मा समेत 22 देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. इनमें भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, क्रोएशिया, फिनलैंड, इराक, इजराइल, ट्यूनीशिया, श्रीलंका, मालदीव, ऑस्ट्रिया आदि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे. डॉ गंगवार को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, स्मृति फलक व पदक प्रदान किया गया तथा शॉल ओढाकर व नेपाली टोपी पहनाकर अलंकृत किया गया. समारोह में डॉ. गंगवार ने 'भारत की शक्ति, विश्व बंधुत्व व ग्लोबल विलेज' के विषय पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया.

### गावां के बम ब्लास्ट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के गदर में झोपड़ी में हुए ब्लास्ट मामले में गावां थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है. घटना के संबंध में बता दें कि रविवार को गदर पावर प्लांट के पास लगाए गए झोपड़ी में अचानक ब्लास्ट होने से पिता पुत्र घायल हो गया था. जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया गया था. थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि गुलगुलिया परिवार के कुछ लोग झुग्गी झोपड़ी लगाकर गदर के पास रह रहे थे. ये लोग घूम-घूमकर दवा बेचने का काम करता था. वहीं जंगली जानवरों को मारने के लिए गोला बम बनाकर झोपड़ी में रखे हुए था, जिसपर बच्चे का पैर पड़ जाने से ब्लास्ट हो गया था. जिसमें पिता मजिन पारधी व इसका 2 वर्षीय पुत्र अजिन पारधी घायल हो गया था. घटना के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची थी परन्तु स्वजन झोपड़ी हटाकर फरार हो गया था. इस संबंध में मजिन पारधी कटनी मध्य प्रदेश निवासी पर मामला दर्ज कर लिया गया है.

### चाकूबाजी में दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**संवाददाता।बोकारो**

बालीडीह थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की एक घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और घटना के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना 8 सितंबर की रात करीब 21:30 बजे हुई, जब बियाडा क्षेत्र स्थित बसुधा फैक्ट्री के नीचे मैदान में एक व्यक्ति को चाकू मार दिया गया. पुलिस ने घायल दुर्गेश चौधरी को सदर अस्पताल बोकारो में भर्ती कराया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए बी०जी०एच० अस्पताल में रेफर किया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और घटना के सिलसिले में धर्मवीर शर्मा और रामनरेश उर्फ पातर नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू और स्वीफ्ट डिजायर कार भी बरामद की है. आरोपियों ने बताया कि यह घटना 31 अगस्त को जनमाष्टमी पर्व के विसर्जन के दौरान हुए विवाद का बदला था. पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है.

# बीजीएच में कार्यरत ठेका मजदूर की मौत

## परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप, नियोजन व मुआवजा के लिए धरना-प्रदर्शन



**संवाददाता।बोकारो**

इलाज के अभाव में बोकारो जनरल अस्पताल के ही एक ठेका कर्मी की मौत हो गई. इस मौत के लिए बीजीएच को जिम्मेदार ठहराते हुए परिजन और सहकर्मी सोमवार को बोकारो जनरल अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किया. मामला बोकारो जनरल हॉस्पिटल में काम के दौरान ए ग्रेड मजदूर 50 वर्षीय दिलीप लकड़ा की मौत का है. मृतक के पुत्र को नियोजन तथा परिजनों को उचित मुआवजे की मांग को लेकर परिजन धरना पर बैठ गए. परिजनों का आरोप है कि बीजीएच में बतौर ठेका मजदूर काम करने वाले दिलीप लकड़ा के इलाज में लापरवाही बरती गई. समय रहते उसका उचित उपचार शुरू नहीं किया गया. जिस कारण शुक्रवार को उसकी मौत हो गई.

शव अभी तक बीजीएच के शवगृह में सुरक्षित रखा है. परिजनों ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएगी, तब तक हम शव रिसीव नहीं करेंगे.

घटना को लेकर परिजनों तथा सह कर्मियों ने बताया कि दिलीप लकड़ा बोकारो जनरल हॉस्पिटल में एक ग्रेड (ठेका) मजदूर के तौर पर लगभग 15 वर्षों से काम करता था. बोकारो जनरल हॉस्पिटल के नेफ्रो वार्ड में कार्यरत था.

शुक्रवार सुबह ए शिफ्ट ड्यूटी में पहुंचा. ड्यूटी करने के दौरान करीब 7 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी. तबीयत खराब होता देख सहकर्मियों ने उसे वार्ड में भर्ती कराया. तत्पश्चात उनके परिजनों को सूचना दी. कहा कि बीजीएच द्वारा इलाज के लिए दिलीप का आयुष्मान कार्ड लाने को कहा गया. आयुष्मान कार्ड लाने व कागजी कार्रवाई पूरी करने में करीब 3 घंटे का वक्त गुजर गया.

इस बीच सिर्फ उन्हें स्लाइन वाटर चढ़ा कर रखा गया. कहा कि इस 3 घंटे में उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई. दिलीप की हालत बिगड़ता देख अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में उसे आईसीयू में भर्ती किया. तब-तक दिलीप का ब्रेन हेमरेज हो चुका था. इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई.

**मांग पूरी होगी तब उठेगा शव**

मृतक सेक्टर 8 बी स्ट्रीट 9 में झोपड़ी में रहने वाला था. मृतक अपने पीछे एक लड़का एवं दो लड़की छोड़ गया. मृत्यु की सूचना जब उनके परिजन को मिली तो वह अस्पताल परिसर में लापरवाही बरतने एवं बेहतर इलाज ना होने का आरोप लगाते हुए प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन में उतर गये. मृतक दिलीप लकड़ा के सहकर्मी भी मुआवजे और नियोजन की मांग को लेकर परिसर में धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. लखीराम कर्माकर ने बताया कि मृतक को अभी बीजीएच के ही मर्चरी में रखा गया है. कहा कि अभी ग्रेड ए, ग्रेड बी और ड्रेसर हड़ताल पर है. मांग पूरी नहीं हुई तो लॉन्ड्री असिस्टेंट, अटेंडेंट सभी कर्मचारी स्ट्राइक पर जायेंगे.

### तिसरी में दो ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग आत्महत्या के मामले सामने आए हैं. पहले मामले में एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के बाद कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली, जबकि दूसरे मामले में एक विवाहिता ने फंदे से झूलकर जान दे दी. पहली घटना रविवार की रात 10 बजे हुई, जब राहुल पंडित नामक एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के बाद घर से निकल कर कुएं में छलांग लगा दी. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया. दूसरी घटना सठनाल गांव में हुई, जहां एक विवाहिता रुखसार खातून ने बंद कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी. उसका विवाह तीन माह पहले ही हुआ था और उसका पति हैदराबाद में काम करने गया हुआ था. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है और मामले की तहकीकात में जुट गई है.

### बुद्ध विहार सेक्टर चार में समूह गान प्रतियोगिता

**बोकारो।** बुद्ध विहार सेक्टर चार में रविवार को भारत विकास परिषद दक्षिण शाखा ने शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता कराई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस आर यू (सेल) के अधिशासी निदेशक पी रथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं भारत माता तथा विवेकानंद की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया. अधिशासी निदेशक पी रथ ने कहा कि विद्यार्थियों को देश की सभ्यता- संस्कृति से जोड़ने की पहल हो रही है. संस्था के बच्चों में राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत कर रही है. उन्होंने कहा कि देश का ना केवल आर्थिक विकास बल्कि सांस्कृतिक तथा बौद्धिक विकास भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को भारत विकास परिषद एवं कार्यक्रम से परिचय कराया. कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार ने प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा कोषाध्यक्ष अनुप कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय संबोधन किया.

### क्षमापना दिवस के साथ नौ दिवसीय पर्युषण पर्व का समापन

**बोकारो।** जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज की ओर से चास के माणकचंद छल्लाणी भवन में मनाए जा रहे नौ दिवसीय पर्युषण पर्वाराधना का सोमवार को समापन हो गया. पर्युषण पर्व के अंतिम दिन को क्षमापना दिवस के रूप में बड़ी श्रद्धा व त्याग के साथ जैन धर्मावलंबियों ने मनाया. उन्होंने जाने-अनजाने में हुई भूल-चूक के लिए छोटे-बड़े, पशु-पक्षी सहित पूरी प्रकृति से माफी मांगी. आचार्य श्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक निर्देशन में कोलकाता से पहुंचीं जैन उपासिका विमला मनोत एवं सरला छाजेर के सान्निध्य में सूर्योदय के साथ ही जैन धर्मावलंबी पहुंचने लगे और वर्ष भर में हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से परस्पर क्षमा-याचना की. अपने सात दिनों तक त्याग, तपस्या, जप, मौन, संयम के साथ पर्युषण पर्व को आध्यात्मिक तरीके से मनाने के बाद आठवें दिन सभी जैन धर्मावलंबियों ने उपवास किया और सोमवार को क्षमापना दिवस मनाया.

### महिला समूहों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत भवन में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस दौरान प्रखंड, अंचल, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा समेत अन्य विभागों से जुड़े अलग-अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों व लाभुकों को सेवा दी गयी. इस दौरान अबुआ आवास, पेंशन एवं मंईयां योजना के स्टॉल में सबसे ज्यादा भीड़ दिखी. मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज, बीडीओ अनिल कुमार, सीओ सुरेश कुमार सिन्हा, स्थानीय मुखिया ममता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे. विधायक समेत अन्य प्रतिनिधियों ने शिविर में सभी स्टॉल का जायजा लिया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया. साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली बच्चों को साइकिल का वितरण किया.

### शहीद सीआरपीएफ जवान का अंतिम संस्कार

**साहिबगंज।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में शहीद साहिबगंज निवासी सीआरपीएफ जवान शाहबाज आलम का सोमवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया. सुबह में उनके पैतृक आवास कुलीपाड़ा से निकली शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. पूरे शहर का भ्रमण कर शव यात्रा स्टेडियम के समीप स्थित कब्रिस्तान पहुंची, जहां शहबाज आलम को सुपुर्दे खाक किया गया. शहीद शाहबाज आलम का पार्थिव शरीर सीआरपीएफ के विशेष वाहन से रविवार की देर शाम साहिबगंज के कुलीपाड़ा स्थित उनके पैतृक आवास पर लाया गया था, जहां अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा. ज्ञात हो कि सीआरपीएफ जवान शाहबाज आलम की शुक्रवार की सुबह दंतेवाड़ा में ड्यूटी के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर शहीद हो गए थे. वह अपनी बटालियन के साथ ट्रेनिंग के लिए दंतेवाड़ा के घने जंगलों में गए थे. तभी तेज बारिश के दौरान ठनका गिरने से शहबाज आलम व एक अन्य जवाना इसकी चपेट में आ गए. दोनों को निकट के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया था. शहबाज आलम को 6 वर्ष का बेटा और डेढ़ साल की एक बेटी हैं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

# जिप सदस्य ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास

## 55 लाख 42 हजार 832 की लागत से बनेगा भवन



**संवाददाता।डुमरी (गिरिडीह)**

डुमरी प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मणटुंडा पानी टंकी के पास 15वीं वित्त आयोग के जिला परिषद् कार्य एजेंसी से 55 लाख 42 हजार 832 रूपये की लागत से बनने वाली उप स्वास्थ्य केन्द्र की शिलान्यास सोमवार को जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने नारियल फोड़ व फीता काट कर किया. इस दौरान भाजपा युवा नेता सुरेन्द्र कुमार, मुखिया अमीना खातून, उप मुखिया समीरन बीवी, पूर्व मुखिया गिरजानंदन प्रसाद, जमाल अंसारी, फुलचंद पंडित आदि मुख्य उपस्थित थे.

जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की विकास के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा जरुरी है और यह दो सुविधा लोगों को नियमित रूप से मिल जाए तो लोग स्वयं आत्मनिर्भर बन जाएंगे, इसी उद्देश्य को लेकर मेरा एक सपना था कि यहां एक बढ़िया उप स्वास्थ केन्द्र/अस्पताल बने जिसकी आधारशिला रखी गई और शीघ्र वह सपना पूरा होगा. जिससे इस क्षेत्र के तेलियाटुंडा, जमुआकला, नाथडीह मटियोबेड़ा, बुधनडीह, टेसाफुली, कसमाकुरहा, तुइयो, चकरबरई, चपरखो, खुटा, बनखारो, लक्ष्मणटुंडा व बरमसिया गांव के हजारों लोग को एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी.

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, उग्र लोगों ने किया सड़क जाम



**संवाददाता।गोड्डा**

ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हुए युवक की मौत हो गई. घटना बीते रविवार संध्या करीब सात बजे की बताई जाती है. ग्राम कनभरा निवासी छोटू साह सब्जी लाने बगल के गांव गरबन्ना हाट गया हुआ था. देर संध्या सब्जी लेकर घर लौटने के क्रम में पीछे से एक ट्रैक्टर ने आकर धक्का मार दिया. धक्का लगने से युवक औंधे मुंह सड़क पर गिर पड़ा. घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया. सड़क से गुजरने वाले लोगों ने भी घायल को अस्पताल पहुंचाने की कोई सुध नहीं लिया. घायल युवक काफी देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा. घटना की जानकारी युवक के गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण पहुंचे और युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और युवक छोटू साह की मौत हो चुकी थी. रात्रि हो जाने से पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका. सुबह पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद परिजन को शव सौंप दिया गया. बाद में आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा देने की मांग को लेकर गोड्डा महगामा मुख्य मार्ग पर शव रखकर आवागमन को बाधित कर दिया. सड़क जाम कर दिए जाने के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई. प्रशासन को इसकी खबर मिलने के बाद समझा बुझाकर जाम को समाप्त करवाया गया. मृतक दैनिक मजदूर था, जो मजदूरी करके अपनी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों का जीवन यापन कर रहा था. मृतक अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था. इसके असामयिक मौत हो जाने के बाद अब परिजनों के समक्ष पेट भरने की समस्या आ गई है.

**जागरुकता** वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑर्गेनाइजेशन ने मुस्लिम बहुल गांव में चलाया अभियान

# शत प्रतिशत परिवार नियोजित गांव बनाने के लिए कार्यक्रम



**संवाददाता।देवघर**

वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा डॉ. एन. डी. मिश्रा के नेतृत्व में देवघर जिले के सोनारायठाडी प्रखंड के मुस्लिम बहुल गांव मगडीहा को शत प्रतिशत परिवार नियोजित गांव बना देने के पश्चात उत्साहित टीम द्वारा खिजुरिया, घोड़ाजमुआ, महापुर पंचायत सहित सोनारायठाड़ी प्रखंड के दस गांव को पूर्णरूपेण जनसंख्या नियंत्रित गांव बनाने के लक्ष्य को साकार करने के उद्देश्य से जो कार्य करना शुरू किया था, आज उस कार्य में टीम को सफलता मिलनी शुरू हो गई. इसी कड़ी में आज बिंझा पंचायत में वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अब तक परिवार नियोजित कराये महिलाओं, उन्हें प्रेरित करने वाली सहिया बहनों एवं मोटिवेटर को सम्मानित करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पाकुड़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार क्रांति प्रसाद, विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव रंजन व मुखिया कली एवं वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक डॉ. एन. डी. मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया . सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत डॉ. एन. डी. मिश्रा ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया.

अपने संबोधन में प्रो. राजीव रंजन ने डॉ. एन. डी. मिश्रा के द्वारा किए जा रहे प्रयास को स्तुत्य बतलाते हुए कहा कि सर्वश्रेष्ठ हैं वह मनुष्य है जिनके अंदर मानवता है, अगर उनके अंदर मानवता नहीं है तो वह मानव कहलाने का अधिकार खो देते हैं. निश्चित रूप से डॉ. एन. डी मिश्रा में मानवता कूट कूट कर भरा हुआ है, तभी तो वे इस प्रकार के कार्य कर रहे हैं. इतने बड़े विचार को लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्य कर रहे हैं और यह सिर्फ डॉ. साहब की जिम्मेदारी नहीं है यह आप सबों की भी जिम्मेदारी है कि उनके विचार को आप भी समाज के हर व्यक्ति तक फैलाएं और एक सशक्त समाज और राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें.

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार क्रांति प्रसाद ने डॉ. एन. डी. मिश्रा के कार्यो के बारे में कहा कि इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है. उन्होंने वर्ल्ड रिस्पांसिबल सिटीजन ऑर्गेनाइजेशन के टैग लाइन, जरा सोचें क्या औचित्य है आपकी जिंदगी का' की चर्चा करते हुए कहा कि अमूमन हर डॉक्टर दो आंखों का इलाज करते हैं लेकिन ये तीसरे आंख जिन्हें ज्ञान चक्षु कहते हैं उनको खोलने की वकालत करते हैं.

वहीं संस्था के फाउंडर सह समाजसेवी डॉ एन डी मिश्रा ने सर्वप्रथम सुलतली मियां के योगदान को मील का पत्थर बतलाते हुए कहा कि जिस तरह से मुखिया कलीम का सहयोग प्राप्त हो रहा है, इससे यह उम्मीद जगती है कि आने वाले दिनों में बिंझा पंचायत भी शत प्रतिशत जनसंख्या नियंत्रित गांव बन जाएगा. कार्यक्रम में 21 महिला जिन्होंने परिवार नियोजन का ऑपरेशन कराया था, 19 सहिया जिन्होंने इन महिलाओं को ऑपरेशन कराने के लिए प्रेरित किया था, तथा उनके 35 बच्चों के बीच बर्तन सेट, सहिया को प्रति सहिया पांच हजार की प्रोत्साहन राशि उनके बच्चों के बीच पैन्ट व टी शर्ट का वितरण किया गया. मौके पर डॉ. एन. डी मिश्रा द्वारा लगभग दो लाख रुपये का वितरण किया गया. धन्यवाद ज्ञापन धर्मेंद्र राय ने किया.

### मनुष्य की परिशुद्धि का महापर्व है दस लक्षण: सुनील जैन

**डुमरी (गिरिडीह )।** जैन धर्म एक धर्म मात्र ही नहीं, वरन् भारतीय संस्कृति और विचारों का महासंगम है. पर्युषण महापर्व मनुष्य के आचरण की परिशुद्धि का पर्व है, जिसकी महत्ता अनादि है. उक्त बातें पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार जैन ने कहीं. वह पर्युषण दशलक्षण पर्व की महत्ता पर चर्चा कर रह थे. उन्होंने कहा कि पर्युषण दशलक्षण पर्व वर्ष में तीन बार माघ, चैत्र व भाद्रपद मास में मनाया जाता है. भाद्रपद में पर्युषण पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है. भाद्रपद शुक्ल पक्ष पंचमी से चतुर्दशी तिथि तक दस दिनों तक चलने वाला यह महापर्व दशलक्षण के नाम से भी जाना जाता है. सात्विकता, स्वच्छता व आस्था का यह पर्व छठ महापर्व की तरह ही है. उन्होंने कहा कि अन्य धर्मों यथा इस्लाम, बौद्ध, सिख आदि में भी दशलक्षणों की पालना इसी तरह की जाती है. धर्म अलग हो सकता है परंतु धर्म के लक्षण सभी धर्मों में लगभग समान ही हैं. यह पर्व तप, त्याग, अनुशासन, तन व मन की पवित्रता, और संस्कार के आत्मशोधन की शिक्षा देता है.


### मूर्ति विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव का समापन

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के दांतू में नवयुवक गणेश मंडली की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव का समापन सोमवार शाम को हुआ. इस दौरान दिन भर श्रद्धालुओं के बीच भंडारा लगाकर प्रसाद वितरण किया गया. इस अवसर पर बोकारो जिला बीस सूत्री कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस दौरान नवयुवक गणेश मंडली की ओर से 22 साल पूर्व दांतू में इस गणेश महोत्सव की शुरुआत करने वाले अशोक नायक को सम्मानित किया गया. इस दौरान शाम में गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाल कर गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन गांव से सटे जलाशय में किया गया. मौके पर स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर नायक, पंसस नागेंद्र नायक, पूजा कमिटी के अध्यक्ष चंदन कुमार भारत, सचिव अक्षय कुमार दसौंधी, कोषाध्यक्ष मोहन कुमार नायक, पंडित मिथिलेश पांडेय, अरविन्द कुमार, नीतेश दसौंधी, गंगा सागर, कुणाल किशोर, पवन कुमार, शेखर कुमार, अमित कुमार, शिवरतन नायक, रमेश दसौंधी, ओंकार नायक, विजय कुमार, गोविंद कुमार, विद्याधर, पिंटू, विकास, शामू, हेमंत, सोमल व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे.

▼ ब्रीफ खबरें

## बाघमारा विधानसभा
### भाजपा के टिकट पर गुड्डू की दावेदारी

**कतरास।** पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा नेता गुड्डू घोष ने आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर बाघमारा क्षेत्र से लड़ने की दावेदारी पेश की है. गुड्डू घोष ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा के



झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए आवेदन दिया. इस दौरान उन्होंने प्रभारी को बाघमारा विधानसभा की भौगोलिक स्थिति से रूबरू कराया. मुलाकात के बाद गुड्डू घोष ने बताया कि वह लंबे समय से पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में काम करते आ रहे हैं. पार्टी ने जो भी जिम्मेवारी सौंपी उसे पूरी निष्ठा से निभाया. अगर पार्टी मुझे टिकट देगी तो बाघमारा की जनता के बदौलत चुनाव जीतूंगा.

### धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का धरना चौथे दिन भी जारी

**कतरास।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ का अनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन सोमवार को भी बीसीसीएल एरिया तीन के गोविंदपुर कार्यालय जारी है. संघ ब्लॉक टू क्षेत्र के प्रबंधन के गलत कार्य पद्धति सहित 60 सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहा है. वक्ताओं ने कहा कि संघ प्रबंधन की मनमानी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा. जब तक मजदूरों की हितों संबंधित मांगों पर सार्थक पहल नहीं किया जाता है. तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा. मौके पर संघ के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामधारी कुमार, केंद्रीय उपाध्यक्ष मंतोष तिवारी,केंद्रीय कोषाध्यक्ष राघवेंद्र नारायण पाण्डेय, केंद्रीय सह कोषाध्यक्ष चन्द्र शेखर राय , वेलफेयर बोर्ड मेंबर गंगा सागर राय , भौरा प्रभारी अरिंजय श्रीवास्तव, कतरास क्षेत्र शाखा के उपाध्यक्ष चन्द्र मोहन शर्मा, ब्लॉक टू क्षेत्र के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राम कुमार पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद, क्षेत्रीय सचिव उत्तम कुमार पाण्डेय, सहित अन्य मौजूद थे.

# दुष्कर्म-हत्या के खिलाफ चिकित्सकों का सत्याग्रह

संवाददाता । धनबाद



धनबाद सोसाइटी ऑफ़ ऑब्सटेट्रिक्स और गायनोकोलॉजी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुई घटना के एक माह पूरे होने पर पीड़िता को तत्काल न्याय दिलाने के लिए सोमवार को गांधी सेवा सदन में सत्याग्रह का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में डीएसओजी, आईएमए, रेड क्रॉस, इनर व्हील माइल स्टोन, डीबीए, जेपी आंदोलन सहित कई संगठनों के लोगों ने भाग लिया और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की. यह सत्याग्रह पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे धनबाद की जनता का समर्थन प्राप्त है. सत्याग्रह में शामिल लोगों ने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हमें एकजुट होना होगा और दोषी को सजा दिलाने के लिए हमें संघर्ष करना होगा. उम्मीद है कि सरकार और प्रशासन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करेगा. धनबाद सोसायटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोंकोलॉजी के अध्यक्ष डॉ. गायत्री सिंह, सचिव डॉ. नेहा प्रियदर्शिनी, पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा रॉय, डॉ. रेनू उपाध्याय, आईएमए अध्यक्ष डॉ. बीएन गुप्ता, सचिव डॉ. राकेश इंदर सिंह, डॉ.एस के दास, डॉ.अपर्णा करण, डॉ. श्रेया करन, डॉ. शिवानी झा,डॉ. डी पी भूषण, डॉ.राजकुमार सिंह, डॉ. रेखा रानी सिन्हा, डॉ. बी एन चौधरी, डॉ. मिहिर झा, डॉ. नीतू सहाय, डॉ. सीमा साहू, विधायक राज सिन्हा, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, कृष्णा अग्रवाल, डॉ. इला रॉय, डॉ.भाष्कर दास गुप्ता, डॉ. एमएम बन्दोपाध्याय, डॉ.प्रसून आनंद, डॉ. धीरज चौधरी, मुकेश सिंह, अनंत श्रीकृष्णा, डॉ. संजय साहू, डॉ. अर्पिता, निधि मुंजल, रश्मि सहाय, डॉ. मिहिर झा, डीसीडीए सेक्रेटरी धीरज कुमार दास, चंद्रशेखर गुप्ता, सुकांतो, राजेश सिंह, टिंक्कू, प्रकाश गोयल,अनुराग सैकड़ों लोग मौजूद थे.

# राष्ट्रीय जनता कामगार संघ की प्रबंधन से वार्ता



संवाददाता । कतरास

सोमवार को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ प्रतिनिधियों ने मोदीडीह कोलियरी कार्यालय में प्रबंधन के साथ पांच सूत्री मांगों को लेकर वार्ता किया. वार्ता से पूर्व संघ के समर्थक नारेबाजी करते हुए कोलियरी कार्यालय परिसर पहुंचे. जहां प्रबंधन से वार्ता शुरू हुई. जिसमें संघ के मांगों में मोदीडीह कोलियरी डिस्पेंसरी में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने, जरूरी उपकरण के साथ प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराने, कोलियरी कार्यालय के कार्मिक विभाग में लिपिक के कमी के कारण सामान्य कर्मियों से कार्य कराया जाता है. जिससे कार्य ठीक तरीके से नहीं हो पाती है. कोलियरी में वर्षों से सामान्य कर्मियों से कार्य के अनुरूप उन्हें पदनाम नहीं दिया गया है उस पर पहल हो, संडे व होलीडे की ड्यूटी की व्यवस्था सही तरीके से वितरण किया जाए व इसकी सूची बनाकर सूचना पट्ट में दिया जाए आदि पर चर्चा की गई. प्रबंधन ने उक्त मांगों को शीघ्र ही निदान करने की दिशा में पहल करने की आश्वासन दिया. वार्ता में प्रबंधन की ओर से प्रभारी पीओ बीबी सिंह, प्रबंधक दशरथ सिंह, कार्मिक प्रबंधक तारा सिंह व संघ की ओर से केंद्रीय सचिव प्रशांत कुमार सिंह, आशीष भानु, बिमलेश सिंह, आलोक कुमार, लक्ष्मण पासवान, सुधीर चौहान, सुरेंद्र चौहान आदि मौजूद थे.

### चिरकुंडा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल का हाहाकर

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार मचा है. दो दिनों से शहरी जलापूर्ति बाधित है. पानी की सप्लाई नहीं होने से लोग परेशान हैं. भाजपा नेता अभिमन्यु कुमार ने चिरकुंडा नगर परिषद् के सहायक अभियंता अंकित पाराशर को इसके लिए जिम्मेवार ठहराते हुए उनसे इस्तीफे की मांग की है. उनका कहना है कि पानी की समस्या को लेकर उनसे पूछे जाने पर वे गैर जिम्मेदाराना जवाब देते हैं, जिससे लोगों में उनके प्रति आक्रोश व्याप्त है.

भाजपा चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिन्हा ने दूरभाष पर सहायक अभियंता अंकित पाराशर से बातचीत कर तत्काल जलापूर्ति बहाल करने की मांग की. साथ ही कहा कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर नगर परिषद् कार्यालय में बाध्य होकर तालाबंदी किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अभी गणेश चतुर्थी हुआ है. आगे त्योहारी सीजन आने वाला है. ऐसे में पानी की किल्लत नहीं होना चाहिए. जलापूर्ति कैसे सुचारू रूप से हो इसकी तैयारी नगर परिषद् करे.

## कोल फील्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन के पूर्व छात्रों का एल्यूमिनी मीट



संवाददाता । धनबाद

धनबाद में कोल फील्ड स्कूल ऑफ एजुकेशन के 1982 बैच के पूर्व छात्रों ने हीरापुर में स्थित झारखंड मैदान के समीप प्रियांशी होटल में एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया. इस मीट में कई शहरों से स्कूल के पूर्व छात्र पहुंचे और अपनी पुरानी यादों को साझा किया. पूर्व छात्रों ने एक दूसरे का देखा तो पुरानी यादें लौट आईं और उन्होंने घंटों तक मस्ती की. पूर्व छात्रों में अब कोई पत्रकार है, कोई अधिवक्ता, कोई व्यवसाई एवं कोई सरकारी कर्मचारी हैं, लेकिन सभी पूर्व छात्र एक दूसरे से आत्मीयता से मिले और अर्जित उपलब्धियों के लिए बधाइयां दीं. पूर्व छात्रों ने सामूहिक नृत्य किया एवं गाने गाए. धनबाद प्रेस क्लब के सचिव संजय चौरसिया ने कहा कि जब अपने ही बीच के दोस्त बरसों बाद मिलते हैं और यादों को साझा करते हैं, तो बड़ा अच्छा लगता है. सभी पूर्व छात्रों ने आगामी तय की जाने वाले तिथि पर फिर एकत्रित होने का वादा किया ताकि समाज सेवा की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर विभिन्न कार्य किया जाए. एल्यूमिनी मीट में संजय चौरसिया, अमरजीत सिंह,बैजनाथ सिंह, सुबोध कुमार, पंकज चौरसिया, संजय प्रसाद, संदीप सोमनाथ,सुरेंद्र जिंदल मौजूद थे.

# आदिवासी समाज के गरीब वंचितों के उत्थान पर चर्चा

संवाददाता । धनबाद




धनबाद के बरवाअड्डा में डिफेंडर्स ऑफ इंटरनेशनल ह्युमन राइट्स कॉन्सिल की बैठक हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष देव कुमार पासवान अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति ओ.बी.सी. धनबाद राजकुमार साव, महबूब आलम, काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष भूषण कुमार रजक उपस्थित हुए. मुख्य रूप से आदिवासी समाज के गरीब वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की बात बैठक में की गई.कॉन्सिल के वाइस प्रेसिडेंट भूषण कुमार रजक ने कहा कि आदिवासी समाज को के गरीब वंचितों को हर हाल में गरीबी रेखा से उपर उठाने का प्रयास करेगें. बैठक में संतोष रजक,गिरधारी महतो, जमुना रजक भूषण कुमार रजक चरण मरांडी, शंकर मरांडी, मालती देवी, अनिता, गोविन्द मूर्म, पूरनी देवी, छोटू रजवार, मुनिया देवी, वैद्यनाथ रजक, रसोमुनी देवी संयोती देवी,भूषण कुमार रजक, लीलामुनी देवी, कमला देवी,शांति देवी निरोधी देवी, गोरगा ग्रामवासी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित हुए.

## ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल की झारखंड कार्यकारिणी की बैठक

**खास बातें**

- प्रदेश अध्यक्ष चुने गए श्याम कुमार



संवाददाता । धनबाद

ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल (एआईटीसी) की झारखंड कार्यकारिणी की बैठक सरायढेला स्थित विश्वनाथ होटल सभागार में सोमवार को हुई. बैठक में संगठन का चुनाव राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुंदन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद मिनाज कानूनी सलाहकार शिवेंद्र कुमार सिन्हा की मौजूदगी में कराया गया. सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम कुमार टाटा, प्रदेश उपाध्यक्ष उषा मिश्रा (बोकारो), मुकेश कुमार सिंह और बबन शुक्ला चुने गए. प्रदेश महासचिव संजय चंद्रा (धनबाद), सह सचिव शैलेश कुमार (जमेशेदपुर), नीतीश आनंद (गिरिडीह), कोषाध्यक्ष मोहम्मद कैश आलम और सूरज खन्ना (रांची) चुने गए. बैठक में 25 से 27 अक्टूबर तक धनबाद में तीन दिवसीय नृत्य कार्यशाला, 5 दिसंबर को जमशेदपुर में नाट्य कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया. साथ ही स्क्रिप्ट राइटिंग कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र प्रसाद ने की. बैठक में राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद निजाम, सरसी चंद्र, सतीश कुंदन, शिवेंद्र सिंह, शैलेंद्र कुमार, सूरज खन्ना, बबलू शुक्ला, शिवेंद्र कुमार, कैश आलम, शिप्रा कुमारी, मुकेश सिन्हा एवं राममूर्ति पाठक उपस्थित थे.

## आसनसोल

# सीआईएसएफ की पिटाई से युवक की मौत, विरोध प्रदर्शन

**खास बातें**

- मृत व्यक्ति का नाम बिकी रबीदास
- घायल व्यक्ति का नाम लाडन

संवाददाता । बराकर



कुल्टी सेल ग्रोथ वर्क्स के बारह नंबर लोको लाइन गेट के पास फैक्ट्री में चोरी के अंदेशा पर केंद्रीय सुरक्षा बलो ने दो युवकों को पकड़ जमकर पीटा. इस घटना में एक की मौत हो गई वही दूसरा युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया. घटना की खबर पाकर स्थानीय भाजपा कुल्टी के विधायक और स्थानीय भाजपा पार्षद के नेतृत्व में स्थानीय लोगो ने कुल्टी सैल के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया. वही रूलिंग पार्टी तृणमूल ने भी घटना के विरोध में प्रदर्शन पर उतरी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवकों को लोको लाइन गेट नंबर 12, कुल्टी एलसी रोड के सामने लेटे हुए देखा गया था. जिसकी सूचना कुल्टी थाने की पुलिस को दी गयी. आसनसोल जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने तुरंत एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया. घटना के विरोध में परिजनो स्थानीय लोगों के साथ कुल्टी भाजपा के विधायक अजय पोद्दार भाजपा पार्षद ललन मेहरा के नेतृत्व में कुल्टी सेल ग्रोथ फैक्ट्री के गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया. कुल्टी थाने की पुलिस ने बताया कि मृत व्यक्ति का नाम बिकी रबीदास है और घायल व्यक्ति का नाम लाडन है. हालांकि मृत और घायल व्यक्ति के परिवार का दावा है कि वे चोरी करने नहीं गये थे. पास के ही गणेश पूजा मेला से लौट रहे थे. बताया जाता है कि घायल व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. खबर पाकर आसनसोल नगर पालिका के डिप्टी मेयर और आईएनटीटीयूसी के जिला अध्यक्ष अभिजीत घटक, मेयर परिषद सदस्य और कुल्टी ब्लॉक महिला तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष इंद्राणी मिश्रा कुल्टी सेल ग्रोथ फैक्ट्री के गेट पर आये. घटना के विरोध में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया.

### बराकर में खदान मजदूरों का प्रदर्शन

**बराकर.** अखिल भारतीय खदान मजदुर संघ की ओर से 17 सूत्री के माग को लेकर नर्षमुंडा कोलियरी गेट में प्रदर्शन किया गया. वक्ताओं ने कहा की वेतन समझौता 11 की मांगों को संपूर्ण किया जाए. सभी कंपनियों में सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल बनाया जाए, पैरामेडिकल अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध करवाया जाए. महिला सशक्तिकरण हेतु कमेटी का गठन किया जाए, भूमि अधिग्रहण मुआवजा में बढ़ोतरी की जाए, कैश लेस इलाज हेतु सभी को स्मार्ट कर दिया जाए. रिटायर कर्मचारियों का पेंशन रिवाइज किया जए,ठेका मजदूरों की समस्या को दूर किया जाए. सीएमपीएफ में हुई धांधली बाजी की सीबीआई जांच की जाय. न्यूनतम पेंशन का 1000 का एरियर सहित भुगतान तुरंत किया जाए. इस दौरान बीएमएस नेता दयाचंद नोनिया, गोविंदा माजी, भीम नोनिया, पिबीलो बाउरी, दशरथ हाजरा, मुद्रिका सिंह, उत्तम हाजरा त्रिवेणी प्रसाद महेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे.

इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल की पहल

# महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म हत्या के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता । बराकर




महिलाओं के खिलाफ हो रहे दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल देश स्तर पर एक मुहिम चला रहा है. इसी क्रम में रविवार की शाम कुल्टी में एक जागरूकता कैंडल रैली का आयोजन किया गया, इस कैंडल मार्च में कोलकाता आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और जघन्य हत्या के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई. हुसैनिया मोड़ से शुरू हुई रैली सुभाष स्टेच्यू तक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई. यहां मोमबत्ती जलाकर मृतका डॉक्टर को श्रद्धांजलि दी गई. बतौर मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन संजय सिन्हा ने सैकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद कानून को थोड़ा सख्त बनाया गया था. लेकिन अपराधियों के हौसले इससे भी नहीं टूटे. अब कानून को और सख्त बनाने की जरूरत है. साथ ही आरजी कर मामले में फौरी तौर पर फैसला आए और दोषियों को फांसी की सजा मिले. संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अमजद अंसारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को इसपर गंभीर होना होगा. जिला उपाध्यक्ष कौशिक रॉय चौधरी सहित अन्य अतिथियों ने भी अपनी बातें रखीं. ज्ञात हो कि इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल की नेशनल टीम ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इस बाबत पत्र भी लिखा है ,इस दौरान संजय सिन्हा डॉ. हरेराम प्रसाद,जावेद इकबाल, अर्पण चक्रबर्ती, संजय दास, सुशील नूनिया, वसीम खान, बंटी खान मुख्य रूप से शामिल थे.

## मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए विधायक ने दान की एम्बुलेंस

संवाददाता । पुरुलिया



रघुनाथपुर विधायक विवेकानंद बाउरी ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को विशेष सुविधाओं से युक्त एक एम्बुलेंस दान की है. यह एम्बुलेंस विधायक निधि की राशि से दान की गई है. विधायक विवेकानन्द बाउरी ने इंडियन यूथ फोर्स नामक स्वयंसेवी संगठन के सहयोग से अस्पताल को एम्बुलेंस दान की. उन्होंने सोमवार को रघुनाथपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल परिसर में स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर एम्बुलेंस का उद्घाटन किया. विधायक विवेकानन्द बाउरी ने कहा कि मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए अस्पताल में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल के अधिकारियों को कई बार सूचित करने के बाद भी वे राज्य सरकार के दबाव के कारण स्वीकार नहीं करना चाहे. आख़िरकार मैंने भारतीय युवा फोर्स के स्वयंसेवकों की ओर से अस्पताल को एम्बुलेंस प्रदान की. इंडियन यूथ फोर्स स्वयंसेवी संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष सम्राट सिंह ने कहा, विधायक विवेकानंद बाउरी को बहुत-बहुत धन्यवाद. जिन्होंने मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी. भारतीय युवा फोर्स गरीबों के हित के लिए लगातार काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी.

# श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

संवाददाता । रानीगंज



श्री सीताराम जी भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे वृंदावन धाम से पधारे पंडित वेद व्यास जी महाराज ने श्रीकृष्ण बाल लीला, माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग का कथा में वर्णन किया. उन्होंने कहा कि कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएं उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे.सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और हर वर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी. तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा. इसके बाद भागवताचार्य महाराज ने श्रीकृष्ण भगवान के माखन चोरी की कथा सुनाई. कथा सुनकर प्रभु भक्त भाव विभोर हो गए. भागवत आचार्य ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई. सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे. सब बैठकर पहले योजना बनाते की किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है. श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे. भगवान बोले जिसके यहां चोरी की हो उसके द्वार पर बैठकर माखन खाने में आनंद आता है. माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया. उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण बचपन में नटखट थे. विभिन्न लीलाओं से जुड़ी कथा को सुनने व अधिकाधिक संख्या में यज्ञ व कथा में भागीदार बनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह और जोश दिखाई पड़ रहा है. आज के भागवत कथा में विधिवत बाजोरिया परिवार के सदस्य गण उपस्थित थे.

### बलतोडिया में भव्य गणेश पूजा

**बराकर।** बलतोडिया यूवा संघ द्वारा बलतोडिया गणेश पूजा मैदान में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी श्री श्री गणेश पूजा पूजा का भव्य आयोजन किया गया. इस दौरान स्थानीय भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार रविवार को पूजा में शामिल हुए. जहा मंडप में पूजा अर्चना कर नारियल का प्रसाद चढ़ाया. जहा पूजा कमिटी को और से विधायक को अंग वस्त्र सह मोमेंटो देकर सम्मानित किया. इस दौरान विधायक ने बलतोडिया यूवा संघ की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुवे कहा की संघ और यहां के समाज के सभी वर्ग के लोगो के अथक प्रयास के साथ आज भी पूजा के साथ इस मैदान में मेला का आयोजन सफल रहा है. जिसकी जितनी प्रसंशा की जाय कम होगी, सभी भेद भाव को मिटाकर पूजा का सफल संचालन रहा है. विगत वर्ष पूजा में विधायक ने मेला मैदान में हाई मास्क लाइट लगाने का वादा किया था. जिसे चार महीने पहले ही पूरा किया.

## तृणमूल कांग्रेस ने अमृत भारत परियोजना का काम रोका



संवाददाता । पुरुलिया

तृणमूल कांग्रेस ने रांची डिविजन के झालदा स्टेशन पर अमृत भारत परियोजना का काम रोक दिया है, आरोप लगाते हुए कि सड़क का काम घटिया सामग्री का उपयोग करके किया जा रहा है. जानकारी के अनुसार, अमृत भारत परियोजना के तहत सड़क का काम शुरू हुआ है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सड़क का काम निम्न गुणवत्ता का हो रहा है. झालदा नगर अध्यक्ष चिरंजीव चंद्रा ने कहा कि काम निम्न गुणवत्ता का है, अगर ठेकेदार ठीक से काम नहीं करेगा तो हमलोग उसे काम नहीं करने देंगे. जब इस कार्य के लिए नामित ठेकेदार संजीव मंडल से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क का कार्य नियमानुसार किया जा रहा है और काम सही से हो रहा है, कोई गलती नहीं है. इस प्रकार, तृणमूल कांग्रेस ने अमृत भारत परियोजना का काम रोक दिया है और अनियमितता का आरोप लगाया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पुरातत्व शक्ति में कमी होगा. समय सामान्य है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय व नौकरी में रुकावटें होंगी, पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वहीं परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**वृष** दिन चिड़चिड़ा वाला होगा पर व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं. इतर का दान करें.

**मिथुन** लाभ में कमी होने की संभावना है. समय सामान्य है. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** लग्न का मालिक नीच है. कामकाज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. किसी बड़ा जोखिम उठाने से पहले विचार करें.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. शुभफलों की प्रधानता रहेगी. अपनों के साथ विवाद से दूर रहें. मंदिर में जल की सेवा दें.

**कन्या** समय अनुकूल है, पर रुखे व्यवहार से बनी बनायी बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. आपके कार्य और प्रभाव से कामकाज सामान्य रहेगा. परीक्षा व प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** आय के लिए दिन अच्छा है. कामकाज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते हैं.

**वृश्चिक** समय लाभ का मौका देगा. बस कार्य पर ध्यान दें. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है.

**धनु** खर्च में वृद्धि होने से मन खिन्न होगा. विदेशी मेहमान से लाभ होगा. स्वास्थ्य और शिक्षा में खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोत्तरी होगी. खान-पान पर ध्यान दें.

**मकर** समय शुभ है. योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. काला वस्तु दान कर शनि को खुश करें.

**कुंभ** जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में ना पड़े. आलस्य का त्याग करें. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**मीन** धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का संभावना है. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कामकाज में लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए.

## राज्यपाल ने बाबा मंदिर में की पूजा-अर्चना



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को देवघर पहुंचे. वहां उन्होंने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की. उन्होंने बाबा भोलेनाथ से समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की.

## चतरा के मजदूर की सड़क दुर्घटना में हैदराबाद में मौत, मचा हड़कंप

**चतरा ।** जिले के एक मजदूर की सड़क दुर्घटना में हैदराबाद में मौत हो गई है. घटना रविवार रात की है. दुर्घटना में एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है. राज्य के उद्योग एव श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने इस घटना पर शोक जताया है. मजदूर का शव उसके पैतृक गांव लाने के लिए श्रम अधीक्षक चतरा को निर्देश दिया है. चतरा जिले के पत्थलगडा प्रखंड क्षेत्र के अनगड़ा गांव निवासी धनेश्वर यादव की मौत हैदराबाद में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने की खबर सुनकर मंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया. इस दुर्घटना में उसके साथी अनगड़ा गांव के ही झमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गई है.

## बगैर दलालों से मिले काम नहीं हो पा रहा परिवहन कार्यालय में

**सिमडेगा ।** सिमडेगा बगैर दलालों से मिले परिवहन विभाग में कोई भी काम करा लेना बहुत बड़ी बात होगी. इसी वजह से परिवहन कार्यालय में काम करने के लिए दलाल को ही खोजते हैं और परिवहन विभाग में दलाल हावी है. दलालों से मिलने के बाद बड़ा से बड़ा काम भी आसानी से बगैर परेशान हुए सहज हो जाता है जबकि पदाधिकारी से मामूली जान पहचान पर यदि मोटरसाइकिल का एचपी हाइपोथिकेशन हटवाने के लिए भी महीने भर कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है और तब भी कार्यालय में रकम दिए बगैर काम करा लेना संभव नहीं हो पता है.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दीर्घायु हों, देश को है उनकी जरूरत, कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक संपर्क में

# झारखंड में कांग्रेस और झामुमो के कई विधायक मेरे संपर्क में : हिमंता

संवाददाता। रांची

असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी सोमवार को रांची पहुंचते ही राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैला दी. उन्होंनें एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि में संपर्क में हमेशा कांग्रेस के 12 से 14 और झामुमो के दो से तीन विधायक संपर्क में रहते हैं. फिर कहा कि सभी को ले लेंगे तो पार्टी के लोग ही नाराज हो जाएंगे. पार्टी के कार्यकर्ताओं का सम्मान जरूरी है. हेमंत सोरेन के बयान कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है, के जवाब में हिमंता ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन



दीर्घायु हों, देश को उनकी जरूरत है.

**भाजपा सिर्फ घुसपैठ रोकने को कह रही :** हिमंता ने कहा कि भाजपा सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने को कह रही है. घुसपैठ का मुद्दा इसलिए उठा रहे कि पाकुड़ में पहले हिंदू विधायक चुन कर आते थे, अब मुस्लिम विधायक बनते हैं. पाकुड़ डीसी से भी बदलती डेमोग्राफी के बारे में पूछा गया है. भाजपा उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले युवाओं के परिजन के लिए सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग कर रही है. पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा लगाए गए आरोप पर कहा कि वीडियो कॉल पर बंधु तिर्की से कभी बात नहीं हुई. उनकी बेटी मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एयरपोर्ट पर मिली थी, तब हाय-हैलो हुआ था. असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा का रांची एयरपोर्ट पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद दीपक प्रकाश, सहित कई भाजपा नेताओं से उनका स्वागत किया.

## कोल्हान के तीन पार्टी विधायकों पर सरकार रख रही पैनी नजर!

- हर दो-दो घंटे पर भेजी जा रही लोकेशन व मिलनेवालों की जानकारी

शैलेश सिंह। किरीबुरु

झारखंड सरकार कोल्हान के अपने तीन विधायकों की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखे हुए हैं. सरकार को यह डर सता रहा है कि कहीं ये विधायक झामुमो को छोड़ भाजपा का दामन न थाम लें. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर आ रहे हैं. उनके दौरे के मद्देनजर सरकार की यह परेशानी बढ़ गई है. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने के बाद से ही ऐसी चर्चा व अफवाहें निरंतर फैल रही है कि चंपाई के करीबी कुछ झामुमो विधायक पाला बदल सकते हैं. सरकार के खुफिया विभाग के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार झारखंड पुलिस के उच्च अधिकारी के निर्देश पर कोल्हान के तीन विधायकों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है. इनमें से एक सरायकेला-खरसावां और दो पश्चिम सिंहभूम जिले के हैं. इन तीनों विधायक का लोकेशन व उनसे मिलने वाले लोगों की जानकारी हर दो-दो घंटे पर उच्च अधिकारी को भेजी जा रही है. उल्लेखनीय है कि खरसावां के विधायक दशरथ गागराई भी विगत रविवार गुवा में शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सामने अपने भाषण में बार-बार कहते रहे की हम मरना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा में कभी जाना पसंद नहीं करेंगे. हम झामुमो के सच्चा कार्यकर्ता व शिबू सोरेन हमारे आराध्य हैं. भले हम चुनाव में हार जाएं लेकिन झामुमो नहीं छोड़ेंगे.

### 10 सितंबर को होगा ट्रायल, रेलवे ने जारी किया समयसारिणी

# 16 से चलेगी कोडरमा के रास्ते टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस

संवाददाता। कोडरमा

भारतीय रेलवे ने 15 सितंबर से चलने वाली प्रस्तावित टाटा-पटना-टाटा वंदेभारत एक्सप्रेस का नंबर जारी कर दिया है. इसके साथ इसके समय और ठहराव को भी जारी कर दिया गया. रेलवे के द्वारा जारी समय के अनुसार यह ट्रेन आवागमन के क्रम में 450 किलोमीटर की दूरी 7.15 घंटे में तय करेगी. इस ट्रेन में कुल आठ कोच होंगे. ट्रेन का 10 सितंबर को टाटा से पटना ट्रायल होगा. टाटा से पटना आवागमन के क्रम में इस ट्रेन का ठहराव 6 स्टेशनों पर दिया गया है. इनमें मूरी, बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस (गोमो), पारसनाथ, कोडरमा और गया स्टेशन होगा. हालांकि, तकनीकी स्टॉपेज राजबेडा भी होगा.

15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे. ट्रेन टाटानगर स्टेशन से 15 सितंबर को कितने बजे रवाना होगी यह अभी तय




नहीं है लेकिन रेलवे सूत्रों के अनुसार 16 सितंबर से वह जारी में टाइम टेबल के अनुसार चलेगी.

**20893 होगा इस ट्रेन का नंबर :** टाटा-पटना के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का नंबर 20893 होगा जबकि पटना से टाटा के बीच चलने वाली इस ट्रेन का नंबर 20894 होगा. आने-जाने के क्रम में इस ट्रेन का एवरेज स्पीड 62 किलोमीटर प्रतिघंटा होगा. यह ट्रेन टाटा से गोमो के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा के स्पीड से चल सकती है जबकि गोमो से कोडरमा, गया के बीच 130 किलोमीटर के स्पीड से चल सकती है. वहीं, गया - पटना के बीच यह ट्रेन 110 किलोमीटर प्रतिघंटा के स्पीड से चलेगी.

**टाटा से पटना तक समय सारणी**

सुबह 5.30 बजे खुलेगी टाटानगर से, मुरी-आगमन सुबह 7.13 बजे प्रस्थान सुबह 7.15, बोकारो स्टील सिटी-सुबह 8.08 बजे, 8.10 बजे, नेताजी सुभाष चंद्र गोमो स्टेशन-सुबह 8.53 बजे, 8.55 बजे, पारसनाथ-सुबह 9.05 बजे, 09.07 बजे, कोडरमा-सुबह 9.53 बजे, 9.55 बजे, गया-सुबह 11.05 बजे, 11.10 बजे, पटना-दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी. वापसी में दोपहर 2.15 बजे पटना से प्रस्थान करेगी, गया- दोपहर 3.30 बजे, 3.40बजे, कोडरमा- शाम 4.38, 4.40 बजे, पारसनाथ- शाम 5.43, 5.45 बजे, नेताजी सुभाष चंद्रबोस गोमो स्टेशन- शाम 5.48 बजे, 6.00 बजे, बोकारो स्टील सिटी- शाम 6.45 बजे, शाम 6.47, मुरी- शाम 7.23 बजे, 7.25 बजे, टाटानगर- रात 9.30 बजे पहुंचेगी.

## जेडीयू महासचिव व देवघर जिला प्रवक्ता राजद में शामिल



संवाददाता। रांची

प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश जेडीयू महासचिव बबिता राव पटेल व देवघर जिला प्रवक्ता जयंत पटेल ने राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में सोमवार को राजद में शामिल होकर सदस्यता ग्रहण की. मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, अनीता यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, गिरधारी गोप, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, चंद्रिका यादव, फैजुल हक, नवल किशोर यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, केदार यादव, रामप्रवेश यादव, रामकुमार यादव, डॉ तुलसी महतो ने बुके देकर राजद में शामिल बबीता पटेल व जयंत पटेल ने बधाई दी. महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि राजद में शामिल बबिता पटेल व जयंत पटेल को शुभकामनाएं दी और कहा कि राजद का संगठन प्रतिदिन मजबूत हो रहा है. आगामी विधानसभा चुनाव में राजद मजबूती से चुनाव लड़ेगा.

### आवासीय ग्रामीण खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

## ग्रामीण क्षेत्र से खिलाड़ियों को उभरना हमारा मकसद : शंभू



संवाददाता। रामगढ़

सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत सीएसआर गतिविधियों के तहत आयोजित 15 दिवसीय आवासीय ग्रामीण खेल प्रशिक्षण शिविर (कबड्डी) का समापन सोमवार को हुआ. इस दौरान खिलाड़ियों के बीच ट्रैक सूट, जर्सी, जूते, मोजे, स्टील पानी की बोतलें, हैंड टॉवेल और किट बैग का वितरण कर किया गया, जिससे बच्चे बेहद उत्साहित और खुश नजर आए. शिविर का मुख्य उद्देश्य कमांड क्षेत्र के किशोर व युवा खिलाड़ियों को निखारना और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था. वहीं, शिविर में भाग लेने वाले 100 से अधिक खिलाड़ियों में से 24 प्रतिभागियों का चयन एक ट्रायल के माध्यम से किया गया. इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सीसीएल के स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) शंभू रजक ने कहा कि इस प्रकार के खेल न केवल खिलाड़ियों के शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं. वहीं, सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा कि रजरप्पा क्षेत्र में यह खेल शिविर सीसीएल की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल है. हमारा प्रयास है कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बच्चों को खेलों के प्रति रुचि और समर्पण के साथ-साथ अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया जाए. इस दौरान सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. मौके पर कार्मिक अधिकारी उदय शेखर, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### मुंबई और बेंगलुरू के लिए हुए रवाना

## कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को मिली नौकरी



संवाददाता। खूंटी

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल खूंटी के 26 छात्रों को सोमवार संस्थान परिसर में एक सादे समारोह का आयोजन कर दिल्ली और बेंगलुरू के लिए रवाना किया गया. इन 26 छात्रों को शोभा लिमिटेड में नौकरी मिली है. 17 लोगों को बेंगलुरू और नौ छात्रों को दिल्ली में जॉब लगा है. प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती उन्हें शहरी झंडी दिखाकर और शुभकामना देकर विदा किया. उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, अल्पसंख्यक और पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फ़ाउंडेशन द्वारा पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल एवं आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज एवं एक आईटीआई कॉलेज का संचालन किया जा रहा है.

इसी कड़ी में सोमवार को मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी के प्रधानाचार्य किशोर चंद्र मोहंती ने कहा कि कि झारखंड के दूर-दराज क्षेत्र में रहने वाले लड़के-लड़कियों को गरीबी चक्र से बाहर निकालकर, आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर जीवन शैली एवं सुरक्षित रोजगार देने के लिए झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में कल्याण गुरुकुल एक नया आयाम लिख रहा है. इस मौके पर सीनियर प्रिंसिपल किशोर चंद्र मोहती, प्रदीप कुमार विश्वास, पिंटू कुमार प्रसाद, चंदन कुमार, वेद प्रकाश,रमेश चंद्र जेना और मोहमद आलमगीर मौजूद थे.

## झारखंड जनाधिकार महासभा के निशाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष

**खास बातें**

- आज राजभवन के समीप होगा महाजुटान
- सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक होगा प्रदर्शन

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड जनाधिकार महासभा ने सत्ता पक्ष और विपक्ष को निशाने पर लिया है. भाजपा भगाओ और हेमंत सरकार जनमुद्दों पर वादा निभाओ के नारे के साथ राजभवन के समीप विशाल प्रदर्शन किया जाएगा. झारखंड जनाधिकार महासभा के बैनर तले 10 सितंबर को राज्यभर के विभिन्न संगठनों का राजभवन के समीप महाजुटान होगा. महासभा की ओर से कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार राज्य सरकार को गिराने और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश होती रही है. वहीं हेमंत सरकार ने भी जनमुद्दों से जुड़े कई वादों को पूरा नहीं किया है.

**जनाधिकार महासभा की ये हैं प्रमुख मांगें**

- झारखंड भूमि अधिग्रहण अधिनियम को रद्द करने
- भूमि बैंक को रद्द करना
- पेसा नियमावली को अधिसूचित करना
- दलित को जाति प्रमाण पत्र और भूमि पट्टा देना
- मध्याह्न भोजन के तहत हर दिन अंडा देना
- लंबे समय से जेल में बंद विचाराधीन कैदियों को रिहा करना
- ईचा-खरकई डैम, लुगुबुरू पावर प्लांट सहित जनविरोधी प्रोजेक्ट को रद्द करना
- व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर लंबित वन पट्टा का वितरण करना

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी आज से करेंगे प्रतिज्ञा यात्रा

संवाददाता। पलामू

पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने 10 से एक अक्टूबर तक प्रतिज्ञा यात्रा करेंगे. इस सिलसिले में त्रिपाठी ने सोमवार को परिसदन में पत्रकारों को जानकारी दी. पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बताया कि 10 सितंबर से कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ होगा और एक अक्टूबर को इसका समापन होगा. मेदिनीनगर सदर प्रखंड के सिंगरा से इसकी शुरूआत होगी. त्रिपाठी ने कहा कि पदयात्रा की प्रतिज्ञा बताते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ से 10 युवाओं को नौकरी, जेएसएलपीएस महिला समूह को व्यवसाय के लिए एक लाख वित्तीय सहायता, कोयल, औरंगा, अमानत एवं सुकरी नदी को मलय नदी से जोड़ते हुए सैकड़ों नालों को बांधकर लिफ्ट एरिगेशन के माध्यम से किसानों को सिंचाई की उचित व्यवस्था, पलामू जिले में दिल्ली की तर्ज पर सुपर स्पेशलिस्ट हास्पिटल का निर्माण, कोयल नदी को बांधकर पेयजल की व्यवस्था, खासमहाल जमीन पर मालिकाना हक एवं मुफ्त बालू की उचित व्यवस्था कराना है.

उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि के द्वारा उनके कार्यकाल में एक भी बड़े कार्य नहीं किये गए हैं. जो भी बड़े कार्य हुए हैं वे हमारी सरकार के द्वारा कराई गई है. विधानसभा चुनाव के बाद जब हमारी सरकार बनती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई की व्यवस्था को सुदृढ़ होगी. पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भोला पाण्डेय, मिथलेश सिंह, मनोज सिंह, जीशान खान समेत कई कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे.

**पेज एक का शेष...**

## सावधान रहिएगा : हेमंत

**भाजपा ने मुझे परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी :** हेमंत ने कहा 4 साल सरकार परेशान रही. एक तो कोरोना ने 2 साल परेशान किया और उसके बाद 2 साल हमारे विरोधियों (बीजेपी) ने परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ा. मझे जेल में डाल दिया, लेकिन ये आपलोगों का आशीर्वाद है कि मुझे ज्यादा दिनों तक जेल में नहीं रख पाये. कहा कि ये सरकार व्यापारियों की सरकार नहीं है. ये सरकार झारखंडियों की मूलवासियों की सरकार है, क्योंकि ये सरकार रांची से नहीं बल्कि गांव से चलती है. सरकार बनने के बाद कई चुनौतियों से लड़ने के बाद भी हमने लगातार यहां के मूलवासी, यहां के आदिवासी, दलित पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए काम किया.

**मुफ्त में कनेक्शन देकर सिलिंडर का दाम बढ़ा दिया :** उन्होंने कहा कि हमलोग अपना हक अधिकार मांगते हैं तो बीजेपी की सरकार लाठी-पुलिस-जेल का काम करती है. राज्य का बकाया देने में इनका पसीना छूटता है. गरीबों को पेंशन देने का पैसा इनके पास नहीं है, लेकिन इनके व्यापारी साथियों का करोड़ों करोड़ रुपया माफ करने के लिए पैसा है. चंद लोगों के मुट्ठी में इस देश की अर्थव्यवस्था सिमट कर रह गई है. आज महंगाई आसमान पर है. इनलोगों ने मुफ्त का सिलिंडर बांटा. बाद में 1200 का सिलिंडर लाभुकों के सामने लाकर पटक दिया. आज उस सिलिंडर की क्या हालत है, जाकर गांव में देखो.

**बेटियां बोझ नही, बेटियों को शिक्षित कर बनाएं मजबूत :** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छी शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करते हुए सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना एवं गुरुजी क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं को संचालित किया जा रहा है. कहा कि अब बेटियां बोझ नहीं है बल्कि आप सभी से निवेदन है कि आप अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा जरूर दिलाएं. अब राज्य की बेटियों की पढ़ाई-लिखाई, शादी-विवाह सहित सभी चीजों में राज्य सरकार आपको मदद करेगी. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के जरिए 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋष्टा बैंक द्वारा दिया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई योजनाओं का लाभ किसान एवं गरीब वर्ग के लोगों को देने का काम किया है. कहा कि अब राज्य में वनपट्टा का वितरण डिसमिल में नहीं बल्कि एकड़ में किया जा रहा है, ताकि आप सरकारी जमीन के मालिक बन सकें.

## राज्य भर में 10.21 लाख

**नक्शे को समझने के लिए भाषा बड़ी बाधा :** नक्शा को समझने के लिए भाषा बड़ी बाधा बन गई है. नक्शा में कैथी भाषा का प्रयोग किया गया है. झारखंड में जो कैथी के जानकार थे, वे रिटायर कर गये. अब गिने-चुने लोग ही बचे हैं. 82129 नक्शों को समझना सरकार के लिए चुनौती बन गई है. खास कर संताल परगना में कैथी भाषा के जानकार नहीं है. अगर नक्शों का शुद्धीकरण हो जाता तो 80 से 90 फीसदी विवादों का हल निकल जाता.

**तैयारी** कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम में तैयार की गयी चुनावी रणनीति

# कांग्रेस को कांग्रेस से ही खतरा, भाजपा से नहीं: कमलेश

संवाददाता। आदित्यपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सोमवार को सरायकेला दौरे के क्रम में एसिया भवन पहुंचे. उन्होंने संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आह्वान किया. मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार जिला पदाधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया. अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस भले कमजोर हुई है, लेकिन महागठबंधन में हमारी भूमिका सक्रिय है. कांग्रेस में गुटबाजी



कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता

को खत्म करना है. कांग्रेस पार्टी को भाजपा से नहीं, बल्कि कांग्रेस से ही खतरा है. कार्यकर्ता एकजुट रहकर विधानसभा चुनाव में महागठबंधन द्वारा तय प्रत्याशी को जिताने का काम करें. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गांव देहात छोड़ चुके हैं जिसका खामियाजा भी भुगतान पड़ता है. संगठन को मजबूत करना प्राथमिकता है. विधानसभा चुनाव में चुनाव की तैयारी के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी 81 सीटों पर हमारी तैयारी है लेकिन महा गठबंधन दल की बैठक में कांग्रेस के खाते में कितनी सीटे आएंगे यह तय होगा.

**चंपाई को हर हाल में है हराना : बलमुचू :** संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार बलमुचु ने कहा भाजपा में शामिल होकर पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के विधायक चंपाई सोरेन ने महागठबंधन दल के नेता और वोटरों के साथ धोखेबाजी की है. इस विधानसभा चुनाव में किसी भी हाल में भाजपा और चंपाई सोरेन को जीतने नहीं देना है.

**मंच छोड़ कार्यकर्ताओं के बीच बैठे प्रदेश अध्यक्ष :** संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मंच के बजाय कार्यकर्ताओं के बीच बैठे जो चर्चा का विषय बना. केशव महतो कमलेश ने कार्यकर्ताओं से अपील की वे कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचावे कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर रमा खालको, पूर्व विधायक जेपी पटेल ,महासचिव अजय सिंह, सरायकेला जिला प्रभारी संजीव श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अंबुज कुमार, सचिव सुरेश धारी, खरसावां विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पीके मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजमल बल्कि, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वैजयंती बारी आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## सोन एवं मलय में डूबने से मासूम समेत दो की मौत

**पलामू ।** सोन एवं मलय नदी में डूबने से चार वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत हो गयी जबकि दो बाल-बाल बच गए. दूसरा मृतक 60 वर्षीय बुजुर्ग बताया गया है. परिजनों ने बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार कर दिया है. बताया गया है कि हुसैनाबाद के देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुरवा निवासी सरयू पासवान (60) की सोमवार सुबह सोन नदी में डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की लेकिन मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया. इसके बाद स्थानीय मुखिया की उपस्थिति में परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम न कराने का आवेदन दिया.

# शांति के लिए तरसता मणिपुर

मणिपुर पिछले डेढ़ साल से अशांत है. यह एक गंभीर समस्या है जिसके निदान की दिशा में ठोस पहल भी स्तर पर नहीं दिखती है. यह युद्ध का समय नहीं है. दुनिया को नसीहत देने वाली सरकार आखिर मणिपुर में हिंसा रोकने में क्यों कारगर नहीं है. मणिपुर की राज्य सरकार पर पक्षपाती होने का आरोप नया नहीं है. बावजूद वहां के मुख्यमंत्री को न तो बदला गया और न ही वहां शांति के लिए व्यापक कार्य योजना का एलान किया गया. सवाल है कि आखिर देश के एक राज्य के लोग कब तक भय के बीच रहेंगे. संसद में इस पर बहस हो चुकी है. विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री पर मणिपुर जा कर शांति के लिए संदेश देने की बात करते रहे हैं. मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उससे पता चलता है कि हम किस तरह संवेदना से विमुख होते जा रहे हैं. मणिपुर में पुनः हिंसा का नया रूप देखने को मिल रहा है. लगातार तीन दिन ऐसी घटनाएं हुईं, जिन्होंने चौंकाया. हैरत में डालने वाली पहली खबर यह आई कि उग्रवादियों ने पहाड़ से तराई के इलाके में ड्रोन का इस्तेमाल कर बम गिराए हैं. फिर एक पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर रॉकेट दागे गए, जिसमें एक व्यक्ति की जान गई. शनिवार को मैतेई और कूकी समुदाय के उग्रवादियों के बीच जोरदार गोलीबारी हुई, जिसमें आधा दर्जन जानें गईं. जब यह हो रहा है, सुरक्षा बल हतप्रभ इसे देख रहे हैं. कई बार ऐसा लगता है कि राज्य में उनकी कोई उपस्थिति ही नहीं है. हिंसा की शुरुआत हुए 16 महीनों से ज्यादा का समय गुजर चुका है, मगर हालात काबू में लाने के लिए प्रशासन के स्तर पर जिस पहल की अपेक्षा थी, वह सिरे से गायब है. केंद्र एन. बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर अड़ा रहा है, जबकि सिंह की कोई साख राज्य में बची है, इसे अब वे भी नहीं मानते होंगे! बीरेन सिंह पर आरंभ में ही यह इल्जाम लगा कि वे पूरे राज्य का नेता होने की भूमिका निभाने के बजाय एक समुदाय विशेष के नेता के रूप में काम कर रहे हैं. सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी उस समुदाय में अपना आधार नहीं खोना चाहती, संभवतः यही कारण है कि उसने बीरेन सिंह पर अपना दांव लगाए रखा है. हालांकि उसकी यह रणनीति भी लोकसभा चुनाव में विफल रही, जब राज्य की दोनों सीटें भाजपा ने गंवा दी. उसके बाद यह समझना कठिन रहा है कि केंद्र की मणिपुर को लेकर समझ क्या है. इस बीच इस भ्रम की बहुत भारी कीमत मणिपुर के दोनों संघर्षरत समुदायों के लोगों को चुकानी पड़ रही है. वहां के उग्रवादियों के पास रॉकेट लॉन्चर और बम गिराने में सक्षम ड्रोन जैसे आधुनिक हथियार कहां से आ रहे हैं, यह सवाल इस समय देश को परेशान कर रहा है. मणिपुर में बनते हालात को सिर्फ वहीं तक समेट कर देखना सही नजरिया नहीं होगा. वहां की घटनाएं पूरे नॉर्थ-ईस्ट को प्रभावित कर सकती हैं, जहां हिंसा और अशांति का लंबा इतिहास रहा है.

> केंद्र एन. बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री बनाए रखने पर अड़ा रहा है, जबकि सिंह की कोई साख राज्य में बची है, इसे अब वे भी नहीं मानते होंगे! बीरेन सिंह पर आरंभ में ही यह इल्जाम लगा कि वे पूरे राज्य का नेता होने की भूमिका निभाने के बजाय एक समुदाय विशेष के नेता के रूप में काम कर रहे हैं.

## सुभाषित

सुखार्थी त्यजते विद्यां विद्यार्थी त्यजते सुखम् ।
सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम् ।।

जो व्यक्ति सुख के पीछे भागता है उसे विद्या का त्याग करना पड़ता है. जिसे विद्या प्राप्त करनी है उस व्यक्ति लिए सुख का त्याग आवश्यक हो जाता है. सुख के पीछे भागने वाले को विद्या कैसे प्राप्त होगी तथा जिसको विद्या प्राप्त करनी है उसे सुख कैसे मिलेगा?

# युवा शक्ति अपनी क्षमता को पहचाने

**आज वैश्विक समृद्धि दौड़ में गतिशील भारत जिसकी युवा शक्ति विश्वविदित है, अपनी इसी क्षमता के बूते अंदर बाहर सशक्त दिख रहा है. हनुमान युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत हैं तो फिर किंकर्तव्यविमूढ़ता क्यों? मार्ग निकलता है, भले ही कोई सुरसा रोके खड़ी क्यों ना हो. कौशल चाहिए अन्तर्मुखी क्षमता विवेक सामर्थ्य और जीतने की स्ट्रेटजी के लिए. शौर्य और विनय साथ साथ. समस्याएं हैं तो अवसर भी हैं.**



गीता में श्री कृष्ण ने जीवन के यथार्थ को व्यावहारिक रूप में समझाया है. वैसे विवेकी को जो अपनी पत्नी की मर्यादा लूटे जाने के प्रयास के समय भी चुप रहा. उसे शास्त्र में जड़ कहा गया है, जो कर्तव्याकर्तव्य के मूल को न समझे. केवल अपने लक्ष्य पर तीर मारना सफलता नहीं है, किसे मारना है, क्यों मारना है, वहीं लक्ष्य क्यों है इसका विवेक भी आज के संदर्भ में आवश्यक है. श्री कृष्ण का व्यक्तित्व अपरिमेय है. उन्होंने वही किया, जो समय की मांग थी, वैश्विक चुनौती थी. जब कोई समर्थ परिवेश से असंवेदनशील हो जाए तो वह जड़ है और वही जड़ता गीता समाप्त कर देती है, निर्माण कर देती है और मनुष्य कर्तव्याकर्तव्य के भाव को समझ लेता है .तब कर्म पथ पर आगे की ओर निरंतर बढ़ते चलता है. जब मानव के समक्ष षट् ऋतुओं की जंजीरों में जकड़ी माया सुरसा मुंह लिए खड़ी है तो किसी हनुमान जैसा "पवन तनय बल पवन समाना" चाहिए . बल का पवन समान का तात्पर्य भी यहां व्यष्टि से ऊपर है. पवन संपूर्ण सृष्टि निर्माण के मूर्धन्य घटक हैं. क्षिति जल पावन गगन समीर, इन्हीं के द्वारा समस्त ब्रह्मांड की रचना होती है. इस शरीर को पिंड से मृत्यु पर्यंत कवच अधीन रखने का समर्थ पवन में ही है.

प्रदीर्घ अनुभव ने अपनी समस्त सामाजिक राष्ट्रीय कल्याणकारी चेतना से तुरंत पहचान लिया 'का चुप ठाढ़ि रहे बलवाना'. बलवान का चुप रहना शोभा नहीं देता. बलवान अर्थात निर्माण कर्ता पिंड से ब्रह्मांड का पालनहार हार कैसे चुप रहता? पवन तो होने का एहसास ही नहीं दिलाते अपितु प्राण वायु हैं. तब तक ही जीवन है, जब तक यह वायु है. जहां वायु पुत्र हो, वहां कौन सा कार्य दुर्लभ रहेगा? सीता का पता यही लगा सकता है. वृद्ध अनुभवी आंखों ने पहचाना 'अतुलित बल धामं.....दनुज बन कृशानुं. रामदूत हनुमान ने निर्णय लेने में विलंब कब किया निर्णय जब विवेक से हो तो उसमें दृढ़ निष्ठा होती है और राम कृपा का स्नेहासिक्त हर्ष का संबल भी. वे युवा हैं तो बलशाली हैं. साथ में हैं राम काज की अदम्य इच्छा शक्ति.वाटिका के वृक्षों को फल खाने के उपरांत तोड़ना एक स्ट्रेटजी थी. फिर संघर्ष करना और आखिर में बहुत आगे बढ़ जाना. अपनी लघुता के वैराट्य का प्रदर्शन. कभी सुरसा के समक्ष तो दूसरा सीता के समक्ष. और लंका दहन तो सबसे उपर.

**• देश-काल**



अयोध्या नाथ मिश्र


एक को समर्थ का वैशिष्ट्य बताने के लिए तो दूसरे को विश्वास जीतने के लिए. तब न हुआ 'अजर अमर गुण निधि सुत होहू'. किसे सौभाग्य प्राप्त है जगत जननी मां सीता के मुंह से अपनी समस्त नवोद्भूत चेतना के साथ पुत्रवत आशीष पाने का !अजर और अमर में एक ही पर्याप्त होता, पर नहीं जरा क्यों ? सदा जवान और गुणनिधि अर्थात समस्त गुणों के सागर. इसलिए तुलसी बाबा ने लिखा 'अतुलित बल धामं हेम शैलाभ देहं.' काया तब निर्मल हो जाती है, जब उद्देश्य लोकहित हो, पावन हो....और तब सामर्थ्य चुप नहीं बैठता.

आज वैश्विक समृद्धि दौड़ में गतिशील भारत जिसकी युवा शक्ति विश्वविदित है, अपनी इसी क्षमता के बूते अंदर बाहर सशक्त दिख रहा है. हनुमान युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत हैं तो फिर किंकर्तव्यविमूढ़ता क्यों? मार्ग निकलता है, भले ही कोई सुरसा रोके खड़ी क्यों ना हो. कौशल चाहिए अन्तर्मुखी क्षमता विवेक सामर्थ्य और जीतने की स्ट्रेटजी के लिए. शौर्य और विनय साथ साथ. समस्याएं हैं तो अवसर भी हैं. देश की युवा शक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का भंडार है, सृजन की अपूर्व क्षमता है, जिसने अपनी क्षमता को पहचाना सागर पार कर लिया और जीवन का अभीष्ट अभिलाष सीता की खोज भी कर ली, लेकिन जिन बौरी डूबन डरी रही किनारे बैठ. युवा शक्ति को अपना मार्ग बनाना होता है 'वीर भोग्या वसुंधरा '! लंकिनी, त्रिजटा और विभीषण भी इस महाभियान में आपकी प्रतीक्षा करते हैं. फिर सृजन के लिए संहार और ज्वाला से खेलना तो पड़ता ही है. साथ में विवेक.

आज भारत में तेज रफ्तार की इकोनामी है. उद्यम उद्यमिता व्यवसाय और उससे जुड़ा पराक्रम इस तेजी से बढ़ रहा है कि पांच दिनों में एक अरबपति भारत की भूमि पर पैदा हो रहा है. हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बन रहे हैं तेज अव संरचना तथा तकनीक से संबंधित स्टार्टअप की रफ्तार काफी तेज है. नई शिक्षा नीति ने सृजनशील शिक्षा एवं कौशल विकास के अनेक द्वार खोल दिए हैं. सरकारें विभिन्न योजनाओं के साथ युवा शक्ति के कदम से कदम मिला रही हैं. सहायता, समर्थन और संवर्धन दे रही हैं, ताकि वैश्विक स्तर पर हमारी समृद्ध पहचान बन सके. भारत अगर विश्व की तीसरी अर्थशक्ति, श्रम शक्ति, कौशल शक्ति, उत्पादन शक्ति, तकनीक शक्ति, विज्ञान शक्ति और अंतरिक्ष शक्ति बनने वाली है तो किसी युवा शक्ति के बल पर ही. 140 करोड़ की आबादी बहुत बड़ी बात है और वह भी तब, जब इसकी 65% आबादी के हाथ में काम करने की कूबत है.

दुनिया के जापान जैसे उन्नत देश विकसित देश के सामने कर्मशील आबादी की बहुत बड़ी चुनौती है. दूसरी ओर हमारे यहां हर हाथ को काम देने की समस्या है, पर इस समस्या का समाधान एक ही है विवेकपूर्ण स्ववृत्ति के अनुसार कौशल विकास. देश में तमाम सेक्टर ऐसे हैं, जहां कौशल की बड़ी आवश्यकता है. उलझनें हैं, राजनीति जाति-पाति, धर्म -संप्रदाय, उच्च-नीच, अगला-पिछला, अमीर-गरीब की बातें बहुत उठाएगी, कुछ स्लोगन भी दिखाई देंगे. संभव है ये शक्तियां मार्ग रोकें, लेकिन 'रामकाज कीन्हें बिना मोहि कहां विश्राम' यही अभीष्ट होना चाहिए हमारे युवा शक्ति का. अर्थात हर परिस्थिति में हमें भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करना है. सृजन कर्ता को कुलीन कहलाने की कोई जल्दीबाजी नहीं है. ₹ कहहु कवन मैं परम कुलीना, कपि चंचल सबही विधि हीना₹ में विनय एवं पात्रता की पराकाष्ठा है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**• बोधि-वृक्ष** | डॉ. एसके पाण्डेय



## उघरहिं अंत न होइ निबाहू

कोई पाखंडी चाहे अपनी जितनी भी चतुराई का प्रयोग क्यों न कर ले, एक दिन ऐसा समय आ ही जाता है, जब उसकी सारी की सारी चतुराई धरी की धरी रह जाती है. उसके चेहरे पर से परदा हट ही जाता है. इतिहास और पुराणों में उल्लेखित कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती हैं. गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज कहते हैं कि भले और बुरे दोनों संसार में हैं. जैसे पाप और पुण्य, फूल और कांटा, देवता और राक्षस, तम और प्रकाश आदि. सबको ब्रह्माजी ने ही उत्पन्न किया है. वेदों ने इनके गुण और दोष की विवेचना की है. बिना गुण और दोष जाने यह निश्चय करना कठिन हो जाता कि किसके साथ जाना है और किसके साथ नहीं जाना है. कभी-कभी भले और बुरे में पहचान कर पाना बहुत ही मुश्किल हो जाता है. यदि कोई बुरा व्यक्ति भले व्यक्ति का स्वांग करे तो उसे सहसा कोई थोड़े पहचान सकता है. पहचानने में समय लगता है. समय भले ही लगे, लेकिन एक न एक दिन यह भेद खुल जाता है. जैसे मान लीजिए कोई अपना मित्र नहीं है. फिर भी वह मित्रता का स्वांग करता रहता है. आरंभ में हम भले ही उसे अपना मित्र-हितैषी मान लें. लेकिन वह दिन आ ही जाता है जब हमें पता चल जाता है कि यह मित्रता नहीं थी सिर्फ स्वांग था. लेकिन तब तक बहुत देर हो जाती है. इसलिए ही सावधानी की जरूरत होती है. यदि कोई भला है, अच्छा है लेकिन उसकी वेशभूषा ठीक नहीं है. आकर्षक नहीं है. अथवा उसकी अच्छाई सामने नहीं आ रही है तो हो सकता है आरंभ में लोग उसे सही न समझें. लेकिन एक दिन उसकी साधुता की विजय होती है. उसे जरूर सम्मान मिलता है. ठीक ऐसे ही यदि कोई बुरा है, अच्छा नहीं है, लेकिन वह लोगों को प्रभावित कर ले जाता है. लोगों को मिला लेता है. अपने को भला और अच्छा दिखाता है तो आरंभ में भले ही वह प्रशंसा का पात्र बन जाए. लोग उसे न समझ सकें. लेकिन एक दिन उसका भेद खुल ही जाता है. गोस्वामी जी कहते हैं कि जिसके पास साधुता है उसे सम्मान मिलता ही है लेकिन जो असाधु होकर भी साधुता का ढोंग करता है उसका ढोंग एक न एक दिन उजागर हो ही जाता है. इसी तरह से हर रहस्य का एक न एक दिन खुलासा होता ही है. खासकर ऐसे रहस्य का जिसके बल पर कोई अनैतिक कार्य किया जाता है और दूसरों को सताया जाता है- उघरहिं अंत न होइ निबाहू. कालनेमि जिमि रावन राहू.

# आत्महत्याओं के सिलसिले को रोकने की जरूरत

**• समाज**

रंजीत पवार

दुनिया में कहीं और की अपेक्षा भारत में लोग अधिक आत्महत्या कर रहे हैं. वर्ष 2016 में भारत में प्रति एक लाख लोगों पर आत्महत्या की दर 16.5 रही, जबकि वैश्विक औसत 10.5 थी. यहां सवाल स्वाभाविक है कि लोगों को अपनी जान लेने की तरफ क्या चीज़ धकेलती है? क्या आत्महत्या की व्याधि एक व्यक्तिगत घटना है या हमारी सामाजिक, प्रशासनिक, आर्थिक, शैक्षणिक और धार्मिक व्यवस्था को आगे आकर इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए? मानसिक रोग, ड्रग्स की लत, तलाक, असफल प्रेम संबंध, यौन हिंसा, दिवालियापन, शैक्षणिक विफलता, बेरोज़गारी और गरीबी खुदकुशी करने के मुख्य कारण हैं. इनके अलावा दक्षिण एशियाई देशों में एक और वजह है : समाज में इज्जत को ठेस. भारत में उच्च आत्महत्या दर की वजहों की, विशेषकर समाज के कुछ खास वर्गों में, जांच की जानी चाहिए. विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 143 देशों में 126वां स्थान मिला है, यह पड़ोस के पाकिस्तान और नेपाल से भी नीचे है. तो भारत में इतने सारे लोग दुखी क्यों हैं? सामान्य कारकों के अलावा, भारत में आत्महत्या के ग्राफ में एक अजीब सी समानता भी है- युवा, निम्न आय वर्ग, किसान और महिलाओं में आत्महत्या की दर ज्यादा है.15 से 29 आयु वर्ग, जो भारत की जनसंख्या का 53.7 प्रतिशत है, उसमें मौत के कारणों में आत्महत्याओं का हिस्सा काफी अधिक है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 रिपोर्ट बताती है, उस साल हर दिन 35 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की. इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी. गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है. नौकरी के चाहवान बहुत हैं और नौकरियां अत्यंत कम. लगभग 10 प्रतिशत भारतीय युवा बेरोजगार, नाखुश, चिंतित हैं और उनके पास अपनी रोजमर्रा की जरूरतें तक पूरा करने के लिए संसाधन नहीं हैं. रोजगार के मामले में महिलाएं पुरुषों से काफी पीछे हैं. बहुत बड़ी संख्या में नौकरी के चाहवानों के लिए न सिर्फ नौकरियां बहुत कम हैं, बल्कि निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्तियों की भी कमी है, जिससे आक्रोश और अरुचि उत्पन्न होती है. राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक और परिणामों में हेराफेरी को लेकर चल रही कानूनी कार्रवाई के कारण पिछले चार वर्षों में कई परीक्षाएं रद्द करनी पड़ी हैं. अन्य राज्य भी इसी किस्म की स्थिति से त्रस्त हैं. आत्महत्या से होने वाली मौतों में दो तिहाई हिस्सा न्यूनतम आय वर्ग के लोगों का है. इसके अलावा, वर्ष 2022 में किसानों और खेतीहर मजदूरों ने 11,290 खुदकुशी की. अपने वजूद और सुख के लिए आधारभूत आवश्यकताएं रोटी, कपड़ा और मकान हैं. नीति आयोग के अनुसार, 50 प्रतिशत भारतीयों की औसत मासिक क्रय शक्ति, क्रमशः ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में, 3094 रुपये और 4,963 रुपये हैं. ग्रामीण और शहरी आबादी के निचले 20 प्रतिशत में आने वाले लोगों के पास खुद के वास्ते और परिवार को जिंदा रखने के लिए दैनिक खर्च क्षमता महज 70-100 रुपये है. इतने कम पैसे में भोजन, कपड़ा और मकान का इंतजाम कर लेना बेहद मुश्किल है. आत्महत्या से होने वाली प्रत्येक मौत के बरक्स 200 से ज़्यादा लोग आत्महत्या करने की प्रवृत्ति और विचार पाले हुए हैं. चिंताजनक बात यह है कि वैश्विक औसत की तुलना में भारतीय महिलाओं की खुदकुशी दर दोगुनी है. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 में हर दिन औसतन 86 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए. यह संख्या असल से बहुत कम हो सकती है, क्योंकि अधिकांश पीड़ित महिलाएं लोकलाज आदि के डर से मामला दर्ज करवाने नहीं जातीं. महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक-मानसिक शोषण और उत्पीड़न का शिकार होता है, तिस पर व्यवस्था से सुनवाई की उम्मीद बहुत कम है. खेती से मोहभंग और शहरी जीवन की चकाचौंध से ग्रस्त होकर, ग्रामीण युवा पलायन के मौके की तलाश में रहते हैं, जिससे वे भारी संख्या में बड़े शहरों का रुख करते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> इस वर्ष कोटा में अब तक 13 छात्र यह अतिशयी कदम उठा चुके हैं, जबकि पिछले साल देश के इस कोचिंग के गढ़ में 26 छात्रों ने खुदकुशी की थी. गला-काट प्रतिस्पर्धा, उच्च प्रदर्शन का दबाव और असफलता का डर जिसको कभी-कभी माता-पिता का अधीर रवैया भी हवा देता है- युवा मानस के लिए इनको संभालना बहुत मुश्किल हो सकता है.

# सियासी उदासीनता के बीच विधान सभा चुनाव

**• चुनाव**

अरविंद मोहन

महत्वपूर्ण विधान सभाओं की कौन कहे, हैदराबाद समेत कई नगर निगमों का चुनाव, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्य का चुनाव और एक एक उपचुनाव को महाभारत बनाकर लड़ने वाली नरेंद्र मोदी-अमित शाह की जोड़ी बहुप्रतीक्षित जम्मू और कश्मीर विधानसभा चुनाव और दिल्ली से लगे हरियाणा विधानसभा का चुनाव क्यों इस तरह 'बेमन' से लड़ रही है, यह गंभीर राजनैतिक चर्चा का विषय होना चाहिए. ऐसा सिर्फ़ दो राज्यों के चलते या एक जगह भाजपा को अपनी सरकार के लिए जनादेश लेने का प्रयास करने भर के लिए ही नहीं है. जम्मू-कश्मीर का चुनाव देश, दुनिया, हमारी दीर्घकालिक राजनीति और संघ-भाजपा के अब तक चली कश्मीर नीति की परीक्षा के हिसाब से काफी महत्व का है. इस पर दुनिया की नज़र टिकी हुई है, क्योंकि धारा 370 की समाप्ति के बाद यह पहला चुनाव है. लोकसभा चुनाव ने भी लोगों का मन बताने का काम किया, लेकिन उसमें हुए उत्साहजनक मतदान ने कई चीजों को छुपा लिया. अच्छा मतदान निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर की ही नहीं, किसी भी इलाक़े की राजनैतिक समस्याओं को निपटाने का सबसे मज़बूत आधार देता है, लेकिन दस साल बाद हो रहे विधानसभा चुनाव स्वशासन के बारे में लोगों की राय लेकर आएंगे और इतना बड़ा कदम उठाने वाली मोदी सरकार लोगों की नज़र में पास हुई या फेल, यह संदेश भी आएगा. मोदी और शाह की भाजपा ने लोकसभा चुनाव को भी इस इलाक़े में जिस तरह लड़ा था, वह कोई बहुत उत्साह नहीं जगाता था. जम्मू-कश्मीर से ही निकालकर अलग केंद्रशासित प्रदेश बने लद्दाख में भी भाजपा का प्रदर्शन चिंताजनक था, लेकिन घाटी में चुनाव लड़ने के नाम पर तो भाजपा के हाथ-पांव सुन्न पड़ने लगे थे. उसने लोकसभा चुनाव में ही सहयोगी क्षेत्रीय दल और मज़बूत निर्दलीय तलाशने शुरू कर दिए थे. इस बीच कांग्रेस से गुलाम नबी आज़ाद जैसे दिग्गज को तोड़ना, उनकी नई पार्टी बनवाना, जम्मू और कश्मीर इलाक़े में विधानसभा सीटों के पुनर्गठन का काम पूरा कराना, बनगूजरों समेत नए समूहों को आरक्षण देना, सेना के बल पर शांति बनाए रखना और कथित विकास योजनाओं पर गंभीरता से काम करना (हालांकि भाजपा ने धारा 370 हटाते समय जिस निवेश की बाढ़ और घाटी को स्वर्ग बनाने की बात कही थी, वह कहीं नहीं दिखी) जैसी तैयारियां भी चलती रहीं, लेकिन जैसे ही चुनाव घोषित हुए जम्मू और कश्मीर में भाजपा की कमजोरियां छुप न पाईं. अब चार सौ पार के शोर और फिर भाजपा की सीटों में भारी कमी आने जैसे हंगामों ने जम्मू और कश्मीर में उसके प्रदर्शन की बाहर ज़्यादा चर्चा नहीं होने दी, लेकिन भाजपा के लोगों को अपनी जमीन का एहसास हो गया था. पर एक एक सीट और एक एक उम्मीदवार के लिए जान लगाने वाले अमित शाह और मोदी की टोली जिस तरह से इस बार का विधानसभा चुनाव लड़ रही है, वह काफी लोगों को हैरान करता है. एक तो जम्मू-कश्मीर के साथ हरियाणा का चुनाव भर कराया गया, जबकि पिछली बार महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव साथ हुए थे. इस इलाके से उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी चुनाव हार गई थीं, लेकिन वे दोनों और उनकी पार्टियां ताल ठोंक रही हैं. बूढ़े फारूख अब्दुल्ला भी खुद को जवान कह रहे हैं, लेकिन मैदान छोड़ती सिर्फ भाजपा नज़र आती है. उसे तो अपना इंचार्ज चुनने और टिकट बांटने में (जम्मू क्षेत्र में भी) भारी संकट उठाना पड़ा. शुरू से उसके लोग (और मीडिया में उनका समर्थक हिस्सा) क्षेत्रीय दलों और निर्दलीयों के समर्थन से सरकार बनाने का दावा करने लगे थे, जो असल में हार कबूल करने की ध्वनि ही देता है. हरियाणा में पार्टी सत्ता में है और नायब सैनी सरकार ने कई वोट बटोरू नई योजनाएं शुरू की हैं. भाजपा के लोग विनेश फोगाट प्रकरण पर भी खुसर-फुसर अभियान चलाते रहे और गैर-जाट जातियों के ध्रुवीकरण की राजनीति भी चलाते रहे हैं. पर लगता नहीं कि किसानों, पहलवानों और अग्निवीर योजना वाले सवालों की नाराजगी कम हुई है. उल्टा यह हुआ है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में उत्साह और ऊर्जा बढ़ती गई है और उसकी अंदरूनी फूट कम होती गई है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> मोदी और शाह की भाजपा ने लोकसभा चुनाव को भी इस इलाक़े में जिस तरह लड़ा था, वह कोई बहुत उत्साह नहीं जगाता था. जम्मू-कश्मीर से ही निकालकर अलग केंद्रशासित प्रदेश बने लद्दाख में भी भाजपा का प्रदर्शन चिंताजनक था, लेकिन घाटी में चुनाव लड़ने के नाम पर तो भाजपा के हाथ-पांव सुन्न पड़ने लगे थे.

## मीडिया में अन्यत्र

# कारगिल पर पाकिस्तान की आत्म स्वीकारोक्ति

**जिस** सच को भारत बार-बार दोहराता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाक के सैनिकों की पूरी भूमिका रही है, उस सच को पाक सेना प्रमुख ने पच्चीस साल बाद स्वीकारा है. पाक की यह सफाई ऐसे वक्त में आई है जब भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है. बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं. हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बात कही. दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी. अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे. हालांकि, इस साल की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे. यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है. दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था.बहरहाल, पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं. मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है. लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है. सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है. वहीं मुखर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल की सलाखों के पीछे हैं. दरअसल, पाक दुनिया को यह दिखाने का प्रयास कर सकता है कि वह अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है. तभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसी कार्यक्रम में कहा था कि पाक अपने सभी पड़ोसियों से बेहतर संबंध बनाना चाहता है. संभव है कि पाक अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एससीओ बैठक के लिये माहौल बनाने का प्रयास कर रहा हो. **(दैनिक ट्रिब्यून)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### ऊंघ/ऊंच/ऊंट

**वह** ऊंट की ऊंची पीठ पर बैठ कर ऊंघ रहा था. वहां से लुढ़का तो सीधे नीचे आ गया और उसकी टांग टूट गयी. इस घटना के कारण पर प्रकाश डालने के लिए तीन शब्दों का प्रयोग किया गया है. पहला कारण ऊंट, दूसरा ऊंची पीठ और तीसरा ऊंघना. इन तीनों भले ही किसी एक अप्रिय घटना के कारण हों, लेकिन इनके बीच सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं है. हिंदी शब्द सागर में ऊंघ शब्द को संज्ञा स्त्रीलिंग बताया गया है. इसका मतलब है ऊंघाई, निद्रागम, झपकी, अर्धनिद्रा. इसका अकर्मक क्रिया रूप ऊंघना है, जिसका आशय है झपकी लेना, नींद में झूमना, निद्रालु होना. इस शब्दकोश में ऊंघ का एक और अर्थ बताया गया है-बैलगाड़ी के पहिए की नाभि और धुरकीली के बीच पहनाई हुई सन गेडुरी. यह इसलिए लगायी जाती है कि इसमें पहिया कसा रहे और धुरकीली की रगड़ से कटे नहीं. ऊंच तद्भव श्रेणी का विशेषण शब्द है. इसका तत्सम रूप उच्च है. मतलब ऊंचा, ऊपर उठा हुआ, बड़ा, श्रेष्ठ, उत्तम. ऊंच शब्द का विलोम है नीच और शब्दयुग्म बनता है ऊंच-नीच. मायने छोटा-बड़ा, आला-अदना. तुलसीदास जी ने कहा है-दानव देव ऊंच अरु नीचू. वहां पर ऊंच-नीच का कोई भेदभाव नहीं होता. मुहावरा है ऊंच-नीच नहीं सोचना यानी भला-बुरा न सोचना, मुहावरे का एक वाक्य प्रयोग देखने योग्य है-तुम ऊंच-नीच नहीं सोचते, यही तुम्हारी सबसे बड़ी कमजोरी है. इसका अधिकतम प्रयोग ऊंचा और नीचा के रूप में होता है. ऊंचा का मतलब जो दूर तक ऊपर की ओर उठा हुआ हो, उन्नत, बुलंद. जैसे ऊंचा पहाड़, ऊंचा मकान. इससे भी बना मुहावरा है ऊंचा-नीचा. मतलब ऊबड़-खाबड़, जो समतल न हो. उदाहरण के लिए, ऊंच नीच में बोई कियारी, जो उपजी से भई हमारी. ऊंट एक ऊंचा चौपाया जानवर है, जो विशेषकर रेगिस्तानी इलाके में सवारी और बोझ लादने के काम आता है. ऊंट किस करवट बैठता है, यह चिंता का विषय नहीं है. जरूरी है किसी का ऊंट से आदमी होना. ऊंट के मुंह में जीरा का क्या मतलब है?

# इंसानों की बस्ती में तेंदुए का चकल्लस

**• तीर-तुक्का**

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



इंसानों की बस्ती में तेंदुए. अब यह कोई नई और आश्चर्यजनक बात नहीं रही. वे आराम से अब यहां रहने लगे हैं. जब तबीयत होती है, किसी को भी अपना शिकार आसानी बना लेते हैं. उत्तर प्रदेश की राजधानी में वे कई बार दिखाई दिए हैं. कल की ही बात है, लखनऊ में फिर दिखा तेंदुआ. वह पास के एक गांव में पुलिया के नीचे छिपा बैठा था. सारे गांव में दहशत फ़ैल गई. इधर मध्य-प्रदेश के रायसेन जिले में पिछली रात दो अलग अलग घटनाओं में तेंदुओं के हमले में दो लोगों की मौत हो चुकी है. तेंदुए कब कहां मिल जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता. कभी घर के अन्दर वे टहलते हुए दिख जाते हैं तो कभी किसी बंगले में घुस आया करते हैं. सरकार और पुलिस बस कोशिश ही करती रहती है कि उन्हें किसी तरह ज़िंदा या मुर्दा पकड़ लिया जाए. जैसा कि हम सभी जानते हैं कि तेंदुआ चीते की जाति का एक हिंसक पशु है. शेर और बाघ से यह छोटा होता है, लेकिन यह अपेक्षाकृत बहुत चालाक, मौक़ा-परस्त और फुर्तीला परभक्षी है. अधिकतर तेंदुए पीली चमड़ी के होते हैं और उनपर गहरे रंग के धब्बे होते हैं, लेकिन तेंदुए की कई उपजातियां भी होती हैं. श्वेत हिम-तेंदुए तो होते ही हैं, काले रंग के तेंदुए भी देखे गए हैं. इंसानी बस्तियों में हर तरह के तेंदुए मिल जाते हैं. कभी कभी तो उन्हें पहचानना तक मुश्किल हो जाता है. इंसानों की बस्ती में पाए जाने वाले तेंदुए स्वभाव से बेशक तेंदुए ही होते हैं. वे तेंदुओं की तरह ही चालाक, मौकापरस्त और फुर्तीले होते हैं. बहुत रहस्यमय होते हैं. पर उनकी शक्ल-सूरत ठीक आदमियों जैसी ही होती है. शिकार करके अधिकतर वे दूसरी बस्तियों में भाग जाते हैं. कुछ बेहद हिम्मती भागते नहीं. जहां हैं, वहीं जमे रहते हैं. डरते नहीं, डराते रहते हैं. पैसा-प्रेमी इन तेंदुओं का शिकार ज़रूरी नहीं कोई आदमी ही बने. वे आदमियों से दोस्ती करके अक्सर बैंकों को अपना शिकार बनाते हैं. पैसा निकाल कर चम्पत हो जाते हैं. पकडाई में न आएं इसलिए राजनीतिज्ञों से सांठ-गांठ कर लेते हैं. यही कारण है कि यदि कोई तेंदुआ पकड़ भी लिया गया तो उस पर तुरंत राजनीति शुरू हो जाती है. तेंदुए सर्वव्यापी नहीं हैं. राजनीति सर्वव्यापी है. यह बात अलग है कि तेंदुए राजनीति करते हैं और राजनीति में तेंदुए हैं. तेंदुए आजकल बस्ती में हर जगह घुस आए हैं. घर घर में उनका वास है. शिक्षा और न्यायपालिकाओं तक में उन्होंने अपनी पैठ जमा ली है. कोई महकमा ऐसा नहीं रहा, जहां तेंदुओं ने घुस पैठ न कर ली हो.

गजेट्स रिव्यू : रेडमी स्मार्ट वॉच 5 एक्टिव

# कम कीमत में शानदार फीचर्स वाला स्मार्टवॉच

स्मार्टवॉच धीरे-धीरे हमारी जरुरत में शुमार होता जा रहा. इसलिए कंपनियां लगातार नए फीचर्स के साथ स्मार्टवॉच ले कर आ रही हैं. रेडमी ने भी हाल ही अपनी नई स्मार्टवॉच को लॉन्च किया है. महज तीन हजार रुपए की इस स्मार्ट वॉच में बड़ी डिस्प्ले, कॉलिंग सुविधा, दमदार बैटरी जैसी कई खासियत हैं. आइए, इस स्मार्टवॉच की खासियत से हों रू-ब-रू



- **डिजाइन**

अलग डिजाइन की सबसे बड़ी खासयित है. कलाई पर यह अन्य स्मार्टवॉच से अलग और बड़ी दिखती है. रेडमी स्मार्ट वॉच 5 एक्टिव में 2 इंच का एचडी डिस्प्ले मिलता है, जो काफी बड़ा है. इसकी वजह से वॉच हाथ में बड़ी दिखती है. इसमें टीयूपी स्टैप मिलता है जो दो रंग विकल्प ब्लैक (मिडनाइट ब्लैक) एंड व्हाइट (मैट सिल्वर) में आती है.

- **डिस्प्ले**

रेडमी वॉच 5 एक्टिव में 2 इंच का एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है. एचडी रेजोल्यूशन का यह डिस्प्ले है. बेजल्स की अधिकता डिस्प्ले को कम आकर्षक बनाती है. स्क्रीन की ब्राइटनेस 500 निट्स तक की है. दिन में बाहर निकलने और कड़ी धूप में भी क्लियर नजर आता है. टॉर्च की सुविधा भी है.

- **परफॉर्मेंस**

ये हाइपर ओएस के साथ आने वाली इस स्मार्टवॉच को कनेक्ट करने के लिए आपको एमआई फिटनेस ऐप का इस्तेमाल करना होगा. इसमें ऑटोमेटिक आउटडोर एक्सरसाइज डिटेक्शन का फीचर दिया गया है. कस्टमाइज किए जा सकने वाले 200 से ज्यादा क्लाउड वॉच फेस मिलते हैं. इमोजी, कस्टमाइजेबल रिंगटोन और हिंदी लैंग्वेज का सपोर्ट अन्य फीचर्स हैं. हैल्थ ट्रैकिंग बेहतर करता है. हार्ट रेट सेंसर, एक्सलेरोमीटर और एसपीओ2 सेंसर दिए गए हैं. स्टेप काउंट्स और कैलोरी काउंट की जानकारी भी बेहतर मिलती है. ब्लूटूथ कॉलिंग का फीचर खास बनाता है. यानी वॉच से कॉलिंग भी हो सकती है. मैसेज रिप्लाई की सुविधा भी है. एलेक्सा का सपोर्ट है.

- **बैटरी लाइफ**

रेडमी वॉच 5 एक्टिव में 470 मेगाहर्ट्ज की बैटरी दी गई है. कंपनी का दावा है कि एक बार चार्ज करने पर यह 18 दिनों तक धड़ल्ले से चलेगी. इसके साथ आपको मैग्नेटिक चार्जिंग केबल मिलती है.

*17 सितंबर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है. मान्यता है कि इस अवधि में पितरों की आत्माएं पृथ्वी पर आती हैं और अपने वंशजों से जल, पिंड, और अन्न की आकांक्षा करती हैं. हैकर्स इससे पूर्व ही हमारे पितरों से जुड़ी भावनाओं को आहत कर रहे हैं और उनसे जुड़े मैसेज हम तक प्रेषित कर रहे हैं. जी हां, इन दिनों सोशल मीडिया पर 'भुतहा हैकर्स' घूम रहे हैं. ये हैकर्स ऐसे लोगों के अकाउंट को टारगेट कर रहे हैं, जो अब इस दुनिया में नहीं है. ये हैकर्स उन लोगों के अकाउंट को हैक करके उनके परिजनों को उनके नाम संदेश भेज रहे. जाहिर है मामला पूरी तरह फ्रॉड का है. हमारी भावनाओं से खेल कर वे लूट करते हैं.*

# पितृपक्ष से पहले आए 'भुतहा हैकर्स'



इधर पितृपक्ष के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं, उधर स्कैमर्स इस दुनिया से उठ चुके हमारे पूर्वजों के नाम घपला-घोटाले को अंजाम दे रहे हैं. जी हां, ये हैकर्स मरने के बाद भी लोगों को नहीं छोड़ रहे हैं. स्कैमर्स का नया टारगेट ही वैसे लोग हैं जो अब जीवित नहीं रहे. इस तरह के हैकर्स को घोस्ट हैकर्स या भुतहा हैकर के नाम से इन दिनों जाना जा रहा. इसके लिए हमारे आपके एक्स, फेसबुक आदि सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखते हैं. जैसे ही हम-आप अपने किसी प्रियजन, परिजन या परिचित की मृत्यु की खबर इसमें पोस्ट करते हैं, प्रतिक्रिया देते हैं तो तुरंत ये एक्टिव हो जाते हैं.



## ऐसे देते अंजाम

कोई व्यक्ति इस दुनिया में नहीं रहा, यह जानकारी प्राप्त करते ही वे उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स और दूसरे अकाउंट्स में ताक-झांक करने लगते हैं. मृतक से जुड़ी हर तरह की जानकारियां, सब तरह के डिटेल्स, डेटा एकत्र करते हैं. उसके बाद सोशल इंजीनियरिंग व अन्य तरीकों को अपना कर उनके अकाउंट में सेंधमारी करते हैं. पासवर्ड रिसेट करते हैं. इसके बाद शुरू हो जाता है इनका गंदा खेल. उस अकाउंट से स्पैम भेजकर या फिर उनकी चैट्स का फायदा उठा सकते हैं. ब्लैकमेलिंग करते हैं, मैसेज देकर पैसे मांगते हैं. या फिर ऐसे ही कोई काम करते हैं जिससे येन-केन-प्रकारेण उन्हें आर्थिक लाभ हो. मृत व्यक्तियों की पहचान चुराकर धोखाधड़ी करके उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड, ऋण और अन्य वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करके प्राप्त करते हैं. ये हैकर्स दीमक की तरह हैं. एक बार जब वे एक खाते में घुस जाते हैं, तो वे हर जगह पहुंच जाते हैं, जब तक कि उन्हें रोका न जाए.

## भूत हैकर्स को ऐसे रोकें

इन हैकर्स की नजर उन ऑनलाइन अकाउंट पर रहती है जिनका सक्रिय रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है, लेकिन उन्हें निष्क्रिय या अक्षम भी नहीं किया गया है. इसलिए, किसी अपने की मृत्यु के बाद सबसे पहले उनके सभी सोशल मीडिया और बैंक अकाउंट को निष्क्रिय कर दिया जाना चाहिए. इसके अलावा, उनके मोबाइल नंबर को बंद करना भी बेहतर होगा. चूंकि अब ऑनलाइन अधिकांश अकाउंट फ़ोन नंबरों के साथ लिंक हो गए हैं, इसलिए सेलुलर कनेक्शन को अक्षम करना एक अच्छा विकल्प है. सोशल मीडिया कंपनियां आपको किसी मृत व्यक्ति के अकाउंट को बंद करने की भी अनुमति देती हैं.

## ऐसे करें सेटिंग

फेसबुक पर आप किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद किसी खाते को संभालने के लिए किसी विरासत संपर्क को नियुक्त कर सकते हैं. इस व्यक्ति के पास लॉग इन करने, आपके संदेश देखने या मित्रों को हटाने की क्षमता नहीं होगी. मोबाइल पर इसे सेट करने के लिए, नीचे दाईं ओर तीन-पंक्ति वाले मेनू आइकन पर टैप करें. सेटिंग्स और गोपनीयता पर जाएं, फिर "एकाउंट सेंटर" चुनें. उसके बाद "पर्सनल डिटेल्स" और फिर "एकाउंट ओनरशिप एंड कंट्रोल" चुनें. वहाँ से, "मेमोरियलाइजेशन" चुनें. यहां, आप अपनी मित्र सूची से अपने विरासत संपर्क का चयन कर सकते हैं. यह भी महत्वपूर्ण है कि जिस व्यक्ति का आपने इस काम के लिए चयन किया है, उसे भी उनकी इस नई भूमिका के बारे में जानकारी जरूर दें. इसके अलावा स्पष्ट कर दें कि आपके पास यह निर्दिष्ट करने का विकल्प भी है कि आप अपने निधन के बाद अपना खाता हटाना चाहते हैं या नहीं.

## आईफोन यूजर्स के लिए

आईफोन यूजर्स के लिए एप्पल की लिगेसी कॉन्टैक्ट सुविधा आपको अपने एप्पल अकाउंट डेटा को प्रबंधित करने के लिए विश्वसनीय व्यक्तियों को नामित करने की अनुमति देती है. आप अपनी मृत्यु के बाद अपने अकाउंट की जानकारी को संभालने के लिए कई लिगेसी कॉन्टैक्ट नियुक्त कर सकते हैं, जिनमें से सभी की आयु कम से कम 13 वर्ष होनी चाहिए.

## गूगल एकाउंट का यह सिस्टम

आप अपने गूगल खाते की सेटिंग भी समायोजित कर सकते हैं. कोई आश्चर्य नहीं कि आप चाहते हों कि आपके इस दुनिया में नहीं रहने पर कोई आपके मोबाइल से सर्च, वॉच या लोकेशन हिस्ट्री नहीं खंगाले. ये निजी जानकारियां किसी को हासिल नहीं हो. तो आपको बता दें कि गूगल डिफ़ॉल्ट रूप से 18 महीने के बाद खाते का डेटा अपने आप हटा देता है.



# बैरंग वापस आया बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट



नासा के एस्ट्रोनॉट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में लेकर जाने वाला बोइंग स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट पिछले हफ्ते बैरंग पृथ्वी पर लौट आया. तकनीकी दिक्कत आने के बाद स्पेसक्राफ्ट बिना किसी एस्ट्रोनॉट्स के आया है. न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर पर यह गत शनिवार को उतरा. इस घटना को पाठ बताते हुए नासा के वाणिज्यिक चालक दल कार्यक्रम के प्रबंधक स्टीव स्टिच ने कहा कि यह अनुभव हमारे भविष्य के कदम को तय करेगा. हम स्टारलाइनर को सुरक्षित रूप से धरती पर वापस लाकर काफी खुश हैं. नासा मुख्यालय में अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर केन बोवर्साक्स ने भी इसकी वापसी पर प्रसन्नता जाहिर की. स्टारलाइनर के अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होने के बाद सुनीता विलियम्स ने रेडियो संदेश में कहा था कि वह अपने घर जा रहा है.

हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट

# बोल्ड लुक और सेफ्टी फीचर्स की भरमार

*हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट अब झारखंड की सड़कों पर भी दौड़ती नजर आएगी. साउथ कोरियन कार निर्माता कंपनी हुंडई ने पिछले दिनों भारतीय मार्केट में इसे लॉन्च कर दिया गया है. हुंडई अल्काजार फेसलिफ्ट में इस मिड-साइज एसयूवी में कंपनी ने कुछ ख़ास फीचर्स को शामिल किया है जो इसे पिछले मॉडल की तुलना में बेहतर बनाते हैं. इस SUV को 6-सीटर और 7-सीटर दोनों कॉन्फिगरेशन में पेश किया गया है. इसके पेट्रोल वेरिएंट की शुरुआती कीमत 14.99 लाख रुपये और डीजल वेरिएंट को 15.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है.*

## एक्सटीरियर डिजाइन

नई अल्काजार के फ्रंट में कंपनी के लोगो के साथ एक कनेक्टेड एलईडी डीआरएल सेटअप दिया गया है. इसके नीचे एक बड़ा ग्रिल है. ग्रिल के दोनों ओर बॉक्सी एलईडी हैडलाइट्स दी गई हैं. गाड़ी के लुक को बेहद आकर्षक बनाती है इसके बंपर पर दी गई सिल्वर स्किड प्लेट. इसकी वजह से इसके रूफ रेल्स और बेहतर दिखाई देते हैं. इसमें 18-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं.



## स्मार्ट फोन से खुलेगें डोर

नई अल्काजार में 70 से ज़्यादा ब्लूलिंक कनेक्टेड कार फीचर्स हैं. 270 से अधिक एम्बेडेड वीआर कमांड दी गई है जो हिंग्लिश और 135 हिंदी वॉयस कमांड के साथ आती है. पैसेंजर की सेफ्टी के लिए भी कई एडवांस फीचर्स दिए गए हैं. खास बात यह है कि गाड़ी के डोर के लॉक को आप अपने फोन या स्मार्टवॉच के जरिए अनलॉक कर सकते हैं. नई अल्काजार को चार वेरिएंट एग्जीक्यूटिव, प्रेस्टीज, प्लेटिनम और सिग्नेचर में लॉन्च किया गया है.

*पिछले दिनों अंतरिक्ष से फोन कर सुनीता विलियम्स ने अपनी मां को अपनी कुशलता की सूचना दी थी. बेटी की बातें इतने दिनों बाद सुनना और खुद उससे भरोसा पाना यकीनन मां के लिए बड़ा संबल रहा होगा. लेकिन इस प्रकरण के बाद यह सवाल मन में कई लोगों के उठा कि अंतरिक्ष में तो न मोबाइल होते और न इंटरनेट. फिर भला धरती पर बात कैसे करते हैं अंतरिक्ष यात्री? आइए, आज चर्चा करें इसी जिज्ञासा पर*

न मोइल टावर, न फोन केबल, न इंटरनेट...

# फिर कैसे होती अंतरिक्ष से धरती पर बातें

अंतरिक्ष आज भी हमारे लिए रहस्यों से भरी दुनिया है. तमाम रिसर्च, अंतरिक्ष यात्रा, तमाम प्रयोगों और अध्ययनों के बाद भी इससे जुड़े कई सवाल पहेली से बने हुए हैं. वहां की आबोहवा, प्रकृति, माटी, जीवन, इतिहास के कई कई सवाल मन में उठते हैं. हाल ही में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भी अंतरिक्ष में ऐसे ही कुछ सवालों के हल ढूंढने गए थे. लेकिन लंबे समय से तकनीकी कारणों से उनकी वापसी संभव नहीं हो पा रही है और अब जैसा कि नासा ने पिछले दिनों सूचना दी, अगले साल ही उनकी वापसी अब संभव है. अंतरिक्ष में फंसे रहने के बावजूद उनका संवाद लगातार पृथ्वी से जारी है. वे नासा के वैज्ञानिकों ही नहीं, बल्कि अपने परिवार वालों से भी बातचीत कर रहे हैं. इंटरनेट और मोबाइल टावर की गैर-मौजूदगी में उनकी यह कनेक्टिविटी हमें अचम्भित करती है. भला अंतरिक्ष से कैसे वे सहजता से बात कर पा रहे हैं. पिछले दिनों सुनीता विलियम्स ने पृथ्वी पर अपनी मां बोनी पांड्या से बात कर उन्हें बताया था कि वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में ठीक हैं और जल्द ही वापस लौट लाएंगी.



- **इस तरह होती अंतरिक्ष से पृथ्वी पर बात**

इसमें कोई दो राय नहीं कि मोबाइल टॉवर, फोन केबल व इंटरनेट के अभाव में अंतरिक्ष में संचार (कम्युनिकेशन) आसान नहीं है. ऐसे में अंतरिक्ष में कम्युनिकेशन स्पेस कम्युनिकेशन एंड नैविगेशन के माध्यम से धरती पर बात की जाती है. अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर बात करने के लिए सैटेलाइट और ऑर्बिटर का प्रयोग करते हैं. इस दिशा में नासा की भूमिका बेहद प्रशंसनीय है जिसने इस पर इतना काम अब तक किया है कि फंसे यात्रियों की आवाज सुनकर धरती पर बैठे वैज्ञानिक उचित कदम उठा सके या अंतरिक्ष यात्रियों के परिजन थोड़ा सुकून हासिल कर सकें. अंतरिक्ष यात्रियों से संपर्क करने के लिए नासा का स्पेस कम्युनिकेशन एंड नैविगेशन सिस्टम काम करता है. अंतरिक्ष यात्रियों से संपर्क करने के लिए नासा के पास रिले सैटेलाइट भी हैं. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से ट्रैकिंग एंड डेटा रिले सैटेलाइट्स (टीडीआरएस) के जरिए संपर्क होता है. ट्रैकिंग एंड डेटा रिले सैटेलाइट्स ग्राउंड सैटेलाइट को सिग्नल भेजती है. इस काम के लिए ऑर्बिटर की भी मदद ली जाती है, जो मैसेज को फॉरवर्ड करते हैं. बता दें कि नासा ने पृथ्वी के ऊपर तीन टीडीआरएस स्थापित किए हैं, जो पूरी पृथ्वी को कवर करते हैं. इनकी मदद से कभी भी अंतरिक्ष में संचार स्थापित किया जा सकता है.

# जब करें ऑनलाइन शॉपिंग, रखें बस इतना ध्यान

*कोरोना काल का असर कहें या हमारी बढ़ती व्यस्तता या फिर समय के साथ हमारा अधिक टेक्नोफ्रेंडली होना, ऑनलाइन शॉपिंग अब हमारा शौक नहीं, हमारी जरूरत बन गई है. पसंद के विस्तृत ऑप्शन और बजट की विविधता इसकी खासियत है. सामान पसंद नहीं आए तो बहुत सहजता से रिर्टन फैसिलिटी है और पैसे भी झटपट अकाउंट में वापस आ जाते. लेकिन सुविधा का यह सौदा कई बार बहुत असुरक्षित भी साबित होता है. आवश्यकता इस बात की है कि हम ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखें.*

## सीओडी मंगाएं

बेहतर होगा कि हम पेमेंट के लिए बजाय अपना बैंक अकाउंट नंबर साझा करने के, सीओडी यानी कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प अपना कर सामान मंगाएं. इससे आपको अपना बैंक डिटेल शेयर करने की ज़रूरत नहीं होगी. जब सामान घर पर पहुंच जायेगा तब ही आपको कैश पेमेंट करना होगा.

## एटीएम की डिटेल्स नहीं करें सेव

ऑनलाइन शॉपिंग करते समय कभी भी पेमेंट करते समय अपने एटीएम कार्ड की डिटेल्स सेव न करें. ऐसा होता है कि ऑन लाइन शॉपिंग साइट पर कार्ड में बारे में कई तरह की सूचनाएं दिए गए फॉर्मेट में भरनी होती है. इसके बाद सेव कार्ड डिटेल का ऑप्शन आता है और यस पर टिकमार्क होता है. हम जाने-अनजाने इस पर ओके का क्लिक कर देते हैं. हमारा यह कदम कहीं से भी सुरक्षित नहीं है. इस स्टेप पर विशेष सर्तकता की दरकार है, इस विकल्प को ध्यान से देखें और नो पर क्लिक करें. इससे आपको अपना बैंक अकाउंट सेफ रखने में मदद मिलेगी.



## यूआरएल पर दें ध्यान

यह बहुत अहम बात है, पर अक्सर हमारी अनदेखी हमारे अकांउट पर भारी पड़ती है. ऑनलाइन शॉपिंग जब भी करें, उस वेबसाइट के यूआरएल पर ध्यान दें. वेबसाइट के यूआरएल की शुरुआत हमेशा एचटीटीपीएस से होनी चाहिए. अगर इसकी शुरुआत एचटीटीपी से होती है तो सामान्य भाषा में बस इतना सूझ लीजिए कि यह गूगल की तरफ से सिक्योर्ड नहीं है.

## पब्लिक वाई-फाई से करें तौबा

इन दिनों कई जगह फ्री पब्लिक वाईफाई उपलब्ध रहता है. यह बात गांठ बांध लीजिए कि ऑनलाइन शॉपिंग के समय कभी भी पब्लिक वाई-फाई का इस्तेमाल नहीं करें. यह सजगता बेहद जरूरी है. हैकर्स ऐसी स्थिति में आपके बैंक डिटेल्स तक आसानी से पहुंच सकते हैं.

## फर्जी वेबसाइट से बचें

जब कभी वेबसाइट या ऐप से शॉपिंग करें तो उसकी वास्तविकता जरूर परखें. इन दिनों कई फर्जी वेबसाइट और ऐप हमारे सामने से गुजरते हैं और इससे फर्जीवाड़ा करने के केस भी सामने आते हैं. इसलिए हमारी कोशिश होनी चाहिए कि जो प्रोडक्ट हम खरीदने जा रहे हैं उसकी आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का इस्तेमाल करें. या फिर किसी विश्वसनीय व जाने माने ऑनलाइन शॉपिंग साइट या ऐप से ही शॉपिंग करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## रंगारंग समारोह के साथ पेरिस पैरालंपिक का समापन



169 देशों का ध्वज



रंगारंग कार्यक्रम

# अलविदा पेरिस... अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे

एजेंसी।पेरिस

पेरिस पैरालंपिक का रंगारंग समारोह के साथ समापन हो गया. समापन समारोह के अंतिम लम्हों में पेरिस की मेयर ने पैरालंपिक ध्वज अंतरराष्ट्रीय कमेटी के अध्यक्ष को सौंपा. इसके बाद इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने अमेरिका से पेरिस पहुंचीं लॉस एंजेलिस की महिला पदाधिकारी को मेजबानी सौंप दी. पेरिस पैरालंपिक 2024 में 169 प्रतिनिधिमंडलों ने हिस्सा लिया. इसमें आठ एथलीटों वाली एक पैरालंपिक शरणार्थी टीम भी शामिल रही. भागीदारी का पिछला रिकॉर्ड पैरालंपिक गेम्स लंदन में बना था. 2012 में हुए इस आयोजन में 164 प्रतिनिधिमंडल शरीक हुए थे. पेरिस पैरालंपिक में इरिट्रिया, किरिबाती और कोसोवो ने इतिहास में पहली बार हिस्सा लिया.

**आकर्षक लेजर लाइट शो भी हुआ :** पेरिस पैरालंपिक 2024 के समापन समारोह में लेजर लाइट का शो भी हुआ. इसमें दुनियाभर से आए एथलीट के योगदान की सराहना करते हुए उनकी उपलब्धि को दिखाने का यादगार प्रयास किया गया. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह का स्तब्ध करने वाला एक लम्हा ऐसा भी रहा जब खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रशंसकों की भावनाओं का ज्वार भी उमड़ा. अब चार साल के बाद अमेरिकी शहर लॉस एंजेलिस में ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किया जाएगा. प्रतिभागी देशों के एथलीट बारिश के बावजूद पूरे उत्साह के साथ परेड में शामिल हुए. इंटरनेशनल पैरालंपिक कमेटी के प्रमुख एंड्रयू पारसंस ने जब पेरिस के वॉलंटियर्स और सफल आयोजन से जुड़ी देश की जनता की खेल भावना और जज्बे की सराहना की तो भावपूर्ण लम्हे में लगभग एक मिनट तक तालियां बजती रहीं. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह की शुरुआत में, फ्रांसीसी गायिका सैंटा ने जॉनी हैलीडे के मशहूर गाने- विवरे पोर ले मेइलेर पेश कियाा. इस प्रदर्शन के साथ कई वीडियो क्लिप भी दिखाए गए, जिनमें पिछले तीन पैरालंपिक की यादगार तस्वीरें और भावनाओं की झलकी दिखी.



### हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल भारतीय दल के ध्वजवाहक बने

पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में परेड के दौरान भारतीय दल की तरफ से तीरंदाज हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल ध्वजवाहक बने. अब चार साल के बाद खेलों के इस महाकुंभ का आयोजन अमेरिका करेगा. फ्रांस की तरफ से मेजबानी अमेरिका को सौंपे जाने के बाद समारोह औपचारिक रूप से समाप्त हो गया. भारतीय दल ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ अपना सफर 18वें पायदान के साथ समाप्त किया. पिछली बार भारत 24वें नंबर पर रहा था.



### भारत से गया था सबसे बड़ा दल

पैरालंपिक में भारतीय अभियान के लिए इस बार बड़ा दल शामिल था. भारतीय खिलाड़ियों की 84 सदस्यीय टीम के साथ 95 अधिकारी भी पेरिस गए थे. इनमें खिलाड़ियों की विशेष जरूरतों को देखते हुए उनके साथ जाने वाले निजी कोच और सहायक भी शामिल रहे. भारत के दल में कुल 179 सदस्य शामिल रहे. 95 अधिकारियों में से 77 अलग-अलग टीमों के अधिकारी थे. नौ दल के चिकित्सा अधिकारी और नौ अन्य दल अधिकारी भी शामिल थे.

### मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दी गयी



*पेरिस पैरालंपिक 2024 के समापन समारोह में फ्रांस की गायिका सैंटा की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया. इसके अलावा डीजे की धुनों पर भी खिलाड़ी के साथ-साथ समारोह स्थल पर मौजूद लोगों को झूमते देखा गया. बारिश की फुहारों के बीच रेनकोट पहने लोग ऐतिहासिक और अविस्मरणीय लम्हों को अपनी स्मृतियों में कैद करने को बेताब दिखे. पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल देखा गया. फ्रांस के झंडे के रंग में आकर्षक रोशनी और आतिशबाजी की गई.*

भारतीय दल के दमदार प्रदर्शन पर चोपड़ा ने दी बधाई, कहा-

## आप सभी पर देश को गर्व है...

**नयी दिल्ली ।** स्टार भारतीय जैवलिन प्लेयर नीरज चोपड़ा ने सोमवार को पेरिस पैरालिंपिक में दमदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी. भारतीय दल ने पैरालंपिक में इतिहास रचा. भारत ने अपने ऐतिहासिक पेरिस पैरालिंपिक अभियान का समापन कुल 29 पदकों के साथ किया. एक पैरांलिपक में भारत 20 पदक भी कभी नहीं जीता था, लेकिन इस पर पदकों की संख्या 29 पहुंच गई. भारतीय एथलीटों ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक जीते. इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत के लिए ये सबसे ज्यादा पदक हैं.

भारत ने इससे पहले 19 पदक टोक्यो पैरालंपिक में जीते थे. 19 में से 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल थे. इस बार भारत ने तीनों ही पदकों की संख्या को बढ़ाया और नया कीर्तिमान रचा. इसी प्रदर्शन की तारीफ टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट और पेरिस ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने की. नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर भारतीय दल को बधाई देते हुए लिखा, 2024 पैरालिंपिक में टीम इंडिया का शानदार प्रदर्शन. हर प्रतिभागी और पूरे सहयोगी स्टाफ को



अपना सर्वश्रेष्ठ देने और 29 पदक लेकर घर लौटने के लिए बधाई! भारत को आप सभी पर गर्व है.

इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन की बदौलत भारत ने प्रतियोगिता के इतिहास में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार किया. 28 अगस्त से रविवार आठ सितंबर तक चले पैरालंपिक के 12 खेलों में भारत के 84 पैरा-एथलीटों ने तिरंगे का प्रतिनिधित्व किया. वहीं, टोक्यो 2020 में भारत ने सिर्फ 9 खेलों में हिस्सा लिया था. भारत ने पेरिस में नए खेलों मेंभी भाग लिया, जिनमें पैरासाइक्लिंग, पैरारोइंग और ब्लाइंड जूडो था. हालांकि, इनमें पदक भारत को नहीं मिले. पैरा-शूटर अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

## ब्रीफ खबरें

### एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की दूसरी जीत

**हुलुनबुइर (चीन)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है. सोमवार को हुलुनबुइर में गए मुकाबले में भारत ने जापान को 5-1 से हरा दिया. भारत की ओर से सुखजीत सिंह ने सबसे ज्यादा दो गोल (2 और 60वें मिनट) दागे.

### कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका

**मोकी (चीन)।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे दिन सोमवार को कोरिया और पाकिस्तान के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला. मैच के 60वें मिनट में कुछ सेकंड के अंतर पर तीन गोल हुए और कोरिया ने पाकिस्तान को 2-2 से ड्रॉ पर रोका.

### श्रीलंका ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराया

**लंदन।** श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को लंदन के केनिंग्टन ओवल में तीसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया है. इंग्लैंड ने इस मैच में पहली पारी में 325 रन बनाए थे. इसके जवाब में श्रीलंका ने 263 ही रन बनाए थे. यह दूसरी पारी थी, जिसने इस टेस्ट मैच का रुख बदल दिया.

फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया

## सिनर बने यूएस ओपन 2024 के चैंपियन

एजेंसी।न्यूयॉर्क

दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने यूएस ओपन 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रचा है. वे इटली के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने यूएस ओपन मेंस सिंगल्स टाइटल जीता है. जैनिक सिनर ने फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया और खिताबी जीत हासिल की. सिनर ने फ्रिट्ज के खिलाफ आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 6-3, 6-4 और 7-5 से हराया. सिनर का ये इस साल दूसरा ग्रैंड स्लैम था, क्योंकि उन्होंने 2024 में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता था. फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी वे पहुंचे थे.

सिनर ने फ्रिट्ज को हराकर खिताब जीतने के बाद जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठाईं और आर्थर ऐश स्टेडियम में जयकारे गूंज उठे. भले ही घरेलू प्रशंसकों को उम्मीद थी कि फ्रिट्ज 21 साल के अमेरिकी पुरुष ग्रैंड स्लैम सूखे को खत्म करेंगे, लेकिन सिनर ने ऐसा होने नहीं दिया. टूर्नामेंट की शुरुआत में सिनर विवादों में घिरे हुए थे, क्योंकि मार्च में एनाबॉलिक एजेंट के लिए उनका दो बार डोप टेस्ट पॉजिटिव आया था, लेकिन प्रतिबंध से बच गए थे, क्योंकि एक इंडिपेंडेंट ट्रिब्यूनल ने उनके दावे



को स्वीकार कर लिया कि उनका टेस्ट इसलिए पॉजिटिव आया है, क्योंकि ये अनजाने में किसी गंदगी के कारण हुआ है.

जैनिक ने खिताबी जीत के बाद कहा, हम बस दिन-प्रतिदिन आगे बढ़ते गए, अच्छे से अभ्यास करने की कोशिश की. छुट्टी के दिनों में भी खुद पर भरोसा किया जो सबसे महत्वपूर्ण है. मुझे समझ में आया, खासकर इस टूर्नामेंट में कि इस खेल में मानसिक हिस्सा कितना महत्वपूर्ण है. मैं इस अद्भुत क्षेत्र में इतने निष्पक्ष होने के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह बहुत खुशी की बात थी. आपको जानकर हैरानी होगी कि फाइनल समेत जैनिक ने इस टूर्नामेंट में अमेरिका के तीन खिलाड़ियों को हराया है. 12वीं सीड फ्रिट्ज भी खिताबी दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन जैनिक ने करिश्माई खेल दिखाया.

टीम इंडिया नजमुल हसन शांतो की टीम को हल्के में नहीं लेगी

## रिकॉर्ड में भारत अजेय, बांग्लादेश भी फॉर्म में

एजेंसी।नयी दिल्ली

आगामी 19 सितंबर से टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी. टीम इंडिया बीते एक महीने से ब्रेक पर है. इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की शुरुआत में सीरीज के बाद से टेस्ट मैच नहीं खेली है. उसे रेड बॉल क्रिकेट खेले हुए छह महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है. राहुल द्रविड़ की जगह गौतम गंभीर मुख्य कोच बन चुके हैं. इधर बांग्लादेश की टीम ने पाकिस्तान दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया. उसने न सिर्फ पाकिस्तान को पहली बार हराया बल्कि क्लीन स्वीप भी किया. भारतीय टीम अबतक टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ अजेय है, लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम नजमुल हसन शांतो की टीम को हल्के में नहीं लेगी. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट कोहली और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था.

भारत-बांग्लादेश के बीच पिछला टेस्ट सीरीजभारत-बांग्लादेश के बीच पिछला टेस्ट सीरीज 2022 के अंत में खेला गया था. भारतीय टीम 2-0 से वह टेस्ट सीरीज जीती थी, लेकिन दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने उसे कड़ी टक्कर दी थी. भारतीय टीम पहला टेस्ट आसानी से जीती थी. उसने बांग्लादेश को 188 रन से हराया था. दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम 3 विकेट से जीती थी. उसने 145 का टारगेट चेज करते हुए 7 विकेट गंवा दिए थे. शुभमन गिल, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली और ऋषभ पंत दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके थे.

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान का किया व्हाइटवॉश :** पाकिस्तान को बांग्लादेश ने व्हाइटवॉश किया है. बांग्लादेश की टीम बल्लेबाजी में गहराई काफी ज्यादा है. लिटन दास नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आते हैं. मेहदी हसन मिराज भी बल्लेबाजी कर सकते हैं. दोनों ने दूसरे टेस्ट में टीम को 26/6 से संभाला था.





### छह माह से टीम इंडिया रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेली है

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मार्च में टेस्ट सीरीज के बाद रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेली है. विराट कोहली और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों को तो टेस्ट खेले हुए इससे भी ज्यादा वक्त हो गया है. ऋषभ पंत 20 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे. वह सड़क दुर्घटना से पहले टेस्ट में भारतीय टीम के सबसे बड़े मैच विनर रहे हैं. दलीप ट्रॉफी के फर्स्ट राउंड में शुभमन गिल, ऋषभ पंत और केएल राहुल खेलते दिखे. गिल कुछ खास नहीं कर पाए. पंत और राहुल ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा.

### बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल.

### स्पिन है भारतीय टीम की कमजोरी

इंग्लैंड की टीम भारत दौरे पर शोएब बशीर, टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद के साथ आई थी. सभी टॉप 10 विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल थे. इसके अलावा जो रूट भी विकल्प थे. हार्टले और बशीर ने इसी सीरीज में डेब्यू किया था. उन्हें भारतीय परिस्थितियों का कुछ खास अंदाजा नहीं था. यहीं नहीं भारतीय टीम ने रणनीति में बदलाव भी किया. बीते कुछ समय में घरेलू सरजमीं पर टीम टर्निंग विकेट पर मैच खेलती थी. पहले सेशन से ही टर्न देखने को मिलता था. इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में ऐसा देखने को नहीं मिला. इंग्लैंड के मुकाबले बांग्लादेश के पास अच्छे स्पिनर हैं.

## चेन्नई में लगेगा टीम इंडिया का कैंप, बांग्लादेश को हराने का बनेगा प्लान

एजेंसी।नयी दिल्ली

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया के ऐलान के बाद अब बारी है, तैयारियों की, जिसके लिए मिल रही जानकारी के मुताबिक 12 सितंबर से चेन्नई में कैंप लगने वाला है. मतलब ये कि इसी दिन से हेड कोच गौतम गंभीर भी अगली सीरीज को अंजाम देने के काम पर लग जाएंगे. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस कैंप में बांग्लादेश से लोहा लेने के लिए चुने गए सारे खिलाड़ी चेन्नई में जुटेंगे. विराट कोहली के भी उस दिन तक लंदन से चेन्नई पहुंचने की खबर है. घरेलू जमीन पर हेड कोच गंभीर की पहली सीरीज

हेड कोच गौतम गंभीर का वैसे तो ये तीसरा असाइनमेंट होगा. लेकिन, घरेलू जमीन पर उनके हेड कोच बनने के बाद ये पहली सीरीज होगी. जाहिर है घर में गंभीर अपना विजयी आगाज चाहेंगे और इसके लिए वो ना सिर्फ टीम की तैयारियों को दुरुस्त करेंगे बल्कि परफेक्ट प्लान भी बनाने में जुटेंगे. भले ही बांग्लादेश ने अब तक भारत के खिलाफ कोई भी टेस्ट मैच नहीं जीता है. लेकिन, इसके बावजूद गंभीर उसे हल्के में नहीं लेंगे. ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश, पाकिस्तान को उसके घर में टेस्ट सीरीज हराकर भारत आ रही है.



### 5 दिन के कैंप में इन पर होगा फोकस

रिपोर्ट्स के मुताबिक चेन्नई में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया का कैंप 5 दिन चलेगा. उसके बाद टेस्ट मैच की शुरुआत हो जाएगी. कैंप में भारतीय टीम का मकसद अपनी तैयारियों को परखना और कमजोरियों को दुरुस्त करने का होगा. इसके अलावा लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहने के बाद मैदान पर उतर रहे खिलाड़ी आपस की बॉन्डिंग और ट्यूनिंग को भी मजबूत करना चाहेंगे.

## कानपुर टेस्ट के लिए सिर्फ 18 हजार टिकट की होगी बिक्री

**कानपुर ।** 27 सितंबर से शुरू होने वाले भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच की तैयारियां तेजी से चल रही है. फिलहाल, 18,300 सीटों के लिए टिकट छापने का निर्णय लिया गया है और टिकट छपाई की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सी गैलरी और ई पब्लिक गैलरी को जर्जर मानते हुए इन हिस्सों को दर्शक क्षमता में शामिल नहीं किया है. आगे चलकर दर्शकों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया जाएगा. भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेला जाएगा. मैच की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं. बाद में दर्शक क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकता है, जिसके बारे में आगे विचार किया जाएगा. टिकट बिक्री जल्द शुरू होगी. ग्रीन पार्क स्टेडियम की कुल दर्शक क्षमता 42,000 है, लेकिन सी गैलरी और ई पब्लिक गैलरी की हालत खराब होने के कारण फिलहाल इन्हें टिकट बिक्री में शामिल नहीं किया गया है.

एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते सात खिताब

## दीपाली थापा बनीं पहली एशियाई स्कूली चैंपियन छात्रा

एजेंसी। अल ऐन (यूएई)

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब जीते. युवा मुक्केबाज दीपाली थापा ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डाबेक को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंको पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया. इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं. अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं. दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की. वहीं, निश्चल शर्मा ने यूक्रेन की मारिया मत्सिउरा पर रणनीतिक जीत के साथ 37 किग्रा वर्ग में भारत की तालिका में इजाफा किया. राखी ने 43 किग्रा वर्ग में यूक्रेन की वेरोनिका होलब को हराकर भारत को चौथी जीत दिलाई.



